सूर्योदय 7:7 सूर्यास्त 6:03
आज का तापमान
शिमला 7.5 न्यू 17.6 अधि
धर्मशाला 5.0 न्यू 17.9 अधि
बाजार
सेंसेक्स 78583.81
निफ्टी 23739.25
सोना 85,200 चांदी 97,251

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सूर्यकुमार भी उतरेंगे रणजी ट्रॉफी में
पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 5 फरवरी 2025 | 23 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 38, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स


### अब गुजरात में भी यूसीसी होगा लागू, कमेटी बनाई

**देहरादून।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूसीसी लागू हो सकता है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने और कानून बनाने के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की। समिति सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में काम करेगी। समिति 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर सरकार निर्णय लेगी। सीएम ने कहा कि यूसीसी की आवश्यकता का आकलन और इसका मसौदा विधेयक तैयार करने के लिए, हमने उच्चतम न्यायालय की एक सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति के नेतृत्व में एक समिति बनाने का फैसला लिया है।

### महाराष्ट्र के सरकारी दफ्तरों में मराठी अनिवार्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने गवर्नमेंट और सेमी गवर्नमेंट ऑफिसों में हर तरह के संवाद के लिए मराठी को अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक, सभी नगरीय निकायों, सरकारी निगमों और सहायता प्राप्त संस्थानों में भी मराठी का इस्तेमाल जरूरी होगा। यह नियम पूरे राज्य में निर्देश बोर्ड और डॉक्यूमेंटेशन पर भी लागू किया है। राज्य के योजना विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर दी है। इसमें कहा है कि अगर कोई अधिकारी इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### इंडोनेशिया में भूकंप से डोली धरती, 6.1 तीव्रता



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु प्रांत में मंगलवार सुबह 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र उत्तरी हल्माहेरा रीजेंसी में दोई द्वीप से 86 किलोमीटर उत्तर पूर्व में समुद्र तल से 105 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई, क्योंकि भूकंप से बड़ी लहरें उठने की आशंका नहीं थी।

### सांसद संजय की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 'आप' सांसद संजय सिंह की जमानत शर्तों में संशोधन और राजनयिक पासपोर्ट जारी करने की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। ईडी ने याचिका का विरोध किया। एजेंसी ने कहा कि पिछले आचरण को देखते हुए, आरोपी किसी विशेष व्यवहार का हकदार नहीं है। कोर्ट 18 फरवरी को अपना फैसला सुनाएगा।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- दरबोड़ के पास कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा -पेज 2
- पंचायत उपप्रधान पर हुए हमले को लेकर भराड़ी थाने का घेराव -पेज 3
- फिंगर मिलेट और गेहूं के आटे से बनाए कुकीज -पेज 9
- अब चीन ने अमेरिका के उत्पादों पर लगाया 15 फीसदी टैरिफ -पेज 13
- सोलन ने बिलासपुर को 121 रन से हराया -पेज 14

# कुछ लोग अर्बन नक्सल की खुलेआम बोल रहे भाषा : मोदी

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। 1.35 घंटे की स्पीच में उन्होंने नाम लिए बिना गांधी परिवार, केजरीवाल और विपक्ष के नेताओं के आरोपों के जवाब दिए। पीएम ने कहा कि कुछ लोग जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। कोई बताए देश में कभी किसी एससी/एसटी परिवार के तीन सांसद एक समय में हुए हैं। गांधी परिवार से इस समय तीन सांसद हैं।

राहुल और प्रियंका लोकसभा में और सोनिया गांधी राज्यसभा में सांसद हैं। पीएम ने गरीबों की झोपड़ी में फोटो सेशन कराने वालों को गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। राहुल गांधी ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रपति का भाषण बोरिंग था। मोदी ने केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा कि हमने भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर देश को बनाया, इस पैसे से शीश महल नहीं बनवाया। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ लोग अर्बन नक्सल की भाषा खुलेआम बोल रहे हैं। यह अर्बन नक्सल की भाषा बोलने वाले, इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई की घोषणा करने वाले, न संविधान को समझ सकते हैं और न देश की एकता को समझ सकते हैं। सात दशक तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को संविधान के अधिकारों से वंचित रखा गया। अनुच्छेद-370 खत्म करने के बाद उन्हें यह अधिकार मिल रहा है, जो लोग संविधान को जेब में लेकर जीते हैं, उन्हें पता नहीं है कि आपने मुस्लिम महिलाओं को कैसी मुसीबतों में जीने के लिए मजबूर कर दिया था। हमने ट्रिपल तलाक का खात्मा करके संविधान की भावना के अनुरूप मुस्लिम बेटियों को हक देने का काम किया है, समानता का अधिकार दिया है।



### बुखार चढ़ता है तो कुछ लोग ज्यादा बोलते हैं

**पीएम** ने भाषण में भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि उनकी सरकार ने 40 लाख करोड़ रुपए सीधे लोगों के खाते में पहुंचाया है। विपक्ष की तरफ से हो रहे शोर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी नाराज नजर आए और विपक्षी सांसदों को रोकने की कोशिश करते हुए दिखे। इसी दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जब लोगों को बुखार चढ़ जाता है, तो वे ज्यादा बोलते हैं। लोग हताशा और निराशा में भी ज्यादा बोलते हैं। मोदी ने राहुल को सुझाव दिया कि वह 'जेएफके फोर्गोटेन क्राइसिस: तिबत', 'द सीआईए एंड द सिनो-इंडियन वॉर' किताबों को पढ़ें। कुछ लोग विदेश नीति पर ऐसे ही बोल देते हैं, चाहे उन्हें इसके बारे में गहरी जानकारी न हो और चाहे इससे देश को कुछ भी नुकसान हो।

### हमने लंबे विजन के साथ काम किया है

**मोदी** ने कहा कि संविधान भेदभाव का अधिकार नहीं देता, जो संविधान को जेब में लेकर घूमते हैं, उन्होंने मुस्लिम बेटियों को कैसी स्थिति में जीने को मजबूर कर दिया था। हमने उन बेटियों को समानता का अधिकार दिया। जब भी देश में एनडीए की सरकार रही, हमने लंबे विजन के साथ काम किया है। पता नहीं देश बांटने के लिए कैसी भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन हमारी सोच कैसी है। एनडीए के साथी किस दिशा में सोचते हैं। हमारे लिए जो आखिरी हैं, मंत्रालयों की रचना करते हैं पूर्वोत्तर के लिए अलग मंत्रालय बनाते हैं, आदिवासी मंत्रालय बनाया, फिशरीज के लिए अलग मंत्रालय बनाया।

# जयराम के अड़ियल रवैये से बैठक में नहीं आए भाजपा विधायक: सुक्खू

## कहा- पूर्व में नए संस्थान खोलने पर दिया जोर, सुविधाएं नहीं जुटाई



शिमला और मंडी जिले के विधायकों के साथ प्राथमिकताओं पर चर्चा करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को विधायक प्राथमिकता बैठकों के दूसरे दिन के पहले सत्र में शिमला और मंडी जिले के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

सीएम सुक्खू ने कहा कि भाजपा के 50 फीसदी विधायकों ने मुझसे संपर्क किया और कहा कि वे (विधायक प्राथमिकता बैठक के लिए) आना चाहते हैं और उन्होंने जयराम ठाकुर से भी कहा कि उन्हें आना चाहिए, अधिकारियों के सामने अपनी बात रखनी चाहिए। मुझे लगता है कि जयराम ठाकुर के अड़ियल रवैये के कारण विधायकों ने बैठक का बहिष्कार किया और शामिल नहीं हुए। वे अब अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मुद्दे नहीं उठा पाएंगे। मुख्यमंत्री ने विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि विधायक भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सुझाव दें, ताकि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। विधायकों के सुझावों को बजट में प्राथमिकता दी जाएगी। विधायकों को जनता चुनकर भेजती है, इसलिए वह जन समस्याओं से वाकिफ होते हैं।

**सरकार का शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में विशेष ध्यान**

सुक्खू ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में वर्तमान राज्य सरकार का विशेष ध्यान है। पिछले दो साल में इन दोनों क्षेत्रों में सुधार के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं और आने वाले समय में और बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए पूर्व सरकार ने नए संस्थान खोलने पर जोर दिया, लेकिन संस्थानों में सुविधाएं जुटाने और उन्हें मजबूत बनाने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण आज सुविधाओं का स्तर गिरा है।

### गगरेट में बांस आधारित उद्योग स्थापित करने की संभावनाएं तलाशें

**सुक्खू** ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई तकनीक के इस्तेमाल के लिए प्रयास कर रही है। खाली पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि रोहड़ू-चिड़गांव सड़क की हालत में सुधार किया जाएगा। कुरपन पेयजल योजना को शुरू करने के लिए धन उपलब्ध करवाया जाएगा। जल शक्ति विभाग को इस योजना को 30 अप्रैल 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि और वन विभाग को गगरेट में बांस आधारित उद्योग स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

# हिमाचल के सेब आढ़ती से 1.56 करोड़ की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** के शिमला जिले के सेब आढ़ती के साथ 1.56 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कुमारसैन के ढली गांव के आढ़ती नरेंद्र कंवर ने धोखाधड़ी के आरोप तमिलनाडु के दो सेब खरीददारों पर लगाए हैं।

**तमिलनाडु के दो खरीददारों के खिलाफ करवाया मामला दर्ज**

पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कंवर ने शिकायत में बताया कि 2022-23 के दौरान तमिलनाडु के मल्लाची के दो व्यापारियों को 4.93 करोड़ रुपए का सेब दिया। इसमें से सवा तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की पेमेंट उन्हें मिल गई थी, मगर बाकी की पेमेंट देने से दोनों व्यापारी इनकार कर रहे हैं। कंवर के अनुसार, उन्होंने एमएचआर फ्रूट्स कंपनी पल्लाची के मालिक मोहर मंसूर और मोहर इशाक को सेब दिया था। दो साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी उन्हें पेमेंट नहीं दी जा रही। इससे उन्हें मजबूरन पुलिस में शिकायत करनी पड़ रही है।

# ऊना अस्तपाल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग मरीजों को दूसरे वार्ड में किया शिफ्ट

## दो कमरों में गर्भवती महिलाएं और प्रसूताएं शिशुओं के साथ थीं मौजूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**ऊना** जिले के क्षेत्रीय अस्पताल के मातृ शिशु (गायनी) वार्ड के बाहर मंगलवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि सभी मरीज, उनके तीमारदार और कर्मचारी सुरक्षित हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चिंगारियों के साथ लपटें उठने पर कुछ लोगों ने शोर मचा दिया और तुरंत सूचना अस्पताल के कर्मियों को दी। यह आग गायनी डिपार्टमेंट के दो कमरों के बीच बने गलियारे में स्थापित बिजली के कंट्रोल पैनल में शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी। आग लगते ही अस्पताल के इस वार्ड परिसर में धुआं फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तैनात होमगार्ड जवानों और अस्पताल की स्टाफ नर्सों ने तत्परता दिखाते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालना शुरू कर दिया। घटना के समय अस्पताल के दोनों कमरों में तीन दर्जन से अधिक गर्भवती महिलाएं और प्रसूताएं अपने शिशुओं के साथ मौजूद थीं। आग लगने के तुरंत बाद मरीजों को हाईटेक इमरजेंसी के पीछे स्थित एक अन्य वार्ड में शिफ्ट किया गया। अस्पताल कर्मियों ने अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया। साथ ही, बिजली विभाग को सूचना देकर तत्काल शटडाउन किया गया और जले हुए उपकरणों को हटाया गया। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी, जिसे नियंत्रित कर लिया। सभी मरीज और उनके तीमारदार पूरी तरह सुरक्षित हैं और तुरंत उपकरणों को बदलने के निर्देश जारी किए हैं।

# बड़ौली केस : पीड़ित महिला ने कसौली कोर्ट में दायर की अर्जी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हरियाणा** भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और सिंगर रॉकी मित्तल पर गैंगरेप के आरोप लगाने वाली पीड़ित महिला ने हिमाचल के कसौली कोर्ट में एक अर्जी दायर की, जिसमें दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। महिला की अर्जी पर कसौली कोर्ट ने पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी।

**दोनों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग**

पुलिस ने कोर्ट को बताया कि 18 लोगों के बयान कलमबद्ध किए जा चुके हैं और इस मामले की जांच जारी है। पीड़ित महिला के एडवोकेट अमित शर्मा ने बताया कि पुलिस इस मामले में चालान पेश करने में देरी कर रही है। इसके जवाब में पुलिस ने कोर्ट को बताया कि 18 लोगों के बयान ले लिए हैं। जांच चल रही है, लेकिन अब तक चालान पेश नहीं किया। उन्होंने बताया कि कोर्ट में पीड़ित महिला और उसकी साथी गवाह महिला के भी बयान हो गए है। वहीं, एसपी सोलन गौरव ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी इस मामले में चार्जशीट दायर नहीं की गई।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव: 70 सीटों पर वोटिंग आज, सुरक्षा बढ़ाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में 70 विधानसभा सीटों पर पांच फरवरी को वोटिंग होगी। मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो जाएगा, जो शाम पांच बजे तक चलेगा। मतदान के नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

दिल्ली पुलिस ने मतदान को लेकर कड़े प्रबंध किए हैं और सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों में पहुंच गई हैं। इस बार आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी ने 2015 और 2020 में पिछले दो बार के विधानसभा चुनावों में दिल्ली में अपना दबदबा बना रखा था। आम आदमी से पहले, कांग्रेस ने 15 वर्षों तक दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया था। दिल्ली में 1.56 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं, जिनके लिए 13,766 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल मतदाताओं में से 83.76 लाख पुरुष, 72.36 लाख महिलाएं और 1,267 तीसरे लिंग के मतदाता हैं।

**1.56 करोड़ मतदाता करेंगे मत का प्रयोग**

### आतिशी के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सीएम आतिशी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि आतिशी समर्थकों के साथ थी तो अधिकारी को कथित रूप से उसका कर्तव्य पालन करने से रोका। दो सदस्यों ने कथित रूप से पुलिस कांस्टेबल पर हमला किया। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने ने आतिशी के खिलाफ दर्ज मानहानि का एक मामला खारिज किए जाने के विरुद्ध भाजपा नेता की याचिका पर मुख्यमंत्री को नोटिस जारी किया।

### सुप्रीम कोर्ट की असम सरकार को फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डिटेंशन सेंटर्स से जुड़े मामले की सुनवाई की। 63 विदेशी घोषित लोगों को उनके देश भेजने की जगह डिटेंशन सेंटर्स में रखने के लिए असम सरकार को फटकार लगाई। जस्टिस अभय एस ओक की पीठ ने सरकार से पूछा कि क्या आप इसके लिए किसी मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने कोर्ट में दावा किया कि इन लोगों का निर्वासन संभव नहीं था, क्योंकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे किस देश के रहने वाले हैं। कोर्ट ने 14 दिन में इन लोगों को वापस भेजने का निर्देश दिया।

**पूछा- 63 विदेशी अब तक डिटेंशन सेंटर में क्यों?**

# महाकुंभः भूटान नरेश ने योगी संग लगाई डुबकी



**एजेंसी, प्रयागराज**

**भूटान** नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र पहुंचे और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई।

वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी स्वतंत्र देव सिंह और नंद गोपाल ने भी संगम में डुबकी लगाई। वहीं, पीएम मोदी बुधवार को संगम में डुबकी लगाएंगे और गंगा आरती में शामिल होंगे।

# अमेरिका ने वापस भेजे 205 भारतीय

**अमृतसर।** अमेरिका में राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध तरीके से रह रहे लोगों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी के तहत अमेरिका से डिपोर्ट होकर आ रहे 205 भारतीय लोगों का विमान बुधवार सुबह श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट अमृतसर पर लैंड करेगा। जिला प्रशासन की ओर से इन सभी भारतीय को डिटेन किया जाएगा। एयरपोर्ट पर इनके दस्तावेज की जांच करने के बाद इन सभी को इनके घरों की तरफ रवाना कर दिया जाएगा। जानकारी मुताबिक अमेरिका आर्मी का एक जहाज सी-17 ने मंगलवार को अमेरिका के सैन एंटोनियो से अमृतसर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर चुका है।

**गजब** खुंब अनुसंधान निदेशालय को मिली सफलता, कैंसर जैसी घातक बीमारी की प्रतिरोधकता में सहायक

# लकड़ी के बुरादे में उगा दिया 'टर्की टेल' मशरूम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**सोलन** के चंबाघाट स्थित राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिकों ने कैंसर जैसी घातक बीमारी की प्रतिरोधकता में सहायक टर्की टेल मशरूम को लकड़ी के बुरादे में उगाने का सफल शोध किया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 20 हजार प्रति किलो बिकने वाली मशरूम को लकड़ी के बुरादे में उगाने से लागत घटेगी, जिससे आम व्यक्ति भी इसका उपयोग कर सकेगा। शोध में सामने आया है कि टर्की टेल नामक मशरूम स्तन, फेफड़े, प्रोस्टेट और कोलोरेक्टल कैंसर को रोकने में सहायक होती है। अभी तक यह मशरूम जापान और चीन में ही उगाई जाती थी। 'शिटाके' के बाद अब टर्की टेल मशरूम को तैयार करने में अनुसंधान निदेशालय ने सफलता हासिल की है। इस मशरूम में कई औषधीय गुण हैं। अब निदेशालय इस मशरूम को उगाने के लिए किसानों को बीज उपलब्ध करवाएगा। (अनंत ज्ञान)





**अभी तक जापान और चीन में ही उगाई जाती थी मशरूम**

### दो साल बाद मिली कामयाबी : डॉ. सतीश

**संस्थान** के वैज्ञानिक डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि पहले टर्की टेल मशरूम को उगाने के गेहूं के भूसे से बनी खाद का प्रयोग किया था, लेकिन खुंब अनुसंधान निदेशालय कैंसर प्रतिरोधकता में सहायक टर्की टेल मशरूम को लकड़ी के बुरादे में उगाने का सफल प्रशिक्षण किया है। इसके शोध कार्य में दो वर्ष का समय लगा। लकड़ी के बुरादे में मशरूम उत्पादन चार गुना अधिक हुआ है। इसके चार फ्लैश आए हैं। पहला फ्लैश 35 से 40 दिनों में आया है। शोध में पाया कि यह औषधीय मशरूम है। इसमें एंटी बैक्टीरियल के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट भी हैं। इसके सेवन से कैंसर रोगी को कीमोथैरेपी के कारण होने वाली कमजोरी से निजात मिलेगी। अभी तक यह मशरूम जंगलों में प्राकृतिक रूप से पेड़ों के ठूंठ पर उगती थी।



**संस्थान** लगातार मशरूम के शोध कार्य को आगे बढ़ा रहा है। टर्की टेल नामक मशरूम पहले चीन और जापान में उगाई जा रही थी। संस्थान ने दो वर्ष के शोध के बाद लकड़ी के बुरादे में उगाने की सफलता हासिल की है। मशरूम को उगाने के गेहूं के भूसे से बनी खाद का प्रयोग किया था। इस मशरूम में कई औषधीय गुण हैं। खासतौर पर जिन मरीजों की कैंसर में कीमोथैरेपी चल रही है, वह इसके सेवन से जल्दी स्वस्थ होंगे। **-डॉ. वीपी शर्मा, निदेशक, खुंब अनुसंधान एवं निदेशालय।**

# हिमाचल में मौसम ने बदली करवट, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानों में बारिश

**कमलेश वर्मा, केलांग**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। प्रदेश के ऊंचे इलाकों में जहां बर्फबारी हो रही है, तो वहीं निचले इलाके बारिश से भिगो गए। इससे प्रदेशभर में ठंड बढ़ गई है और शीतलहर लोगों को परेशान कर रही है। लाहौल-स्पीति में ऊंचाई सहित निचले क्षेत्रों में सुबह से बर्फबारी का दौर जारी है। कुल्लू जिले के ऊंचाई क्षेत्रों में भी बर्फ के फाहे गिरे हैं।

हालांकि, मौसम विभाग ने 6 और 7 फरवरी को मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। इसके साथ ही आठ और 9 फरवरी को राज्य के पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। (अनंत ज्ञान)



### स्पीति उपमंडल में दो इंच बर्फबारी

**स्पीति** उपमंडल में भी दो इंच बर्फबारी हुई है, जबकि लाहौल में भी बर्फ के फाहे गिरे। रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। वहीं, स्पीति घाटी में लोसर से लेकर समदो तक दो से तीन इंच बर्फबारी हुई है। अटल टनल के दोनों छोर में भी बर्फबारी हुई है। रोहतांग सहित हनुमान टिब्बा, मकरवेद व शिकर वेद, इंद्र किला, चंद्रखणी, हामटा धुंधी, भृगु व दशहोर की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे।

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स संघ नादौन की बैठक 7 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ, नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक 7 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगु) की अध्यक्षता में कांगू में आयोजित होगी। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की जाएगी। पेंशनरों के व्यक्तिगत मामलों के निपटान वारे विचार-विमर्श अपेक्षित रहेगा। इसके अलावा पेंशनरों को केंद्रीय बजट में आयकर पर विशेष छूट के संबंध में जानकारी दी जाएगी। अतः नादौन खंड कार्यकारिणी के समस्त पेंशनरों एवं पदाधिकारियों से अनुरोध है कि नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक एवं सम्मान कार्यक्रम में अवश्य अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खुशी-अलीशा प्रथम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला स्तरीय मॉडल मेकिंग स्किल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला हमीरपुर की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया है। पर्यटन विभाग की ओर से राज पैलेस हमीरपुर में मॉडल मेकिंग स्किल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गर्ल्स स्कूल हमीरपुर की अलीशा और खुशी ने बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत करके प्रथम स्थान हासिल किया खुशी और अलीशा ने इसका श्रेय प्रधानाचार्य पूनम चौहान तथा अध्यापक करण जम्वाल को दिया।

### बिजली के बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले गांव सलासी, झनियारी, खग्गल, दड़ूही, कुठेड़ा, नाल्टी, बाड़ी, फरनोल, मसियाणा, डुढाणा, ब्राहलड़ी, धनेड़ और आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 8 फरवरी तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 8 फरवरी से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

वहीं, विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 10 फरवरी तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 10 फरवरी तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### हिमाचल में अपने हल के लिए तरस रहे लोग : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और अपनों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जनता के हक को लूटकर अपने चहेतों की जेब भरने में जुटी है। राजेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कर्ज के दलदल में बुरी तरह धंस चुका है और मुख्यमंत्री व उनके करीबी अपने ऐशो-आराम पर बेहिसाब खर्च कर रहे हैं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को संभालने के बजाए मुख्यमंत्री सुक्खू ने इसे पतन की गर्त में धकेल दिया है। सरकारी खजाना अपने दोस्तों, सलाहकारों और ओएसडी की फौज पर लुटाया जा रहा है, जबकि आम जनता, कर्मचारी और पेंशनर अपने हक के लिए तरस रहे हैं।

### छात्रों और शिक्षकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राचार्य सुनील चौहान ने इस अभियान का झंडा दिखाकर शुभारंभ किया जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई की गई, साथ ही विद्यालय परिसर से लेकर हीरा नगर तक मुख्य मार्ग पर भी सभी छात्रों एवं शिक्षकों के सहयोग से अभियान चलाया गया। छात्रों ने यात्री विश्राम गृह नडियाना सड़ियाना और मुख्य मार्ग की भी साफ सफाई की। विद्यार्थी इस अभियान को लेकर काफी उत्साहित नजर आए और सभी के सहयोग से यह अभियान सफल रहा। इस स्वच्छता अभियान के संयोजक शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार रहे। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील चौहान ने कहा कि इस अभियान से विद्यार्थी स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे। स्वच्छता से हम कई प्रकार की बीमारियों से निरोग रह सकते हैं।

### नशे के खात्मे के लिए सभी करें सहयोग : भगत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत बलोह और जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च पाठशाला बलोह में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसपी भगत सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों, क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी एवं आशा वर्कर्स और अन्य स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि नशे जैसी अत्यंत गंभीर समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी बड़ी तेजी से नशे के जाल में फंस रही है। इससे कई परिवार पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। एसपी ने बताया कि जिला हमीरपुर में पुलिस ने नशे के उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया है तथा नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। इस नंबर पर सूचना मिलते ही पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है तथा सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाता है। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान लता देवी और राजकीय उच्च पाठशाला बलोह के मुख्याध्यापक दलजीत सिंह चौहान ने एसपी का आभार व्यक्त किया तथा उनके द्वारा शुरू किए गए नशा विरोधी अभियान की सराहना की।

# पेयजल आपूर्ति की सही व्यवस्था के लिए भोरंज विस क्षेत्र को चार सेक्टरों में बांटा

## गर्मियों में न हो पानी की समस्या, अधिकारियों को दिए व्यवस्था करने के निर्देश : सुरेश कुमार

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में चल रहे जलशक्ति विभाग की चार पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य और पानी के वितरण की व्यवस्था को लेकर जलशक्ति विभाग के अधिकारियों की बैठक भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने भोरंज में ली और पानी की आपूर्ति की सही व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक ने पट्टा लदरौर क्षेत्र के लिए गोबिंदसागर लठियाणी से बन रही पेयजल योजना, सचूही पेयजल योजना, भोरंज के 24 घंटे के लिए बन रही पेयजल योजनाओं के बारे में अधिकारियों से रिपोर्ट ली। इसके अलावा भोरंज विधानसभा क्षेत्र के जाहू, बड़ैहर, मुंडखर, चंबोह, अमरोह व कंज्याण को सुबह-शाम दो समय पानी की सप्लाई देने के कार्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस बार कम बारिश की बजह से पेयजल स्रोतों में पानी कम होने की संभावना बनी है, इसलिए लोगों को गर्मी के मौसम में पानी की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र को चार सेक्टरों भोरंज, पट्टा, भरेड़ी व कंज्याण में बांटा गया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि समय रहते पानी की समस्या को दूर करने के लिए उपाय करें। उन्होंने मेवा-बमसन प्रोजेक्ट के मेन लाइन की समस्या को दूर करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि जहां भी पानी की पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हुई है, उसे तुरंत ठीक करके लोगों की पेयजल समस्या दूर करें। उन्होंने कहा विस्तारीकरण वाली सड़कें बरसात के मौसम में खराब नहीं होनी चाहिए। बैठक में जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 15 को फिर होगी भोरंज में बैठक

विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि जलशक्ति विभाग, बिजली व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक 15 फरवरी को दोबारा होगी। इस बैठक में निर्धारित किए गए कार्यों की रिपोर्ट ली जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की देरी सहन नहीं होगी। इसके लिए अधिकारियों से समाज सेवक बन कर फील्ड में कार्य करना होगा।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने ग्वालियर पहुंची हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को ग्वालियर पहुंची हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का बड़ी गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। इसके सदस्य जैसे ही ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, वहां एनसीसी अधिकारी अनिल ठाकुर और उनके छात्र-छात्राओं ने गर्मजोशी से टीम का स्वागत किया। अनिल ठाकुर और उनकी टीम ने खिलाड़ियों को फूल-मालाएं पहनाई और मिठाई वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। टीम के संयोजक राजन कुमार ने इस आत्मीय स्वागत के लिए अनिल ठाकुर एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान खिलाड़ियों के मनोबल को और ऊंचा उठाएगा तथा उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे और उन्होंने खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना की। हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम आगामी दिनों में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ग्वालियर पहुंची है।

# अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर भ्रूण के लिंग परीक्षण रोकने के लिए कड़ी नजर : डॉ. चौधरी



जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

गर्भावस्था के दौरान भ्रूण के लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने के लिए बनाए गए पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट-1994 के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के विभिन्न सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट-1994 की अक्षरशः अनुपालना के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं तथा सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के इन प्रयासों से जिले में हाल ही के वर्षों में कन्या भ्रूण हत्या का कोई भी संदिग्ध मामला सामने नहीं आया है और जिले के लिंगानुपात में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। जिले में निजी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित करने या पुरानी मशीन की जगह नई मशीन स्थापित करने के आवेदनों पर भी बैठक में चर्चा की गई।

**बोले-पिछले कुछ वर्षों में नहीं आया कोई कन्या भ्रूण हत्या का मामला**

बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बड़सर के बीएमओ डॉ. विक्रम कटोच, समिति के सदस्य डॉ. अनिल कुमार, डॉ. पूनम और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# धंगोटा गांव में एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में 108 नेशनल एंबुलेंस सेवा एक बार फिर वरदान साबित हुई है। मंगलवार सुबह 5.54 बजे धंगोटा से 108 एंबुलेंस सेवा को बड़सर उपमंडल के धंगोटा गांव की गर्भवती महिला की तबीयत खराब होने की सूचना मिली।



एंबुलेंस तुरंत रवाना हुई और महिला को अस्पताल ले जाने लगी, लेकिन रास्ते में ही महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ गई। इस पर एंबुलेंस में मौजूद ईएमटी सुशील स्याल और कैप्टन राकेश कुमार ने तुरंत डॉक्टरों से संपर्क किया और एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराने का निर्णय लिया। सुबह 7:30 बजे अमृती देवी (25), पत्नी दीपक कुमार ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया।

### 108 एंबुलेंस सेवा बनी जीवन रक्षक

108 एंबुलेंस सेवा के जिला समन्वयक सुरेश ठाकुर ने बताया कि हमारी टीम ने पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ यह सफल डिलीवरी कराई। स्टाफ की सूझबूझ से जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। 108 सेवा जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध है और हमारी प्राथमिकता मरीजों को समय पर और सुरक्षित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। 108 एंबुलेंस सेवा अपनी बेहतरीन सेवाओं से प्रदेशवासियों, खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए एक जीवन रक्षक प्रणाली बन चुकी है।

# दरबोड़ के पास कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

गलोड़ से जिला मुख्यालय हमीरपुर को जाने वाली सड़क जो कि बुधवीं चौक से मात्र 400 मीटर दरबोड़ के पास तीखे मोड़ पर पैरापिट न होने से खतरा बना हुआ है। ज्ञात रहे कि जब सड़क का विस्तारीकरण हुआ था, तो भी इस प्वाइंट को चौड़ा नहीं किया गया और न ही कोई डंगा लगाया गया।

इस मोड़ पर नाले की ओर कोई पैरापिट नहीं लगा है, जिसके चलते दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। तीखा मोड़ होने की वजह से तेज गति के वाहन चालक हादसों को न्योता दे रहे हैं। आए दिन वाहन चालक दुर्घटना से बाल-बाल बच रहे हैं यदि समय रहते पैरापिट नहीं लगाया गया तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि यहां कोई भी हादसा होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की होगी।

**लोगों ने की पैरापिट लगाने की मांग**

उधर, लोक निर्माण विभाग हमीरपुर सहायक अभियंता संजय कटोच ने बताया कि अब मामला ध्यान में आ गया है। जल्द ही पैरापिट लगा दिया जाएगा।

# सनेड़ गांव के सुरेंद्र को भायी फिलीपींस की मरियन, रचाई शादी



**अनंत ज्ञान, भोटा।** ऊखली पंचायत के सनेड़ गांव के सुरेंद्र ने फिलीपींस की मरियन से हिंदू रीति-रिवाज से टाउन भराड़ी कुलदेवी माता मंदिर में मंगलवार को शादी कर ली। सनेड़ गांव के सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मरियन के साथ दुबई में कंपनी में काम करते हैं, जहां उनका ऑफिस का साथ अब उम्र भर का साथ शादी बंधकर बन गया है। सुरेंद्र ने बताया कि मरियन फिलिपींस की रहने वाली है। उन्होंने मरियन से हिंदू रीतिरिवाज से टाउन भराड़ी माता मंदिर कुलदेवी में आज शादी कर ली और घर में धाम का आयोजन किया है। घर में खुशी का माहौल बना हुआ है।

## राज्यपाल नशा विरोधी कार्यक्रम के होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बुधवार को तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, जिला प्रशासन और गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज हमीरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज के ओपन एयर थियेटर में सुबह 11:30 बजे आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम से पहले राज्यपाल सुबह 10:30 बजे सर्किट हाउस परिसर से एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मुख्यातिथि के रूप में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान करेंगे, जबकि हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के पूर्व संयोजक एवं सलाहकार ओम प्रकाश शर्मा और एसपी भगत सिंह ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन करेंगे। राज्यपाल नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करके विभिन्न सुविधाओं का जायजा भी लेंगे।

# नादौन शहर को 24 घंटे पानी उपलब्ध करवाने बारे किया मंथन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**नगर परिषद नादौन की बैठक नप अध्यक्ष शम्मी की अध्यक्षता में संपन्न**

नगर परिषद नादौन की बैठक नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी की अध्यक्षता में हुई जिसमें शहर में ट्रैफिक मैनेजमेंट व शहर को 24 घंटे पानी उपलब्ध करवाने वाली योजना बारे विस्तार से चर्चा की गई। नगर परिषद अध्यक्ष ने अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश जारी किए ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में एसएचओ इंस्पेक्टर निर्मल सिंह, यातायात प्रभारी सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार, जल शक्ति विभाग के एसडीओ अमित चौधरी, नगर परिषद सचिव रमन शर्मा के अलावा पार्षद योगराज मैहरा, पार्षद संदीप जैन, पार्षद सुमन कुमारी भी उपस्थित रहीं। बैठक में नादौन शहर में बस स्टैंड, ज्वालामुखी रोड, हमीरपुर रोड व होशियारपुर रोड में नेशनल हाईवे पर खड़े रहने बेतरतीब वाहन सड़क के किनारे खड़े रहने से दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। इस बारे एसएचओ निर्मल सिंह ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मिनी सचिवालय नादौन के बाहर पैदल चलने हेतु बने रास्ते पर वाहन खड़े रहते हैं, को रोकने के लिए लोहे के एंगल आदि लगाए जाएंगे।

बैठक में शहर वासियों के लिए 24 घंटे पेयजल उपलब्ध करवाने वाली योजना का कार्य प्रगति पर है लेकिन गई जगह पाइपलाइन को बिछाई के लिए गलियों को उखाड़ तो दिया है लेकिन पाइपलाइन नहीं डाली गई है और न ही उखाड़ी गई गलियों को ठीक किया गया है। इस बारे जलशक्ति विभाग के एसडीओ अमित कुमार चौधरी ने बताया कि पहले उखाड़ी गई गलियों की रिपेयर की जाएगी, के बाद ही और गलियों को उखाड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि कार्य से पहले नगर परिषद को इसकी सूचना दी जाएगी।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का केंद्र बना हमीरपुर पुस्तकालय

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

इंदिरा गांधी राजकीय पुस्तकालय हमीरपुर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए एक प्रमुख अध्ययन केंद्र बन गया है। मात्र 209 रुपए की पंजीकरण शुल्क पर यहां 2300 से अधिक छात्र आईएएस, आईपीएस, एचएएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। पुस्तकालय में 38,000 किताबें, 13 समाचार पत्र, 13 पत्रिकाएं और 5 अंग्रेजी अखबार उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को व्यापक अध्ययन सामग्री मिल रही है।

हालांकि पुस्तकालय में वाई-फाई सेवा के पिछले पांच महीनों से बंद होने और सफाई कर्मचारियों की कमी जैसी कुछ चुनौतियां भी बनी हुई हैं। इन समस्याओं के बावजूद, यहां का स्टाफ पूरी निष्ठा से पुस्तकालय का संचालन कर रहा है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो रही है। हमीरपुर जिला पुस्तकालय अपनी पांच मंजिला इमारत में 350 छात्रों को एक साथ बैठकर अध्ययन करने की सुविधा प्रदान करता है। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था, लिफ्ट सुविधा, हर मंजिल पर टॉयलेट और वॉशरूम जैसी सुविधाएं इसे एक आदर्श अध्ययन केंद्र बनाती हैं, लेकिन चौकीदार और सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण स्वच्छता बनाए रखना एक चुनौती बन गया है। सबसे बड़ी समस्या वाई-फाई सुविधा का बंद होना है, जिससे डिजिटल लर्निंग और ऑनलाइन स्टडी मटीरियल एक्सेस करने में कठिनाई हो रही है।

### छात्रों की मांग, वाई-फाई सेवा जल्द बहाल हो

अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर पुस्तकालय में वाई-फाई सेवा जल्द से जल्द शुरू हो जाए, तो उनकी ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक पहुंच और आसान हो जाएगी। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में और अधिक मदद मिलेगी।

### पद रिक्त होने से स्टाफ कर रहा अतिरिक्त काम

हमीरपुर जिला पुस्तकालय में वर्तमान में स्थायी पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है। हालांकि सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष कश्मीर चंद, उनके सहयोगी सपना कुमारी और विजय सिंह पूरी निष्ठा से पुस्तकालय का संचालन कर रहे हैं, लेकिन इतने बड़े संस्थान के लिए एक पूर्णकालिक पुस्तकालयाध्यक्ष की नियुक्ति आवश्यक है, जिससे पुस्तकालय का प्रबंधन और अधिक प्रभावी हो सके।

**हमीरपुर जिला पुस्तकालय में सुविधाओं में सुधार की जरूरत**

हालांकि पुस्तकालय में कार्यालय के लिए बीएसएनएल का नेट कनेक्शन है, लेकिन छात्रों के लिए यह पर्याप्त नहीं है। अगर प्रशासन इन मुद्दों को हल कर दे, तो यह पुस्तकालय हिमाचल प्रदेश के सबसे बेहतरीन अध्ययन केंद्रों में शामिल हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

**सिलेक्शन**

## एचपीयू में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई का किया गठन

# ठाकुर भवानी अध्यक्ष और आकांक्षा बनी इकाई सचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल तकनीकी यूनिवर्सिटी परिसर हमीरपुर में एबीवीपी की कैंपस इकाई का गठन किया गया, जिसमें मुकम्मल तौर पर कार्यकारिणी भी घोषित कर दी गई। इसमें ठाकुर भवानी सिंह को इकाई का अध्यक्ष चुना गया है, जबकि आकांक्षा शर्मा को सचिव बनाया गया है।

इस नवकार्यकारिणी गठन समारोह के चुनाव अधिकारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितिन पटियाल तथा हमीरपुर जिले के जिला संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व इकाई अध्यक्ष द्वारा पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया जाता है तथा चुनाव अधिकारी द्वारा नव कार्यकारिणी की घोषणा की जाती है। ठाकुर भवानी सिंह को इकाई अध्यक्ष व इकाई सचिव आकांक्षा शर्मा को चुने के बाद अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारी में उपाध्यक्ष विशाल शर्मा, रजत रघुवंशी, जतिन, रोहित ठाकुर, अंकित ठाकुर सह-सचिव शुभम चौहान, यश, सिद्धांत, अक्षय ठाकुर, एसएफडी स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट संयोजक वंश सह-संयोजक नितिन धीमान, एसएफएस स्टूडेंट फॉर सेवा संयोजक दीपांशु डोगरा, सह संयोजक विक्रांत सोशल मीडिया संयोजक आर्यन जसवाल, सह प्रमुख अंशुल और अंश, रक्तदान संयोजक शेवी, खेलो भारत संयोजक बादल गोस्वामी सह संयोजक प्रिंस जामवाल, विभाग प्रमुख कुणाल, छात्रा प्रमुख ईशा और सह प्रमुख आशना और प्रशांसा को चुना गया।



हिमाचल तकनीकी यूनिवर्सिटी परिसर हमीरपुर में नवगठित कार्यकारिणी

इकाई अध्यक्ष ठाकुर भवानी सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा हम सभी पर जो विश्वास जताया गया है, हम हमेशा संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

# चंबा में औषधीय एवं सुगंधित खेती की अपार संभावनाएं : शर्मा

**अनंत ज्ञान, रंगस**

औद्योनिकी एवं बानिकी कॉलेज नेरी के वन उत्पाद विभाग द्वारा चंबा जिले के किसानों को उद्यान विभाग चंबा द्वारा प्रायोजित सात दिवसीय औषधीय एवं सुगंधित पौधों पर प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के डीन डॉ. धर्मपाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

डॉ. शर्मा ने किसानों को अपनी खेती को फसल विविधीकरण की पद्धति द्वारा करने की सलाह दी। डॉ. शर्मा ने बताया कि चंबा जिले में गुठलीदार फलों की बागवानी के साथ-साथ औषधीय एवं सुगंधित खेती की भी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को किसानी के रूप में कुशल निपुण होना बहुत आवश्यक है ताकि वह आज सोशल मीडिया पर गैर तकनीकी लोगों द्वारा ज्ञान बांटने के भ्रामक प्रकोप से बच सकें।

उन्होंने किसानों को ऑफ सीजन सब्जी उत्पादन करने की सलाह दी। प्रशिक्षित संयोजक डॉ. महेंद्र ब्राह्मी ने कहा कि सात दिनों के प्रशिक्षण में किसानों को औषधीय पौधों की खेती के साथ-साथ फल विज्ञान, सब्जी विज्ञान व संबंधित विषयों की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा किसानों को प्रदेश भ्रमण भी करवाया जाएगा। इस अवसर पर किसानों के साथ आए सलूणी के बागवानी विकास अधिकारी डॉ. अनिल डोगरा और डॉ. सीमा शर्मा भी मौजूद थे।

# महावीर दंगल के विजेता को मिलेगी 51 हजार रुपए की सम्मानित राशि

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

कस्बा बड़ा के धरोड़ में 7 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले महादंगल (छिंज) के संदर्भ में महावीर दंगल कमेटी ने अंतिम बैठक का आयोजन दंगल कमेटी के प्रधान सुदर्शन कुमार जरियाल की अध्यक्षता में किया। बैठक में कमेटी के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। दंगल के आयोजन को लेकर महावीर दंगल कमेटी के सचिव परमजीत डोगरा ने बताया कि छिंज मेले का शुभारंभ जिला न्यायवादी संसार चंद रनौत द्वारा किया जाएगा एवं समापन भारतीय सेना से सेवानिवृत्त मानद कैप्टन कुलतार चंद परमार करेंगे।

बैठक में कमेटी ने फैसला लिया कि इस बार विजेता पहलवान को 51000 की सम्मानित राशि (माली) एवं गुरज दिया जाएगा एवं उपविजेता पहलवान को 41000 की सम्मानित राशि एवं गागर प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया की सभी पहलवानों को दंगल में भाग लेने के लिए अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक होगा नहीं तो उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा। पहलवानों को अपने रहने एवं खाने का प्रबंध स्वयं करना होगा। डोगरा ने बताया कि महावीर दंगल में मुख्य आकर्षण का केंद्र छोटी माली होगा, जिसमें अंडर 21 वर्ष के नौजवान ही भाग ले सकेंगे। इसमें विजेता को 5100 एवं उपविजेता को 3500 की सम्मानित राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।


**पहलवानों को पंजीकरण के लिए आधार कार्ड लाना होगा अनिवार्य**

डोगरा ने कहा कि छोटी माली के दंगल में केवल हिमाचल के नौजवान पहलवान ही भाग ले सकते हैं। कमेटी के सचिव ने यह भी बताया कि छिंज मेले के आयोजन के बाद 9 फरवरी को हनुमान मंदिर धरोड़ में ही विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के प्रधान ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासियों से सहयोग मांगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पुणे में 14वीं भारतीय छात्र संसद को संबोधित करेंगे कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 7 फरवरी को महाराष्ट्र के पूणे शहर में एमआईटी वर्ल्ड पीस युनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 14वीं भारतीय छात्र संसद में भाग लेने पुणे जा रहे हैं।



गौरतलब है कि पठानिया एमआईटी विश्व शांति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 14वीं भारतीय छात्र संसद की अध्यक्षता करेंगे तथा सत्र का संचालन भी करेंगे। भारतीय छात्र संसद का आयोजन 8 फरवरी को पूणे स्थित महाराष्ट्र तकनीकी संस्थान, विश्व शांति विश्वविद्यालय के परिसर में स्वामी विवेकानंद सभा मंडप में किया जा रहा है। विधान सभा अध्यक्ष इस अवसर पर सत्र के लिए चयनित विषय 'वाम, दक्षिण या अदृश्य? भारतीय राजनीति में विचारधाराएं ' पर अपना संबोधन देंगे। 14वें भारतीय छात्र संसद में देश के विभिन्न भागों से हजारों छात्र भाग ले रहे हैं। भारतीय छात्र संसद के आयोजन का मुख्य लक्ष्य स्वच्छ नेतृत्व, महान लोकतंत्र तथा सुशासन को बढ़ावा देना है। इसके आयोजन से जहां छात्रों में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। वहीं, उनका लोकतंत्र की मजबूती में योगदान भी बढ़ेगा। पठानियां 9 फरवरी को देश के विभिन्न राज्यों से तथा अलग-अलग पार्टी के 250 विधायकों के लिए आयोजित होने वाले क्षमता निर्माण कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### नशे में धुत वाहन चालक ने हेड कांस्टेबल की वर्दी पर डाला हाथ

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** यातायात पुलिस का नाका तोड़कर भागी एक गाड़ी को पकड़ कर उसका चालान करने पर गाड़ी सवार एक युवक इतना उत्तेजित हो गया कि उसने यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल की वर्दी पर हाथ डाल दिया। पुलिस ने न सिर्फ वाहन का चालान किया बल्कि इलाके की शांति भंग होने के अंदेशे के चलते पुलिस की वर्दी पर हाथ डालने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को गगरेट-होशियारपुर रोड पर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक चैकिंग के लिए नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एमपी नंबर की एक गाड़ी नाके से गुजरी तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। बावजूद इसके वाहन चालक गाड़ी को नाके से भगा ले गया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस ने उक्त गाड़ी को गगरेट चौक पर रोकने के निर्देश दिए। उक्त गाड़ी को रोककर पुलिस ने जब गाड़ी के कागजात चैक किए तो गाड़ी के कुछ कागजात अधूरे पाए गए। इस पर पुलिस ने उक्त गाड़ी का चालान कर दिया। इस बात से गाड़ी सवार एक युवक इतना तिलमिला गया कि उसने हेड कांस्टेबल अमित कुमार की वर्दी पर हाथ डाल दिया। पुलिस ने जब उसका मेडिकल करवाया तो वह शराब के नशे में धुत पाया गया। पुलिस ने शराब के नशे में धुत पाए गए युवक पंकज कुमार के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हैरत की बात है कि वाहन चालक पहले यातायात नियम तोड़ रहे हैं और जब पुलिस कार्रवाई कर रही है तो लोग वर्दीधारियों पर भी हाथ डालने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि हेड कांस्टेबल पर हाथ डालने वाला शराब के नशे में धुत्त पाया गया है। उसके विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# गोशाला में बंधे गोवंश की हत्या के बाद अनैतिक कार्य को दिया अंजाम

## भौर पंचायत के हलेल में इंसानियत को शर्मसार करने का मामला आया सामने

**उमेश, सुंदरनगर**

जिला मंडी के उपमंडल सुंदरनगर की भौर पंचायत के हलेल गांव में इंसानियत को शर्मशार करने का मामला सामने आया है। मामले में सोमवार रात अज्ञात लोगों ने गोशाला में बंधे एक गोवंश के साथ है अनैतिक कार्य करने के बाद उसे गला घोट कर हत्या कर दी है।

आरोपियों ने गाय को मारने से पहले उसका मुंह बोरी के साथ दबाया है, जिससे वह आवाज न निकाल पाए। सुबह जब मालिक गोशाला में पहुंचा को उसने मवेशी को फर्श पर गिरा पाया और उसके मुंह में झाग थी। जांच कर पाया कि उसका गला लकड़ी के पिलर के साथ मजबूती से रस्सी बांध घोटा गया है, जिससे उसकी मौत हुई है और पिछले दोनों पांव भी रस्सी से बंधे थे और प्राइवेट पार्ट पर गंभीर जख्म के निशान पाए गए। सूचना मिलने पर धनोटू पुलिस थाना का दल मौका पर



**एसपी मंडी और डीएसपी सुंदरनगर ने किया मौके का दौरा**

पहुंचा और गोशाला को सील कर दिया। दोपहर मंडी से फॉरेंसिक टीम के पहुंचने पर गोशाला को खोला गया। इधर, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी मंडी व डीएसपी भी मौके पर पहुंचे। इधर, इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

उन्होंने पुलिस ने मामले में संलिप्त लोगों का जल्द पता लगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार भौर पंचायत के हलेल गांव में पंचायत घर के साथ पीछे की ओर सटे रामकृष्ण पुत्र चिमडू राम की गोशाला में सोमवार रात के समय अज्ञात लोगों ने घुस कर मवेशी के साथ अनैतिक कार्य कर उसका गला घोट कर मार दिया है। सुबह रामकृष्ण का बेटा तरुण कुमार जब गोशाला में पहुंचा तो गाय को मरा हुआ पाया। इस घटना बारे तरुण ने घर आकर बताया तो उन्होंने मौके पर पहुंचे और कुछ ग्रामीण भी आए वहां आए। बताया जा रहा है मवेशी को करीब रात 8 बजे गोशाला में बांधा गया था और रोजाना की तरह बाहर के केवल कुंडी ही लगाई जाती थी। पुलिस मामले के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच को अमल में ला रही है। (अनंत ज्ञान)

**पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शुरू की जांच**

**एसपी** मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मामले की रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा किया जाएगा।

**पोस्टमार्टम कर जमा किए सैंपल**

**मामले** में मृत गोवंश का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा नियमानुसार किया गया। पशुपालन विभाग के उपमंडलीय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाश महाजन ने बताया कि उनके साथ मृत गाय का तीन पशु चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया है तथा पुलिस के माध्यम से सैंपल लैब में जांच को भेजा जा रहा है।

**विश्व हिंदू परिषद ने जताया कड़ा विरोध**

**सुंदरनगर** की भौर पंचायत के हलेल गांव में मवेशी की गला घोट कर हत्या मामले में विश्व हिंदू परिषद मुखर हो गया है। परिषद के संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के जिला महासचिव कैप्टन महेंद्र सिंह राणा ने इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेताया है कि गोवंश का अपमान व हत्या करने वालों की अगर जल्द धरपकड़ न की गई तो विश्व हिंदू परिषद सड़क पर उतर कर उग्र प्रदर्शन करेगी।

# पंचायत उपप्रधान पर हुए हमले को लेकर भराड़ी थाने का घेराव




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भराड़ी थाना के तहत हंबोट पंचायत में बीती एक फरवरी को पंचायत उपप्रधान पर हुए हमले के संदर्भ में भाजपा नेताओं सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता भराड़ी थाना पहुंचे, जहां पर पुलिस व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हमला करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग की।

भाजपा के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ता थाना में पहुंचे। जहां पर राजेंद्र गर्ग, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी, मंडलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर, भराड़ी मंडलाध्यक्ष जोरावर सिंह थाना प्रभारी से मिले। इन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जानकारी ली और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी के जबाब से अंशतुष्ट भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर पुलिस व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक चुनिंदा प्रतिनिधि के ऊपर घर में घुसकर हमला किया जाता है। जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई जाती है, लेकिन आरोपी को न पूछताछ के लिए बुलाया जाता है न ही उसे गिरफ्तार किया जाता है। हमला करने वाला व्यक्ति खुद को कांग्रेस का नेता कहता है। ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठता है कि उपप्रधान पर उसके घर में घुसकर हमला होता है और पुलिस मात्र औपचारिकता निभा रही है। वहीं, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने भी इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए हमलावर को गिरफ्तार करने की मांग की है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

**थाना** प्रभारी अनूप कुमार ने कहा कि उपप्रधान की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। घायल उपप्रधान का मेडिकल करवाया गया है। मेडिकल रिपोर्ट में अगर गंभीर चोट आती है तो अन्य धाराएं जोड़ी जाएंगी।

# विधायक राठौर बोले–नारकंडा तक सुरंग बनाकर सड़क में लाया जाए सुधार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने नारकंडा तक सुरंग बनाकर सड़क में सुधार लाने व नारकंडा–हाटू रोपवे निर्माण का आग्रह किया। रोहड़ू क्षेत्र के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कुफरी–ढली सड़क पर जाम की समस्या से निपटने और रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अधिक धन देने की मांग की है।



रोहड़ू में क्रिटिकल केयर सेंटर, रोहड़ू बाई–पास, चिड़गांव बाईपास के निर्माण के साथ चांशल में पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग की।

रामपुर के विधायक नंद लाल ने रामपुर क्षेत्र में नशे के कारोबार से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने रामपुर में सब्जी मंडी के निर्माण के साथ–साथ ट्रॉमा सेंटर को शुरू करने की मांग की। उन्होंने सराहन में आईटीआई व गानवी में सब तहसील खोलने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रोपवे निर्माण की संभावनाएं तलाशने की भी मांग की।

**धर्मपुर के विधायक ने उठाए ये मामले**

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि आज एक महत्वपूर्ण बैठक है, लेकिन भाजपा के सभी विधायक इस बैठक से अनुपस्थित हैं, जो मंडी जिले के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने क्षेत्र में बांस की खेती, मछली पालन और सेरीकल्चर को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार से समर्थन देने की मांग की है। उन्होंने कहा कमलाह किला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और भूस्खलन को रोकने के लिए बायो-इंजीनियरिंग का इस्तेमाल करने की भी मांग की।

# हिमाचल में एसएमसी शिक्षक करेंगे हड़ताल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में बोर्ड परीक्षाएं शुरू होनी है, लेकिन इससे पहले प्रदेश में बीते 13 सालों से नियमितीकरण की राह देख रहे एसएमसी (स्कूल मैनेजमेंट कमेटी) शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है और 21 फरवरी से हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है।

इन शिक्षकों ने सरकार को चेताया है कि अगर 21 फरवरी से पहले सरकार ने एसएमसी अध्यापकों को नियमित करने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया तो वह कक्षाओं का बहिष्कार करेंगे, जिसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार होगी। सरकार यदि समय रहते कोई फैसला नहीं लेती तो एस शिक्षक आर पार की लड़ाई लड़ेंगे और जेल जाने में भी गुरेज नहीं करेंगे।

**एसएमसी अध्यापकों को नहीं किया गया नियमित**

**शिमला** में पत्रकार वार्ता के दौरान एसएमसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि 7 मार्च 2024 को कैबिनेट ने एलडीआर के माध्यम से एसएमसी अध्यापकों को नियमितीकरण करने की मंजूरी दी थी। एक साल होने को है, लेकिन सरकार इस दिशा में एक कदम भी नहीं बढ़ाया है। उनका कहना था कि सरकार ने समय मांगा उन्होंने समय दिया लेकिन अब सरकार को दो साल से ज्यादा का समय हो गया है और एलडीआर को मंजूरी मिले भी एक साल होने को आ गया है परंतु एक भी एसएमसी को नियमित नहीं किया गया है।

**सचिवालय के बाहर दिया जाएगा धरना**

**संघ** के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि चुनावों के वक्त कांग्रेस ने बड़ी-बड़ी बातें की थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद एसएमसी अध्यापकों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। जिसके खिलाफ इन टीचरों ने ने आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। एसएमसी टीचर 21 फरवरी से सरकार के खिलाफ सचिवालय के बाहर धरने पर बैठेंगे और जब तक मांगे पूरी नहीं होती आंदोलन चलेगा। भले ही इसके लिए अध्यापकों को लाठी खानी पड़े या फिर जेल जाना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2400 से ज्यादा एसएमसी शिक्षक सेवाएं दे रहे हैं।

# नाजायज कब्जाधारियों को बख्शने के मूड में नहीं उच्च न्यायालय

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

नाजायज सरकारी कब्जों पर वाकयुद्ध छिड़ गया है। सकारात्मक व नकरात्मक चर्चा–परिचर्चा में कई सवाल भी उठाए जा रहे हैं। अब ये सवाल कहां तक टिक पाते हैं, इसका जवाब उच्च न्यायालय की चौखट पर ही मिलेगा। उच्च न्यायालय ने अपने कड़े रुख से अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं कि वे अब किसी भी सूरत में नाजायज कब्जाधारियों को बख्शने के मूड में नहीं है। अपने आदेश में अदालत दो टूक कह चुकी है कि राज्य सरकार उनके आदेशों पर फौरन अमल लाए।

**वन राजस्व व पंचायत स्तर के आला अधिकारियों को फील्ड में उतारा**

अब सरकारी भूमि पर कोई भी अतिक्रमण होगा तो उसके लिए सीधे तौर पर पंचायत सचिव से लेकर राजस्व विभाग तक के पटवारी भी शामिल होंगे। पहले यह जिम्मा वन विभाग के वन रक्षकों व उनके उच्चतर आला अफसरों का था, मगर अब पंचायत स्तर के सचिव व राजस्व विभाग के पटवारी भी इसमें सीधे तौर पर शामिल रहेंगे।


सबसे अहम तथ्य यह है कि सरकारी जमीन पर कोई भी कब्जा करते हुए पाया गया तो, जल विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा और पानी के कनेक्शन को अविलंब बंद कर देगा, जबकि बिजली विभाग को तुरंत प्रभाव से बिजली का कनेक्शन काटना पड़ेगा। अब स्थिति यह बनी है कि कुछ सामाजिक संगठन प्रभावित अवैध कब्जाधारियों के समर्थन में कूद पड़े हैं, वे उन कब्जाधारियों को राहत प्रदान करने की गुहार लगा रहे हैं, जिनके पास जमीन बेहद मामूली है, जबकि बड़ी मछलियों पर भी अविलंब कार्रवाई की मांग होने लगी है, जो अपने रसूख से अभी तक बचते आ रहे हैं, मगर उच्च न्यायालय अपने फैसले में स्पष्ट कर चुका है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले किसी भी कब्जाधारी नहीं बख्शा जाएगा। बाकायदा राजस्व महकमा निशानदेही करवाकर ऐसे कब्जों को कब्जे में लेकर बेदखली के आदेश जारी करे। लिहाजा, इसके बाद अवैध कब्जाधारियों के बीच हडकंप मच गया है।

कुछ कानूनी सलाह लेने के लिए इधर–उधर भागमभाग कर रहे हैं, तो कुछ राजनीतिक आकाओं के दाएं–बाएं चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें फिलहाल कहीं से भी राहत मिलती हुई दिखाई नहीं दे रही है। वैसे भी उच्च न्यायालय ने विगत दिनों अपने आदेश में सरकार को स्पष्ट तौर पर कहा है कि वे नियमों से संशोधन करे, जिससे भविष्य में कोई भी सरकारी भूमि पर अवैध न करने पाए।

उधर, सूत्रों ने जानकारी दी है कि उच्च न्यायालय के आदेशों पर अमल करते हुए राज्य सरकार ने वन, राजस्व सहित पंचायत स्तर के आला–अधिकारियों को फील्ड में उतार दिया है, जो पुलिस बल के साथ अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आने वाले दिनों में ये भी स्पष्ट हो जाएगा कि कहां पर कितने अवैध कब्जे थे? इनमें से कितने छुडाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### आईआईटी मंडी का एक विस्तार केंद्र पालमपुर में स्थापित होना सराहनीय

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार आजकल सिंगापुर में अपनी बेटी के पास हैं। सिंगापुर से जारी बयान में उन्होंने कहा है कि पालमपुर क्षेत्र में उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रगति की दृष्टि से यह सौभाग्य की बात है कि आईआईटी मंडी का एक विस्तार केंद्र पालमपुर में स्थापित होगा। यह केंद्र लगभग 52 हेक्टर भूमि में बनेगा। उन्होंने कहा कि इतना बढ़िया आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से पूर्ण यह केंद्र इस क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगा।उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए भारत सरकार, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और आईआईटी बोर्ड के सदस्य गोकुल बुटेल को इस के लिए बधाई दी है और आग्रह किया कि अब यह परियोजना केवल घोषणा बनकर न रहे और शीघ्र इसका कार्य शुरू किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा कांगड़ा को पहले ही पर्यटक राजधानी बनाने की घोषणा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने दोनों नेताओं को याद दिलवाया कि अब पालमपुर के रोप–वे को भी अति शीघ्र स्वीकृत करें, जिससे की इस क्षेत्र का विकास होकर दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके, क्योंकि धौलाधार में इतनी क्षमता है कि इसमें बहुत कुछ पर्यटकों को दिखाने के लिए है। उन्होंने आग्रह किया है कि रोप–वे के निर्माण से यह क्षेत्र दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर होगा।



### इंदु गोस्वामी ने झुग्गी बस्तियों में भाजपा के लिए मांगे वोट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दिल्ली विधानसभा चुनावों के आखिरी दिन राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का पैदल दौरा किया और घर–घर जाकर भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता भी जुड़ते गए और यह एक जन आंदोलन बन गया।

उन्होंने झुग्गी–झोपड़ी क्षेत्रों के मतदाताओं को भारी संख्या में वोट डालने की अपील की तथा झुग्गी बस्तियों में आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने, झुग्गी वासियों को मालिकाना हक प्रदान करने और शिक्षा, स्वास्थ, सड़क, सुविधाएं विकसित करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली का बहुमुखी विकास सुनिश्चित करेंगे और वह स्वयं दिल्ली की विकास परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। पूरे रूट में उनका हार पहनाकर स्वागत किया गया और लोगों ने उनका गर्मजोशी से अभिवादन किया।

### नकाबपोशों ने बद्दी में चुराए हजारों रुपए के मोबाइल

**रजनीश ठाकुर, बद्दी।** बद्दी के भूपनगर में चोरों ने एक मोबाइल की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए के मोबाइल चोरी कर लिए। घटना बीती रात की है जब दो नकाबपोश शातिर चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 80 हजार रुपए के 10 महंगे मोबाइल ले उड़े। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। बद्दी के हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले युवक रामपाल की भूपनगर में मोबाइल की दुकान है। रोज की तरह वह बीती रात करीब 9 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। अगली सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा, तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था। घबराते हुए जब उसने अंदर जाकर जांच की, तो पाया कि दुकान से 10 महंगे मोबाइल फोन गायब थे। चोरी गए मोबाइलों की कीमत लगभग 80 हजार रुपए बताई जा रही है।

**सीसीटीवी में कैद हुए चोर**

घटना की जानकारी मिलते ही रामपाल ने तुरंत बद्दी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। रामपाल ने पुलिस को बताया कि उसकी दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। जब उन्होंने फुटेज चेक किया तो दो चोर स्पष्ट रूप से नजर आए। चोरों ने शटर का ताला तोड़कर करीब 2.30 बजे के आसपास दुकान में प्रवेश किया और मोबाइल चोरी कर ले गए।

फुटेज में दिख रहा है कि दोनों चोरों ने अपने चेहरे छिपाने के लिए कपड़े का इस्तेमाल किया था। एक युवक ने अपनी टी–शर्ट निकालकर मुंह पर बांध ली थी, जबकि दूसरे ने मफलर से अपना चेहरा छिपाया था। वे कुछ ही मिनटों में चोरी करके मौके से फरार हो गए। (अनंत ज्ञान)

# नाबार्ड से आए फंड को लेकर झूठ बोल रहे मुख्यमंत्री : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नाबार्ड से आए फंड को लेकर मुख्यमंत्री झूठ बोल रहे है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने यह बात शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आरोप लगाया है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरासर झूठ बोलकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।



भाजपा के विधायक दल ने पिछले कल और आज होने वाली योजना बैठकों का बहिष्कार किया, क्योंकि पिछले दो साल से विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत दी गई स्कीमों को नाबार्ड से, खासकर भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्र हैं, उनकी स्कीमों के लिए नहीं दिया जा रहा था, परंतु मुख्यमंत्री महोदय ने सोमवार को मीडिया के माध्यम से जो आंकड़े रखे कि भाजपा के विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में इन दो सालों में इतनी इतनी धनराशि स्वीकृत हुई है। यह सब आंकड़े तथ्यों से पूरी तरह परे हैं।

मुख्यमंत्री कहा सराज विधानसभा क्षेत्र में दो सालों में 50 करोड़, नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में 124 करोड़, करसोग में 127 करोड़, सुंदरनगर में 82 करोड़, नाचन में 45 करोड़, जोगिंद्रनगर में 50 करोड़ और मंडी में 33 करोड़ ऐसे अनेक विधानसभा क्षेत्रों के यहां तक कि जसवां प्रागपुर के तो 173 करोड़ का आंकड़ा दे दिया, जबकि सच्चाई से इन आंकड़ों का कोई वास्ता नहीं है, हमारे विधानसभा क्षेत्रों में दो सालों से कोई स्कीम स्वीकृत नहीं हो रही है। जो हमने विधायक प्राथमिकता में स्कीमें दी हैं उनकी अभी या तो डीपीआर नहीं बनी।, अगर डीपीआर बनी तो वह भी प्लानिंग के पास है और अगर कोई नाबार्ड में पहुंची है तो उसको कोई धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है।

विधायक ने कहा कि यहां तक कि दो साल से पहले की भी जो विधायक प्राथमिकता की स्कीमें नाबार्ड में गई हुई है उनके लिए भी हमारे विधानसभा क्षेत्र की स्कीमों की धनराशि स्वीकृत नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इसका कारण यह है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने सत्ता में आने के बाद नाबार्ड द्वारा स्वीकृत स्कीमों के पैमाने बदल दिए, पहले यह परंपरा थी कि जो स्कीम पहले जाती थी उसको पहले स्वीकृत किया जाता था।

# अधिकारी बनने से ज्यादा समाज में सकारात्मक परिवर्तन जरूरी: आद्या

'**प्रतिभा** की कोई उम्र नहीं होती' यह कथन भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (एडवांस्ड स्ट्डी), शिमला में 'साहित्य, दर्शन और अंतरराष्ट्रीय संबंध' विषय पर शोध कर रही 'आद्या दीक्षित' पर पूरी तरह से लागू होता है। बालश्री पुरस्कार से सम्मानित आद्या इस प्रतिष्ठित संस्थान की सबसे कम उम्र की फेलो बनने का गौरव रखती हैं। आमतौर पर यह संस्थान वरिष्ठ लेखकों, साहित्यकारों, इतिहासकारों, दार्शनिकों और शोधकर्ताओं के लिए जाना जाता है। महज 26 वर्ष की उम्र में **आद्या दीक्षित** ने अपनी मेहनत से इस विशिष्ट उपलब्धि को हासिल किया है। प्रस्तुत हैं, राजेश कुमार द्वारा लिया गया विशेष साक्षात्कार:–

*प्रश्न: आद्या आपकी बहुमुखी प्रतिभा के पीछे प्रेरणा क्या रही है?*

**उत्तर:** बचपन में मैं बहुत जिज्ञासु थी। मां ने मुझे नृत्य, संगीत और चित्रकला सिखाने की प्रेरणा दी। नानी के साथ रहते हुए स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक परिवर्तन के कई प्रसंग सुने। मां दर्शन शास्त्र की व्याख्याता थीं, तो घर में दार्शनिक चर्चाएं आम थीं। मेरा शुरुआती शिक्षा–संसार मोटी किताबों और गहरी चर्चाओं से भरा था।

*प्रश्न: आपकी शिक्षा ग्वालियर, दिल्ली और ऑक्सफोर्ड से हुई। क्या कभी सिविल सेवा में जाने का विचार किया?*

**उत्तर:** प्रारंभ में सिविल सेवा ही एकमात्र करियर विकल्प लगा। 2018 में परीक्षा भी दी और उत्तीर्ण भी हुई, लेकिन कुछ कारणों से आगे नहीं बढ़ पाई। उसी समय संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग से नौकरी का प्रस्ताव आया और नए रास्ते खुल गए। मैंने हमेशा नई चीजें सीखने और खोजने की ललक रखी है। मेरे लिए बड़ा अधिकारी बनने से अधिक महत्वपूर्ण है कि मैं समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकूं।



*प्रश्न: आप भविष्य में अपनी पहचान किस रूप में देखना चाहेंगी?*

**उत्तर:** मैं नहीं चाहती कि मेरी पहचान किसी विशिष्ट पेशे से हो। मैंने जितने भी क्षेत्र बदले हैं, वे अनगिनत लोगों के सपने रहे हैं, लेकिन जैसे ही मुझे महसूस होता है कि अब जीवन 'सेट' हो रहा है, मैं खुद को वहां से निकाल लेती हूं। मैं बस अपने भीतर का इंसान बचाए रखना चाहती हूं, जो सबको अपना–सा लगे और जिसमें सब अपना प्रतिबिंब देख सकें। मैं चाहती हूं कि लोग मुझे 'आद्या' के नाम से ही याद करें।

**बालश्री पुरस्कार से सम्मानित हस्ती से विशेष बातचीत**

*प्रश्न: बालश्री और अन्य पुरस्कारों ने आपकी यात्रा को कैसे प्रभावित किया?*

**उत्तर:** साल 2000 में बड़े मंच पर भाषण देने से मेरी यात्रा शुरू हुई। साल 2009 में राज्य पुरस्कार जीतने के बाद प्रतिस्पर्धाओं का सिलसिला चलता रहा। 2018 तक मैंने देशभर में वाद–विवाद, वक्तृत्व कला और काव्य पाठ में भाग लिया और कई सम्मान प्राप्त किए।

*प्रश्न: बाल सुधार गृहों में काउंसलिंग के दौरान आपकी क्या मनोस्थिति रहती है?*

**उत्तर:** यह कार्य पिछले 8–9 वर्षों से चल रहा है। जब भी मैं सुधार गृहों या जनजातीय समाज में जाती हूं, तो स्वयं को पूर्वाग्रह से मुक्त रखने का प्रयास करती हूं। कई बार बच्चों और महिलाओं के प्रश्न मुझे चौंका देते हैं और मैं स्वयं को नया सीखता पाती हूं। संवाद तभी सार्थक होता है जब वह खुले मन से किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### भूमि-मालिकों से ई-केवाईसी करवाने की अपील

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजस्व विभाग द्वारा भूमि मालिकों की ई केवाईसी करने का क्रम शुरू किया हुआ है। इसी विषय पर मंगलवार को नायब तहसीलदार फतेहपुर मदन लाल ने मीडिया के माध्यम से तहसील फतेहपुर के तहत पड़ते सभी भूमि मालिकों से अपील की है कि वह अपनी ई केवाईसी अपने-अपने पटवारी के पास जाकर करवा लें। कहा शुरुआती दौर में पटवार वृत्तों में ई-केवाईसी की जा रही है, जो कि आने वाले समय में गांव स्तर पर भी की जा सकती है। कहा कुछ क्षेत्रों के पटवारी गांव स्तर पर जाकर भी ई-केवाईसी कर रहे हैं, उन्होंने कहा ई-केवाईसी करवाने के लिए जाने से पहले अपने साथ आधार कार्ड व मोबाइल नंबर जरूर रखें, ताकि कोई भी परेशानी न हो।

### मूहल स्कूल में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मूहल परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य राकेश कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शनी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत छात्र व छात्राओं ने विज्ञान, गणित विषय में रुचि बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रशासन की ओर से प्रदर्शनी में विजेता टीमों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार भी वितरित किए गए।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** वरिष्ठ माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं मुख्य अध्यापकों की समीक्षा बैठक राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला शाहपुर में शिक्षा उपनिदेशक (उच्च शिक्षा) कांगड़ा विकास महाजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें नामांकन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल लाइब्रेरी, विद्यालय अधिग्रहण, आरटीआई, विद्यालय विकास योजना, विद्यालय वार्षिक गतिविधि योजना तथा विद्यालयों में आयोजित होने वाले वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की संभावित तिथियां के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस समीक्षा बैठक को उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय समयाल शिक्षा उपनिदेशक गुणवत्ता कंचन ज्योति ने भी संबोधित किया। स्थानीय प्रधानाचार्य अनिल जरयाल ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया तथा शिक्षा खंड रैत में विभिन्न विद्यालयों से संबंधित जानकारी साझा की।

### नाम्या शर्मा बनी लिटिल मिस ट्राइसिटी क्वीन

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** ब्लॉक खंड परागपुर के एक छोटे से गांव सूहीं (गरली) की



6 वर्षीय नामया शर्मा ने चंडीगढ़ के जीरकपुर में हुए मिस्टर-मिस और किड्स ट्राइसिटी क्वीन में लिटिल मिस ट्राइसिटी क्वीन का खिताब अपने नाम किया। यह इवेंट द न्यू फ्लाई ऑर्गेनाइजेशन और द ग्लोरिफाई इंटरनेशनल के ऑर्गेनाइजर दिनेश सरदाना और सनम गिल द्वारा कराया गया। यहां पहला स्थान हासिल करके नाम्य ने अपने इलाके सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। इसके पहले भी नामया शर्मा ने अंबाला हरियाणा में हुई फैशन प्रतियोगिता में लिटिल मिस हरियाणा का खिताब जीतकर आपने साथ पूरे इलाके व हिमाचल का नाम रोशन किया था।

### अपने लक्ष्य पर ही फोकस करें स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में सोमवार को जमा दो के विद्यार्थियों को जमा एक के बच्चों ने फेयरवेल पार्टी दी। बच्चों का स्कूल पहुंचने पर गेट पर तिलक लगाकर प्रिंसिपल एकता अत्री और अन्य अध्यापकों ने स्वागत किया। सभी बच्चों को इस दौरान विशेष अतिथि का अहसास कराया गया। प्रिंसीपल एकता अत्री ने बच्चों को अच्छे नागरिक बनकर अपने लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा। उन्होंने कहा कि जमा दो के बाद यही मौका होता है, जब वे स्कूल से निकल कर कॉलेज या अन्य विश्वविद्यालयों में कोर्स करने जाते हैं। ऐसे में आगे के लिए इन चार से पांच वर्ष में खूब मेहनत करें, ताकि जिंदगी के अगले 40 साल आराम से निकलें। वहीं उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ही फोकस रखने को कहा। इस दौरान जूनियर साथियों ने स्कूल से विदा हो रहे सीनियर को विभिन्न टाइटल देकर भी नवाजा।

# कांगड़ा के पर्यटन राजधानी बनने से युवाओं को मिलेगा रोजगार: मोंगरा

## कहा, अजय वर्मा को एचआरटीसी का उपाध्यक्ष बनाना जिले के लिए गौरव की बात

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कृषि उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा के चेयरमैन निशु मोंगरा ने बुधवार को कांगड़ा में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा अजय वर्मा को एचआरटीसी का उपाध्यक्ष बनाना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के तहत लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अजय वर्मा किसी राजनीति परिवार से संबंध नहीं रखते हैं। उन्होंने कॉलेज समय में एनएसयूआई छात्र संगठन से अपनी पहचान बनाते हुए कांग्रेस पार्टी में अपनी अहम भूमिका निभाई, जिसके बल पर आज उन्हें सरकार में एक महत्वपूर्ण पद पर बिठाया गया है। निशु मोंगरा ने कहा कि शिमला से कांगड़ा आने पर बुधवार को उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा तथा कांगड़ा तहसील चौक में एक जनसभा की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों से कांगड़ा विधानसभा में एक विरानी सी छाई हुई थी, जिसे मुख्यमंत्री ने दूर किया है। निशु मोंगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मुझे जो कृषि उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा की जिम्मेदारी दी गई है, उससे किसानों को पूर्ण लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में अब प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का कांगड़ा के प्रति विशेष लगाव रहा है तथा आज जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले समय में पर्यटन की आपार संभावनाएं बढ़ेंगी तथा रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। कांग्रेस नेता नागेशवर मनकोटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पहले निशु मोगरा को कृषि उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा का अध्यक्ष बनाना तथा अब अजय वर्मा को एचआरटीसी का उपाध्यक्ष बनाए जाने से कांगड़ा में कांग्रेस मजबूत के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ओर मजबूत करने के लिए सभी एक टीम बनाकर आगे बढ़ेंगे, जिसका लाभ सभी क्षेत्र के लोगों को मिलेगा।

### मुख्यमंत्री ने कांगड़ा में की चहुंमुखी विकास की शुरुआत

मोंगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दो सालों में कांगड़ा में चहुंमुखी विकास की शुरुआत की है तथा सरकार द्वारा सौंपी गई नई जिम्मेदारियों से कांगड़ा विस क्षेत्र को नई संजीवनी मिलेगी। एचआरटीसी से हर व्यक्ति जुड़ा हुआ है तथा इसकी बसों में सफर करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे चंगर क्षेत्र जहां परिवहन सुविधा नहीं है, वहां अब लोगों को बस सुविधा मिल सकेगी।

### युवक से 2.70 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत पंडोल रोड पर मिनेश कुमार निवासी बार्ड गांव व तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा के पास से 2.70 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 21-61-85 स्वापक औषधि एवं मनरू प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने भौरा में पकड़ी 6000 मिली. देसी शराब

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत भौरा में अजय कुमार निवासी गांव व डाकघर भौरा तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा के पास से 6000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

### 5250 मिलीलीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भवारना।** पुलिस थाना भवारना के तहत गढ़ जमुला में अजय कुमार निवासी गांव व डाकघर गढ़ जमुला तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा के पास से 5250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)। हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

# तूफान से टूटी पेड़ की टहनी बाल-बाल बचे वाहन चालक

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

**डाडासीबा-ढलियारा मार्ग पर बतबाड़ में पेश आई घटना**

डाडासीबा के तहत गांव बतबाड़ में मंगलवार दोपहर साढ़े 3 बजे के करीब आंधी व तूफान के साथ पेड़ की बड़ी टहनी सड़क के बीचोबीच गिरी डाडासीबा- ढलियारा मार्ग गांव बतबाड़ में जल शक्ति विभाग के गेट के पास काफी पुराने पेड़ की बड़ी टहनी गिर जाने से वाहन चालक व राहगीर बाल-बाल बचे। अगर यह हादसा 3 बजे के करीब स्कूल में छुट्टी के उपरांत हुआ होता तो बहुत ही बड़ा हादसा पेश आ सकता था।

ग्रामीण ने बताया इस रोड पर बहुत ही पुराने पेड़ हैं, जो बिना बारिश के ही सड़क पर गिर रहे हैं। उन्होंने फॉरेस्ट विभाग से मांग की है जो भी पुराने पेड़ सूखे हैं या गिरने की कगार पर हैं उन्हें समय रहते कटवाया जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। वहीं, लोक निर्माण विभाग डाडासीबा के सहायक अभियंता नितेश कोंडल का कहना है भारी तूफान की वजह से पेड़ सड़क पर गिरा है। शीघ्र ही पेड़ को जेसीबी की सहायता से सड़क से हटाया जा रहा है।

उधर, इस संबंध में डाडासीबा वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सड़कों के किनारे जो सूखे पेड़ हैं, उनको रिमार्क करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। सूची उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

# क्विज में जीनियस और मैक्रोमाइंड हाउस चैंपियन

## आधुनिक पब्लिक स्कूल जसूर में जूनियर और सीनियर सेक्शन के लिए प्रतियोगिता आयोजित

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

आधुनिक पब्लिक स्कूल जसूर (मठोली) में जूनियर और सीनियर सेक्शन में स्कूल के चार सदनों एक्सीलेंट, ब्रीलिएंट, जीनियस और मैक्रोमाइंड में इंटरहाउस क्विज कंपटीशन करवाया गया। इसमें कक्षा पहली से छठी को जूनियर सेक्शन और कक्षा छठी से दसवीं तक के बच्चों ने सीनियर सेक्शन में भाग लिया। स्कूल के सभी बच्चों का कक्षावार भी क्विज करवाया गया, जिनमें बहुत सारे बच्चों ने इनाम जीते। सबसे पहले स्कूल के जूनियर सेक्शन में क्विज स्पर्धा करवाई गई, जिसमें जीनियस हाउस के छात्रों आनवी, समर्थ, मीनल, पैरेज, समायरा व सेजल ने बाकी सभी हाउस के छात्रों को पटखनी देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे सेक्शन में कक्षा सातवीं से दसवीं तक के छात्रों ने भाग लिया, जिसमें मैक्रोमाइंड हाउस के छात्रों अनुष्का, रितेंद्र, रिधिमा, अंशिका, आयुष, आर्यन व सुमित ने बाकी तीनों सदनों के छात्रों को हराकर सीनियर सेक्शन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षावार हुए क्विज कंपटीशन में कक्षा प्रथम से विवेक, समीर, दूसरी से लविशे, रितिका, वृद्धि, सीरत, कक्षा तीसरी से कामना व रुद्रांश, कक्षा चौथी आरूही, समर्थ, तवीश, पैरेज, कक्षा पांचवीं से मोहित, आराधना, नंदिनी, अभिषेक, आशीष, शिवोम, प्रिंस, नक्ष , छठी से अनिरुद्ध, निखिल, रीतिका, अंश व प्रदिव्यम, कक्षा सातवीं से कृति, सेजल, रनिंद्र, कक्षा आठवीं से अमृत, पीयूष, कक्षा नवमी से जावेद, आयुष, हर्षित व कक्षा दसवीं से रिधिमा, कार्तिक ने अपनी-2 कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से रुद्रांश, आठवीं के पीयूष व दसवीं के कार्तिक सेन ने सबसे जायदा प्रश्नों के उत्तर देकर करीव 3-4 इनाम अपने नाम किए। इसके कारण उन्हें सत्र 2024-25 के वेस्ट परफॉर्मर ऑफ क्विज कंपटीशन के खिताब से नवाजा गया।

किंडर सेक्शन के बुद्धि परीक्षण नामक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से अनाया, लक्ष, एलकेजी-ए से प्रांशी व महक, एलकेजी-बी से अहाना, दित्या व शौर्य, यूकेजी-ए से सोनाक्षी, आदव्य और यूकेजी-बी से समायरा व ब्रज बाला ने प्रथम स्थान हासिल किया। क्विज के मुकाबलों में स्कूल के चारों सदनों के सदन इंचार्ज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्कूल प्रिंसिपल सुशवीन पठानिया व निर्मल ठाकुर ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य और बुद्धिलब्धि को बढ़ाने के लिए प्रतिदिन न्यूजपेपर व सामान्य ज्ञान की किताबों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय बहुत ही कड़े मुकाबले वाला है। ज्ञान के बिना आने वाले समय में जीवनयापन करना मुश्किल है। इसलिए सभी विद्यार्थी किताबों के साथ-2 बाकी चीजों का भी ज्ञान रखें।

## एकदिवसीय सामूहिक संवेदीकरण कार्यक्रम का किया आयोजन

# 'आतमा' ने भेड़ू महादेव की पंचायत गढ़ खास में किसानों को दिए प्राकृतिक खेती के टिप्स

**अनंत ज्ञान, डरोह**

मंगलवार को विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव की पंचायत गढ़ खास में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) के तत्वावधान में किसानों के लिए प्राकृतिक खेती पर एकदिवसीय सामूहिक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि की भूमिका हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान ने निभाई। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक खेती करनी चाहिए। इसमें अंग्रेजी खाद का इस्तेमाल बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। खेतों में पशुओं के गोबर की खाद ही डालनी चाहिए। तभी हम बिमारियों से बच सकते हैं। इस अवसर पर आतमा परियोजना निर्देशक डॉ. राजकुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया व किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सभी उपस्थित किसानों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती को अपनाएं, ताकि खेती में रसायनों और कीटनाशकों से छुटकारा मिल सके। इस बीच उद्यान विभाग से डॉ. नीरज (एसएमएस) ने उद्यान विभाग में चल रहीं योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी।इस उपलक्ष्य में किसान उत्पादक संगठन गढ़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेख राज राणा ने इस संगठन के महत्व के बारे में बताया और इन संगठनों से जुड़ने के लिए किसानों को प्रेरित किया। इससे पहले मुख्यातिथि ने वहां पर लगी सब्जियों की प्रदर्शनी का दौरा भी किया।मंच का संचालन शीतल सूद द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि द्वारा किसानों को फलदार पौधे वितरित किए गए। अंत में सहायक तकनीकी प्रबंधक अधिकारी शीतल सूद ने सभी का धन्यवाद किया इस कार्यक्रम में रजनी शर्मा आरुषि शर्मा, पल्लवी, पंचायत प्रधान गढ़ खास निर्मला राणा, गढ़ मलकेहड़ के प्रधान राजेंद्र घारिया, तिलक गुलेरिया आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

# सुमन ने कुलदीप का मोबाइल वापस कर दिखाई ईमानदारी

**राकेश डोगरा, डरोह**



विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत सन्हूं के सुमन कुमार पुत्र ख्याली राम को भवारना में टियालू नामक स्थान पर 2 फरवरी को रियलमी का एक मोबाइल फोन मिला। इसकी कीमत लगभग 20 हजार है। उन्होंने इसकी छानबीन करना शुरू कर दी। कुछ ही पल बाद उस मोबाइल पर फोन मालिक के रिश्तेदार का कॉल आया, उन्होंने इस फोन की पुष्टि करते हुए मोबाइल मालिक पंचायत पाहड़ा के प्रधान कुलदीप सूद का नाम बताया और कुलदीप सूद को उनका मोबाइल मिलने का संदेश भी दिया। कुलदीप सूद ने कहा कि वह किसी निजी काम से भवारना गए हुए थे। उस समय उनका मोबाइल वहीं गिर गया था। उन्होंने पुलिस थाना भवारना में एफआईआर भी करवा दी है। जिस व्यक्ति पवन कुमार से सुमन की बात हुई थी, उनकी पुन्नर में दुकान है। सुमन उसी समय पुन्नर गए और मोबइल वापस कर ईमामादारी की मिसाल कायम की। मोबाइल मालिक ने सुमन का दिल से धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### अप्रैल माह में होंगी नेशनल मास्टर गेम्स

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला में नेशनल मास्टर गेम्स का आयोजन अप्रैल में किया जाएगा। इसमें फुटबॉल, वॉलीबॉल समेत 24 खेलों में देशभर के करीब 6000 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। देशभर से 30 आयु वर्ष से अधिक के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सुपर मास्टर्स गेम्स एवं स्पोर्ट्स फेडरेशन के निदेशक ऑर्गेनाइजर व प्रदेश मास्टर गेम्स एसोसिएशन के महासचिव तेजस्वी शर्मा ने पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। सुपर मास्टर्स गेम्स एवं स्पोर्ट्स फेडरेशन के विनोद कुमार ने खेलों के आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नेशनल मास्टर गेम्स का पोस्टर भी जारी किया गया। ताइवान में अंतरराष्ट्रीय गेम्स में भी खिलाड़ी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू खेलों का शुभारंभ करेंगे।

# कैंसर से बचने के लिए इसके कारण जानना जरूरी: डॉ. पंकज

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

**डाडासीबा कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूक किए छात्र-छात्राएं**

खंड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से बीकेआर सरकारी डिग्री कॉलेज डाडासीबा में खंड चिकित्सा अधिकारी डाडासीबा डॉ. सतीश कुमार फोतेदार के निर्देशानुसार मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पंकज कौंडल एवं डॉ. नवतेज सिंह ने की।

इस कार्यक्रम में नरेश कुमार स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुरेंद्र कुमार बीपीएम, खेम चंद, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कॉलेज डाडासीबा और 50 एनएसएस स्वयंसेवियों ने भाग लिया। डॉ. पंकज कौंडल ने बताया कि हर साल 4 फरवरी को पूरी दुनिया में विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी से लड़ने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयासों को मजबूत करना है। हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए।

डॉ. पंकज ने बताया बताया कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका नाम लेते ही हर कोई घबरा जाता है।

### जसवां-परागपुर को नाबार्ड से मंजूर सड़कों में से एक भी नहीं मिली: विनोद

**अनंत ज्ञान, गरली**

जसवां-परागपुर में नाबार्ड के माध्यम से स्वीकृत राशि 35 सड़कों में से परागपुर को एक भी सड़क की स्वीकृति न देने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने सरकार की आलोचना की है। विनोद शर्मा ने कहा कि कुल 35 सड़कों में भाजपा विधायकों द्वारा दी गई प्राथमिकताओं में मात्र तीन सड़कों को स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा कि परागपुर तो छोड़ो जिला कांगड़ा के 15 विधानसभा क्षेत्रों की एक भी सड़क को स्वीकृत न करना मुख्यमंत्री का जिला कांगड़ा के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने नौरी पुल का शिलान्यास किया, इसका स्वागत है, लेकिन अगर इसी स्थान नौरी से मात्र एक किलोमीटर नीचे की सड़क डीपीआर विधायक बिक्रम सिंह ने अपने कार्यकाल में विधायक प्राथमिकता में दी थी की स्वीकृति मिल जाती तो सरकार के 5 करोड़ बच सकते थे।

### पेंशनर्स वेलफेयर संघ शाहपुर का चुनाव 8 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सिटी शाहपुर का त्रैवार्षिक चुनाव 8 फरवरी को शाहपुर में रेहलू चौक के समीप स्थित सभागार में होगा। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव चंडी दत्त शर्मा ने बताया कि निश्चित तिथि को प्रातः 11 अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करे। चुनाव पर्यवेक्षक के अतिरिक्त प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान व जिलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर विशेष तौर पर आमंत्रित हैं। उन्होंने वरिष्ठ सदस्यों जगदीश गुप्ता, सतीश गुप्ता,राम आदर्श, पवन महाजन से सहयोग करने का अनुरोध किया है।

# सुजाता का गाना 'बैरियां रै पेटै पीड़' रिलीज

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर से संबंध रखने वाली और धारकंडी की स्वर कोकिला के नाम से जाने जाने वाली हिमाचली लोकगायिका सुजाता भारद्वाज का नया गाना 'बैरियां रे पेटै पीड़' उनके यू-ट्यूब चैनल सुजाता भारद्वाज महादेव पर रिलीज हो गया है जिसे सुजाता भारद्वाज ने खुद लिखा है और गाया है।

इस गाने में मुख्य अभिनय तीसा की रहने वाली ज्योति ठाकुर ने और अर्णव नहरिया ने निभाया है। एस पहाड़ी स्टूडियो की तरफ से गाने को फिल्माया गया है और अनमोल शर्मा ने गाने का निर्देशन किया है। गाने के माध्यम से सुजाता भारद्वाज ने आजकल के बिगड़ते रिश्तों को दिखाया है। गाने में बताया गया है कि कितना भी कठिन समय आ जाए। अपने जीवन साथी का साथ अंत तक निभाना चाहिए। बता दें कि सुजाता भारद्वाज गायिका के साथ एक लेखिका भी हैं उन्होंने अब तक 15 से भी अधिक गाने लिखे हैं और गाए हैं, जिनमें से शिवा तेरी गौरजा, अड़ियां, गल छेड़ लगने री, सोहनी सुनखी गोरा आदि गानों ने उनको प्रसिद्धि दिलाई है। सुजाता भारद्वाज ने बताया है की अभी आने वाले गानों पे काम कर रही है और अपनी संस्कृति से जुड़े गाने हम सब के बीच में लाने वाली है। इतनी कम उम्र में उन्होंने इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है और उनके हर गाने को उनके फैंस चाहने वाले बहुत प्यार देते हैं। सुजाता भारद्वाज के यू-ट्यूब पर 50 हजार से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

### हाड़ा के सुरेंद्र को एक साल से नहीं मिला नल कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जलशक्ति विभाग उपमंडल फतेहपुर के तह पड़े हाड़ा के सुरेंद्र सिंह को विभाग में निवेदन करने के बावजूद एक साल से नल का कनेक्शन नहीं मिल पाया है। सुरेंद्र सिंह ने मंगलवार को हाड़ा में मीडिया को परेशानी बताते हुए कहा कि उसने एक साल पूर्व विभाग के पास नल के कनेक्शन को अपील की थी, लेकिन अभी तक विभाग नल नहीं लगा पाया है, जबकि उनके घर के समीप ही एक वाटर टैंक से प्रतिदिन काफी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है। उन्होंने विभाग से फिर अपील की है कि उनके निवेदन पर गौर करते हुए हुए नल का कनेक्शन दिया जाए। अन्होंने कहा कि उनके पड़ोस में कुछ और भी लोगों को नल कनेक्शन नहीं मिले हैं।

# करणी सेना ने स्थापना दिवस पर काटा केक

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**



जिला कांगड़ा करणी सेना ने हिमाचल प्रदेश के प्रभारी मोहित अग्रवाल व प्रदेश अध्यक्ष दीपक डडवाल की अध्यक्षता में केक काट कर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संगठन के व्यापार शक्ति मंडल अध्यक्ष रोहित महाजन, प्रदेश महिला शक्ति महामंत्री पूजा गौतम, जिला अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री अजीत राणा एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस अवसर दीपक डडवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि करणी सेना संगठन का मुख्य उद्देश्य सनातनियों को अपने धर्म के प्रति जागरूक करना है। क्योंकि लगभग आठ सौ साल हमारा देश मुगलों और दो सौ साल फिरंगियों के अधीन रहा है। फिरंगियों और मुगलों ने हमारे सनातन धर्म को मिटाने की पूरी कोशिश की थी। हमारे पूर्वजों ने फिरंगियों और मुगलों के काफी अत्याचार सहे। फिरंगियों और मुगलों को हमारे पूर्वजों के आगे नतमस्तक होना पड़ा था। अंततः हमारे पूर्वजों की दहाड़ से फिरंगियों और मुगलों को देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था।

इस अवसर पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सनातन धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने की शपथ ली। अजीत राणा ने मंच संचालन करते समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

**सेहत**

## कांगड़ा में 11 फरवरी को आयोजित होगा राज्य स्तरीय 'ईट राइट' मेला, एडीसी विनय बोले-

# स्वच्छ और पौष्टिक भोजन के लिए लोगों को करेंगे जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



राज्य स्तरीय 'ईट राइट' एक दिवसीय मेले का आयोजन 11 फरवरी को कांगड़ा के नगर परिषद ग्राउंड में किया जा रहा है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने डीसी ऑफिस में मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि इस मेले का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूक करना है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्थानीय और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे, साथ ही खाद्य सुरक्षा और पोषण से संबंधित जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों और पोषण विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, खाद्य परीक्षण और अन्य रोचक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। एडीसी विनय कुमार ने बताया कि इस मेले में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं और स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन की महत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से मेले में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत मिनी मैराथन और साइकिलिंग रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामुदायिक सहभागिता और खेल भावना को भी मजबूत करते हैं।

इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को मेले के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मेले में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा मिलेट्स के उत्पादों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मिलेट्स उत्पादों पर आधारित शैफ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

बैठक में एएसपी हितेश लखनपाल, एसडीएम कांगड़ा इशांत जस्वाल, मनजीत असिस्टेंट कमिश्नर फूड एंड सिविल सप्लाई, अजय सिंह उपनिदेशक एलिमेंट्री एजुकेशन, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर राजेश सूद, डीएलओ अमित कुमार एवं जिला पंचायत अधिकारी नीलम सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### त्रिलोक राणा उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गगल।** हिमाचल के कांगड़ा जिले के छोटे से गांव के महेरणा से संबंध रखने वाले त्रिलोक सिंह राणा को उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। त्रिलोक राणा सुरक्षा बल में अपनी 38 वर्ष सेवाएं देने के उपरांत सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रशस्ति पत्र मिलने पर पूरे गांव में खुशी की लहर है।



### गदियाड़ा स्कूल में मनाया विश्व कैंसर दिवस

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गदियाड़ा में प्रधानाचार्य महेश प्रसाद की अध्यक्षता में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस मौके पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने कहा कि कैंसर वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। साल-दर-साल इस रोग के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले एक-दो दशकों की तुलना में अब कैंसर को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है, मेडिकल क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी विकास ने कैंसर के इलाज को अपेक्षाकृत आसान और सस्ता बना दिया है, फिर भी ज्यादातर लोगों के लिए ये बीमारी अभी भी बड़ी चिंता का कारण बनी हुई है। बड़ी संख्या में भारतीय आबादी भी कैंसर से प्रभावित देखी जा रही है। दुनियाभर में कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर साल 4 फरवरी विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। कैंसर एक गंभीर बीमारी है जो तब होती है जब शरीर में कोशिकाएं अनियंत्रित बढ़ती है और असामान्य वृद्धि करती है। हमें इन लक्षणों के प्रति भी सचेत रहना चाहिए अगर अचानक वजन घटता है लगातार थकान बिना किसी काम के, त्वचा में बदलाव, गांठ या सूजन, लगातार दर्द बिना किसी कारण के,मल मूत्र की आदतों में बदलाव, लंबे समय तक खांसी या आवाज में बदलाव आदि होने पर चिकित्सक से परामर्श लें।

### बारिश के साथ गिरे ओले, चलीं तेज हवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में मंगलवार शाम चार बजे मौसम ने अचानक से करवट बदली। वर्षा के साथ जहां ओले गिरे वहीं तेज हवाओं के कारण कांगड़ा घाटी एक बार फिर से कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गई है। दोपहर के बार से ही आसमान में बादल मंडराना शुरु हो गए थे तथा शाम ढलते ही आसमान में बिजली की गर्जाना के साथ वर्षा का दौर शुरु हुआ तथा देखते ही देखते दिन रात में बदल गया। मौसम में आए इस बदलाव के कारण एक बार फिर से में भारी गिरावट आ गई है। वहीं इस ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते हुए भी नजर आए हालांकि ज्यादा ठंड होने के कारण क्षेत्र के अधिकतर बाजार भी जल्द ही बंद हो गए। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में इस बदलाव को देखा जा रहा है। अगर मौसम विभाग की माने तो आज और कल इसी तरह से मौसम खराब रहने की आशंका जताई गई है। इसी के साथ मौसम विभाग द्वारा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात और मैदानी इलाकों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने का अनुमान लगाया गया है। अगर जिला कांगड़ा प्रशासन की बात की जाए तो मौसम विभाग द्वारा यलो अलर्ट जारी करने के बाद जिला कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लोगों को ना जाने की अडवाइजरी जारी की है। इसी के साथ सभी ट्रेकिंग साइट को भी मौसम खराब होने के चलते बंद कर दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोका जा सके।

# जयसिंहपुर को आदर्श क्षेत्र बनाना लक्ष्य : गोमा

## आयुष मंत्री ने 39वें जन्मदिन पर जयसिंहपुर में कार्यक्रम करने के लिए लोगों का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



आयुष, युवा सेवाएं और खेल, कानून एवं विधि परामर्शी मंत्री, यादविंद्र गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आयुष मंत्री 39वें जन्मदिन पर जयसिंहपुर के ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए बोल रहे।

गोमा ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने तथा इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजन करने और सम्मान देने के लिए लोगों तक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर के लोगों का आशीर्वाद तथा स्नेह उन पर हमेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि लोगों के विश्वास और प्यार को पार्टी शीर्ष नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मोहर लगाते हुए हिमाचल प्रदेश के मंत्रिमंडल में शामिल कर तीन प्रमुख विभागों की जिम्मेवारी सौंपी गई है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि वे हमेशा जनसेवा के लिए समर्पित हैं और रुके हुए, जनहित तथा सामाजिक कार्यों को अपने सामर्थ्य तथा योग्यता के अनुरूप पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि अगले 3 वर्षों में जयसिंहपुर हलके में मुख्यमंत्री के सहयोग से विकास में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरी क्षमता से लोगों की मांग के अनुरूप विकास को आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर हलके के लिये आज तक जो भी मांग उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी उसे पूर्ण किया गया है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर सिविल अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

यादविंद्र गोमा के जन्मदिन पर बधाई देने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का दिनभर तांता लगा रहा। इस अवसर पर वॉलीबॉल, कब्बडी, महिलाओं के लिए रस्साकशी, रंगोली प्रतियोगिता प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी शिविर का आयोजन किया गया। यहां लगाए गये रक्तदान शिविर में भी लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। मंत्री ने इस अवसर पर आयुष विभाग और माता आशापुरी के कैलेंडर का विमोचन किया। आयुष विभाग ने मंत्री को तेजपत्ता का पौधा भेंट किया। ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयुष मंत्री बड़ा पहनाकर सम्मान किया। मंत्री ने इस अवसर पर उनके समर्थकों द्वारा लाए गए केक भी काटे।

### मेधावी विद्यार्थी नवाजे

**गोमा** ने जयसिंहपुर से जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रदर्शन करने वाले और मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में मंत्री के पिता पूर्व विधायक मिलखी राम गोमा, माता विद्या देवी, मंत्री के धर्मपत्नी नीलम गोमा, भाई त्रिभुम गोमा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल, एडीएम संजीव ठाकुर, सीएमओ कांगड़ा डॉ. राजेश गुलेरी, अधिशाषी अभियंता विजय वर्मा, संजय ठाकुर, तहसीलदार अभिषेक भास्कर, ओएसडी आयुष सुमित पठानिया, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. हरीश भारद्वाज एसडीएमओ डॉ. अनिता शर्मा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सालगिरह मुबारक



बंगाणा (ऊना) के कोलका गांव के अश्वनी और बबीता को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### विशिष्ट सदन फर्स्ट नारायण सेकेंड

**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या मंदिर खटेहड धर्मशाला में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा के दिशा निर्देश में व गणित अध्यापिकाएं नीलम पठानिया और ईशानी कौशल के मार्गदर्शन में स्कूल के विभिन्न सदनों नारायण, व्यास, पराशर और विशिष्ट में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता छठी से नौवीं कक्षा तक करवाई है, जिसमें विशिष्ट सदन प्रथम और नारायण सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## रागनी रुकवाल ने पूर्व विधायक प्रवीण शर्मा से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर की नवनियुक्त अध्यक्ष रागनी रुकवाल ने मंगलवार को पूर्व विधायक प्रवीण शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। पूर्व विधायक प्रवीण कुमार शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनावों के उपरांत किसी नेता ने उनके आवास पर पहुंच कर पहली बार मुलाकात की। रागनी रुकवाल को जिला अध्यक्ष बनने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि आप किसी की कठपुतली नहीं, अपितु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ो।

### लखपा ग्यालत्सेन को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के नेतृत्व और कर्मचारियों ने मंगलवार को महालेखा परीक्षक कार्यालय के दिवंगत महालेखा परीक्षक लखपा ग्यालत्सेन के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए एक स्मारक सेवा आयोजित की। कैबिनेट सचिव त्सेग्याल चुक्या द्रानी ने मृतक की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत करने के बाद, इस दुखद समाचार पर अपना दुख व्यक्त किया। उन्होंने सभी से दिवंगत कर्मचारियों के लिए प्रार्थना करने को कहा। प्रार्थना में डिप्टी स्पीकर डोलमा त्सेरिंग तेखांग, शिक्षा विभाग के कलोन थरलाम डोलमा चांगरा, लोक सेवा आयुक्त कर्मा येशी, 17वीं निर्वासित तिब्बती संसद के सदस्यों के साथ-साथ केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सचिव और सिविल सेवक शामिल हुए।

## प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास विकास का कोई रोडमैप नहीं : बिक्रम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार विकास विरोधी मानसिकता से ग्रस्त है। पिछली भाजपा सरकार ने जसवां-परागपुर सहित पूरे प्रदेश में जनता की सुविधा के लिए कई नए कार्यालय खोले थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही राजनीतिक दुर्भावना के चलते उन्हें बंद कर दिया। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्लानिंग की बैठकें केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं होतीं, बल्कि उनका उद्देश्य प्रदेश के विकास को गति देना होता है। लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार के पास कोई ठोस विजन नहीं है, बल्कि यह सरकार सिर्फ दिखावे की राजनीति कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि पिछली प्लानिंग बैठकों में स्वीकृत कितने विकास कार्यों को वास्तव में शुरू किया गया?

बिक्रम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास प्रदेश के विकास का कोई रोडमैप नहीं है, बल्कि यह सरकार सिर्फ भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए कार्यों को रोकने में लगी हुई है। भाजपा सरकार ने जसवां-परागपुर सहित पूरे प्रदेश में नए एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र और अन्य विकास कार्यों को मंजूरी दी थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने आते ही इन्हें डी-नोटिफाई कर जनता को उनकी सुविधाओं से वंचित कर दिया उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को भाजपा संगठन की चिंता छोड़कर अपने संवैधानिक कर्तव्यों पर ध्यान देना चाहिए। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के लोगों को राहत देने की बजाय महंगाई और टैक्स बढ़ाने की सौगात दी है। भाजपा सरकार ने जब सत्ता छोड़ी थी, तब हिमाचल विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने आते ही विकास कार्यों को रोककर जनता पर अतिरिक्त टैक्स और महंगाई का बोझ डाल दिया।

## कृषि पर विशेष ध्यान दे रही प्रदेश सरकार : संजय

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने आज कृषि औद्योगिक प्राधिकरण की गढ़ शाखा द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती के अंतर्गत एक दिवसीय सामूहिक संवेदीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इस अवसर पर क्षेत्र में उपजाई गई प्राकृतिक सब्जियों और कृषि की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें भिंडी मूली कद्दू कई अन्य प्रकार की सब्जियां व अनाज की उन्नत किस्मों की प्रदर्शनी लगाई गई। संजय सिंह चौहान ने कहा कि यह खेद का विषय है कि पूर्व में भाजपा के शासन में न तो कृषि पर ध्यान दिया गया और न ही कृषि के लिए सिंचाई जल आपूर्ति पर कोई ध्यान दिया गया। जब से प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार आई है कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया है। यदि केवल सुलह की बात करें तो पूरी विधानसभा में आतमा और कृषि विभाग के तहत लगभग 10 क्विंटल से अधिक उत्तम श्रेणी का गेहूं का बीज वितरित कर दिया गया है। इस बार पिछले वर्षों से कई गुना अधिक गेहूं की उपज मंडियों में उत्तम दामों पर उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा बागवानी और फ्लोरिकल्चर पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कई स्थलों पर प्रशिक्षण शिविर लगाए गए और आगे भी लगाए जाएंगे।

## बलधर में पहली शहीद सुरिंद्र कुमार मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट का आगाज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

लधर के खेल मैदान में पहली शहीद सुरिंद्र मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट मंगलवार को शुरू हुई। इसका शुभारंभ शहीद सूबेदार सुरेंद्र राणा की पत्नी रीता ने बतौर मुख्यातिथि किया। उन्होंने इस खेलकूद प्रतियोगिता के लिए 3100 रुपए प्रोत्साहन हेतु दिए।

यह स्पोर्ट्स मीट दिनांक 20 अक्तूबर, 2023 को शहीद हुए बलधर के सुरिंद्र कुमार (जेसीओ) की याद में बलधर के युवाओं द्वारा भावी पीढ़ी को नशे से दूर रहने और खेल कूद की ओर प्रेरित करने के लिए करवाई जा रही है। प्रतियोगिता में तीन इवेंट 1600 मीटर दौड़, हाई जंप व लॉन्ग जंप होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने वाले को मेडल व 1100 रुपए नकद, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को मेडल व 900 रुपए नकद व तृतीय स्थान पर रहने वाले को मेडल व 700 रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजक रितेश, विकेश, संदीप, अमित, दीपक, गुलशन, शम्मू, नरेश, निदेश, संजय, संदीप, अनिकेत, अभिषेक, मुनीष, अमनदीप, सोकेश, विकास, अतुल,पंकज, विनेश कुमार, निखिल, सुनील, रिशु, ने बताया कि खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिन सकोह के बेस्ट एथलीट सौरभ रहे। प्रतियोगिता के दौरान पंचायत के पूर्व प्रधान निर्मल सिंह, उपप्रधान अजय भी उपस्थित रहे।

**पहले दिन सकोह के सौरभ बने बेस्ट एथलीट**

### क्रिकेट ट्रॉफी पर सराह की टीम ने जमाया कब्जा

**अनंत ज्ञान, गगल।** ग्राम पंचायत सलोल व ग्राम पंचायत तरखांकड़ द्वारा में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ, समापन अवसर पर जिला परिषद सदस्य कुलभाष बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि का वहां पहुंचने पर क्लब के मोनू और अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में 11 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों के बीच मुकाबले हुए। समापन अवसर पर युवा क्लब सराह व युवा क्लब शाहपुर के बीच फाइनल क्रिकेट मैच खेला गया। इस क्रिकेट मैच में युवा क्लब सराह की टीम विजेता रही और युवा क्लब शाहपुर की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर कुलभाष चौधरी ने कहा कि क्रिकेट जैसे खेलों का आयोजन न केवल खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह समाज में एकता और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में भी मदद करता है। इस प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

### पौंग डैम में विश्व वेटलैंड डे पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

## सीयू ने फोटोग्राफी में पाया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के वन एवं वन्यजीव विभाग की ओर से विश्व वेटलैंड डे के अवसर पर पौंग डैम जलाशय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धा दिखाए। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कई प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की। इस दौरान आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में केंद्रीय विश्वविद्यालय के विनीत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गौरतलब है कि हर साल हिमाचल प्रदेश के वन एवं वन्यजीव विभाग की ओर से विश्व वेटलैंड डे के अवसर पौंग डैम में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस बार भी बोटिंग, फोटोग्राफी प्रतियोगिता और पक्षी अवलोकन (बर्ड वॉचिंग) प्रतियोगिता जैसी कई रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के लगभग 50 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने बेहतरीन फोटोग्राफी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के विनीत सिंह ने उत्कृष्ट फोटोग्राफी प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया गया और उनकी फोटोग्राफी की सराहना गया।

वहीं, बर्ड वॉचिंग प्रतियोगिता में केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों का वर्चस्व रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया और शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा जमाया। इसमें प्रथम स्थान पर आस्था, चाहक, पंकज, वैशाली और अक्षय, द्वितीय स्थान पर चंदर शेखर, पंकज, आशीष, विवेक और शबनम और तृतीय स्थान ओजस्विता, वनीता, प्रीति, प्रिशा और आरुषि रही।

संरक्षक वन सारा भाई पटेल और डीएफओ वन्यजीव हमीरपुर रिनाल्ड रॉयस्टन ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण और जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार ने जन्तु विज्ञान विभाग के सभी प्रोफेसरों और उन विद्यार्थियों को बधाई दी, जिन्होंने विश्व वेटलैंड डे पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह छात्रों को भविष्य में भी अनुसंधान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विजयी प्रतिभागियों को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और विज्ञान एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस आयोजन ने पौंग डैम वेटलैंड की जैव विविधता के महत्व को रेखांकित किया और छात्रों को प्रकृति से जोड़ने का एक शानदार अवसर प्रदान किया। विश्व वेटलैंड दिवस का यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने इसे एक अविस्मरणीय और अद्भुत अनुभव बताया।

### सुनीता आहूजा ने मां के चरणों में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने ज्वालामुखी मंदिर में दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए। सुनीता ने कहा कि उन्हें जब भी मौका मिलता है वे देवभूमि हिमाचल में देवी देवताओं के दिव्य दर्शन करने आ जाती हैं। उनके परिवार की सनातन धर्म में गहरी आस्था है। इस अवसर पर उनके बॉडी गार्ड भी साथ थे। मंदिर प्रशासन की तरफ मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने सुनीता आहूजा को मां ज्वालादेवी जी का चित्र और चुनरी स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

**Office of the Tehsildar-cum-Land Revenue Officer (LRO), Nurpur District Kangra, Himachal Pradesh**

**Public Notice**

**Jagdish Chand etc Vs Amrit Lal etc**

**Subject:** Attestation of Mutation under Section 104 (3) of the Himachal Pradesh Tenancy and Land Reforms Act. 1972

It is hereby notified to the general public that a mutation under Section 104 (3) of the Himachal Pradesh Tenancy and Land Reforms Act, 1972, pertaining to land Khata No 17 Khatoni No 32 to 35 Khasra Kitta 31 area measuring 0-78-49 HM to extent of 1/6 which is 00-13-08 HM Jamabandi Years 2022-23 situated in Mohal Khaloon Mouja Kherian Tehsil Nurpur, District Kangra, is pending attestation in this office. The details of the mutation are as follows:

**Mutation Number:** 132 Ataye Hakuk Malkiyat

Name of Applicant Jagdish chand etc Mohal Khallon Mouza Kharian Tehsil Nurpur Distt Kangra H.P.

**Name of Respondent** 1.: Amrit Lal s/o Kamla Devi D/o Chuhad Alias Hukam Chand. 2. Amrish Kumar s/o Kamla Devi D/o Chuhad Alias Hukam Chand . 3. Ashwani Kumar s/o Kamla Devi D/o Chuhad Alias Hukam Chand. 4. Smt Sudha Rani D/o Kamla Devi D/o Chuhad Alias Hukam Chand. 5 smt Savita D/o Kamla Devi D/o Chuhad Alias Hukam Chand

Land Detail land Khata No 17 Khatoni No 32 to 35 Khasra Kitta 31 area measuring 0-78-49 HM to extent of 1/6 which is 00-13-08 HM Jamabandi Years 2022-23 Nature of Mutation: Ataye Hakuk Malkiyat.

Any person having objections to the proposed mutation is hereby informed to present their objections in person or in writing before the undersigned on or before 05-02-2025 at 10.00 am at Patwar Ciricle Kharian, failing which the mutation will be attested as per rules.

Issued for the information of all concerned.

**Tehsildar-cum-Land Revenue Officer (LRO) Nurpur, District Kangra**

## पालमपुर में 7 से 10 फरवरी तक होगा 52वां शांति स्वरूप भटनागर मेमोरियल टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर 7 से 10 फरवरी तक 52वें शांति स्वरूप भटनागर मेमोरियल टूर्नामेंट (एसएसबीएमटी) का आयोजन कर रहा है। यह टूर्नामेंट सीएसआईआर का एक प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण आयोजन है, जो नियमित अंतराल पर विभिन्न सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में आयोजित किया जाता है। इस एसएसबीएमटी (आउटडोर) टूर्नामेंट के दौरान वॉलीबॉल और क्रिकेट की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सोलह सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की टीमें, जिन्होंने जोनल स्पर्धाओं को क्वालीफाई किया है, इस एसएसबीएमटी (आउटडोर) फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। सीएसआईआर-आईएचवीटी के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और वह प्रतिभागियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्हें विश्वास है कि वे सभी खेल भावना के साथ हर पल का आनंद लेंगे। शांति स्वरूप भटनागर (1894-1955) भारत के सबसे प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों में से एक और सीएसआईआर के पहले निदेशक (अव महानिदेशक) थे। उनकी स्मृति एवं सम्मान में सीएसआईआर ने इस टूर्नामेंट का आयोजन शुरू किया। शांति स्वरूप भटनागर मेमोरियल टूर्नामेंट टीम भावना और नेतृत्व कौशल विकसित करने, और सभी बाधाओं के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

### टूर्नामेंट में ये टीमें लेंगी भाग

**टूर्नामेंट** में सीएसआईआर-सीसीएमबी हैदरावाद, सीएसआईआर-सीडीआरआई लखनऊ, सीएसआईआर-सीईसीआरआई कारईकुड़ी, सीएमआईआर-सीईईआरआई पिलानी; सीएसआईआर-सीजीसीआरआई कोलकाता, सीएसआईआर-आईआईसीटी हैदराबाद, सीएसआईआर-आईआईआईएम जम्मू, सीएसआईआर-आईआईपी देहारादून, सीएसआईआर-आईएमटेक चंडीगढ़, सीएसआईआर-एनएएल बेंगलूरु, सीएसआईआर-एनबीआरआई लखनऊ, सीएसआईआर-एनसीएल पुणे, सीएसआईआर-एनजीआरआई तेलंगानाः सीएसआईआर-एनआईओ गोवा, मीएसआईआर निस्पर नई दिल्ली, सीएसआईआर-एनपीएल नई दिल्ली भाग लेंगी। एक महिला क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया जाएगा।

**स्वागत** | स्वर्ण विजेता कबड्डी खिलाड़ियों का डीसी हेमराज बैरवा ने किया अभिनंदन

## सिर-आंखों पर बिठाई गोल्डन गर्ल्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



खेल नगरी धर्मशाला स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) धर्मशाला की खिलाड़ियों ने विजयश्री की परंपरा को जारी रखा है। धर्मशाला में पहुंचने पर टीम के खिलाड़ियों का डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने स्वागत किया।

इससे पहले हनुमान मंदिर में खिलाड़ियों ने माथा टेका, और स्वागत रैली में ढोल की थाप पर खिलाड़ी झूम उठे हिमाचल की टीम में कमान संभालते हुए व मुख्य भूमिका निभाते हुए एनसीओई धर्मशाला के कबड्डी खिलाड़ियों ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय खेलों में अपना दबदबा बरकरार रखा है। देश में किसी भी राज्य ने अब तक नेशनल गेम्स में तीन बार विजय हासिल नहीं की है। ऐसे में हिमाचल ने बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। एनसीओई धर्मशाला की पांच कबड्डी खिलाड़ी पुष्पा राणा कप्तान, ज्योति, अंशुल, चंपा और भावना, जो हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी टीम की सदस्य थीं, ने हरिद्वार उत्तराखंड (यूके) में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता।

एनसीओई धर्मशाला की कबड्डी खिलाड़ी पूजा चैधरी, जो राजस्थान महिला कबड्डी टीम की सदस्य थीं, ने हरिद्वार (यूके) में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीता। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बेरबा ने खिलाड़ियों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया, साथ ही मिठाई खिलाकर भी मुंह मीठा किया इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया एनसीओई स्टाफ ने विजेता खिलाडियों को बधाई दी है। इसके अलावा एनसीओई धर्मशाला के एथलीटों ने विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया, उनमें कबड्डी में सिमरन, डिंपल और गगनदीप ने पंजाब का प्रतिनिधित्व किया, जबकि आंचल गुप्ता व सबा अंजुम ने उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया वहीं वालीबॉल में एनसीओई की खिलाडियों नेहा, शालिनी, तनिशा, स्नेहा व प्रीति नायक ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व किया।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा से मिले चेतन बरागटा



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा जी से मुलाकात कर खड़ापत्थर सुरंग (जुब्बल-कोटखाई, जिला शिमला) तथा छैला से सोलन बागवानी मार्ग को राष्ट्रीय स्तर की परियोजना के रूप में स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। बरागटा ने कहा कि मुलाकात के दौरान उन्होंने मंत्री जी को अवगत कराया कि खड़ापत्थर सुरंग जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र के लाखों किसानों और बागवानों के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान सड़क मार्ग कठिन भूभाग, भारी बर्फबारी और तीव्र मोड़ों के कारण अत्यधिक जोखिम भरा है। यदि इस सुरंग का निर्माण किया जाता है, तो यात्रा समय 40 तक कम होगा, जिससे सेब व अन्य बागवानी उत्पादों को समय पर बाजारों तक पहुंचाया जा सकेगा। साथ ही, यह सुरंग पर्यटन को भी बढ़ावा देगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। बरागटा ने इसके अतिरिक्त, छैला से सोलन बागवानी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा चार-लेन मार्ग के रूप में विकसित करने की मांग भी मंत्री जी के समक्ष रखी गई। बरागटा ने महत्वपूर्ण सड़कों एवं आधारभूत संरचना को लेकर भी मंत्री से विस्तार में चर्चा की। इस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र की सड़क संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

### सचिवालय भवन पर कुल्लवी टोपी की पट्टी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के राज्य सचिवालय को ब्यूटीफिकेशन प्रोजेक्ट के तहत हिमाचली थीम दिया जा रहा है। राज्य की संस्कृति और पहनावे के आधार पर हर भवन और ऑडिटोरियम को अलग-अलग तरीके से सजाया जाएगा। राज्य का सचिवालय प्रशासन विभाग यह काम करवा रहा है। सचिवालय के आर्मसडेल भवन पर दो तरफ कुल्लवी टोपी की पट्टी लगाई जा रही है। एक तरफ यह काम पूरा होने वाला है, फिर दूसरी तरफ भी इसी तरह की पट्टी लगेगी। यही थीम सचिवालय के भीतर भी दीवारों पर दिखेगा। इसी भवन के तीसरे चरण, जो हाल ही में कंप्लीट हुआ है, के बाहर शिमला थीम पर एक कैरीकेचर बनाया गया है।

### सीएम से मिले नवनियुक्त उपाध्यक्ष अजय वर्मा



**शिमला।** एचआरटीसी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके सरकारी आवास ओक ओवर शिमला में मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

### भगेटली में आग की भेंट चढ़ा मकान, एक झुलसा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला के उपमंडल रामपुर के पुलिस थाना ननखड़ी के तहत कराणगा पंचायत के भगेटली गांव में आग लग गई। इस दौरान जहां मकान में रखा सामान आग की भेंट चढ़ गया तो वहीं मकान में रह रहा एक नेपाली व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। पंचायत प्रधान निशा ने पुलिस को हादसे की सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार मकान रक्षा देवी का था, जिसमें एक कमरा, किचन व बाथरूम बना हुआ था। उक्त मकान में अतुल नाम का एक नेपाली मजदूर रह रहा था। बीती रात धमाके की आवाज आई, जिस पर रक्षा देवी व राजेंद्र सिंह ने बाहर आकर देखा तो अतुल नेपाली के कमरे में भयंकर आग लगी हुई थी। इस घटना में अतुल गंभीर रूप से झुलस गया। राजेंद्र सिंह अपने निजी वाहन में उसे इलाज के लिए रामपुर लाया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

### बलघाड़ में युवक से 24.0 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र बलघाड़ में पुलिस थाना झंडूता की टीम ने चैकिंग के दौरान एक युवक से 24.0 ग्राम चरस बरामद की गई। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि 3 फरवरी को झंडूता पुलिस की एक टीम गश्त करते हुए मांडवा पुल की तरफ जा रही थी, तब बलघाड़ जंगल में चैकिंग के दौरान एक युवक से 24.0 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना झंडूता में मामला दर्ज किया गया है।

### डीएवी स्कूल बिलासपुर में मनाया खेल दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के द्वारा खेलों का शुभारंभ डीएवी राज्य खेल समन्वयक केएस गुलेरिया के द्वारा बिलासपुर के क्रिकेट सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक लुहणू में आयोजित किया गया। मुख्यातिथि क्षेत्रीय प्रबंधक केएस गुलेरिया व डीएवी राज्य स्तरीय खेल समन्वयक मुख्यातिथि के रूप में पधारे थे। वार्षिक खेल दिवस में एलकेजी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था। इसमें

### एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के इंटरव्यू 11 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड, घुमारवीं ब्रांच द्वारा 11 फरवरी को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इस इंटरव्यू में डेवलपमेंट मैनेजर के 3 पदों और बिजनेस एसोसिएट के 2 पदों हेतु चयन किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट रखी गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 40 वर्ष है। पूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा 45 वर्ष तक और शैक्षणिक योग्यता 10+2 निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 3 रुपए लाख वार्षिक वेतन, पीएफ और इंसेंटिव भी प्रदान किए जाएंगे।

### गैरजरूरी ऐप डाउनलोड करने से बचें : विनोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के सहयोग से 4 फरवरी को कन्या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में दूरसंचार और प्रसारण से संबंधित उपभोक्ताओं के पक्ष में चलाए जा रहे योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के निरीक्षक विनोद कपिल ने भी साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और साइबर अपराध से बचने के लिए लोगों को सचेत किया। उन्होंने बताया कि लोग अनावश्यक एप्लिकेशन डाउनलोड करने से बचें और अपनी निजी जानकारी, बैंक खाते का विवरण, एटीएम पासवर्ड या ओटीपी किसी से साझा न करें। किसी भी साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की जा सकती है।

### कैंसर के कारण और बचाव के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर द्वारा सीएमओ डॉ. शशि दत्त शर्मा के निर्देशानुसार जिले के थापना क्षेत्र में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता एजीएम संजय शर्मा द्वारा की गई। जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल तथा राम अवतार स्वास्थ्य शिक्षक नैना देवी व आरबीएसके डॉ. राज बंसल द्वारा कैंसर रोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। गोपाल कौशल ने बताया कि प्रति वर्ष इस रोग से लगभग 70 हजार लोगों की असमय मृत्यु हो रही है। यदि प्रथम तथा द्वितीय स्तर पर रोग का निदान हो जाए तो इस बिमारी का सत प्रतिशत इलाज संभव है।

### अवैध रूप से मछली पकड़ने पर 228 केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वर्ष 2024-25 के दौरान मत्स्य विभाग द्वारा गोबिंद सागर जलाशय, कोलडैम जलाशय तथा जिला बिलासपुर के नदीय क्षेत्रों में अवैध मत्स्य आखेट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। इस वर्ष अभी तक अवैध मत्स्य आखेट के 228 केस पकड़े हैं। इनमें से 192 केस अभिसंधान किए जा चुके हैं। इन मामलों के अभिसंधान से कुल 1,17,250 रुपए का मुआवजा प्राप्त किया गया। इसके साथ ही 32,870/ रुपए की अवैध मछली की नीलामी भी की गई है। मत्स्य विभाग ने जलाशयों में छोटे आकार के जाल लगाने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही करते हुए मत्स्य अधिकारी, संरक्षण अजय कुमार व उनकी टीम ने 23 व 24 जनवरी, को 8 छोटे आकार के गिल जाल जिनका बजन लगभग 17 किग्रा जब्त किए हैं। मत्स्य अधिकारी, संरक्षण अजय कुमार व उनकी टीम द्वारा निरंतर मोटरबोट से जलाशयों का निरीक्षण किया जा रहा है।

### महाकाली मंदिर नोआ में 22 से शुरू होगी रामकथा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत राजपुर के अंतर्गत महाकाली मंदिर नोआ में 22 फरवरी से दो मार्च तक रामकथा का आयोजन किया जाएगा। इस रामकथा में आचार्य देवराज शास्त्री प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे।

## ट्रैफिक टूरिस्ट पुलिस कर रही सड़क दुर्घटनाओं का सर्वेक्षण

# शराब पीकर ड्राइव करने से बढ़ रहे सड़क हादसे

**अनंत ज्ञान, शिमला**

ट्रैफिक टूरिस्ट एवं रेलवे पुलिस मुख्यालय में प्रदेश के जिलों के दूरदराज के क्षेत्रों में सड़क यातायात दुर्घटनाओं के बारे में समय-समय पर सर्वेक्षण किया जा रहा है। ट्रैफिक टूरिस्ट एवं रेलवे पुलिस एआईजी विनोद कुमार ने बताया कि सडक़ दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की पहचान करने के लिए टैक्सी चालकों, भारी वाहन चालकों और निजी वाहन चालकों से भी वार्तालाप किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण में पाया गया कि दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में पाया गया है कि कई पर्यटक टैक्सी और बाइक सहित अपने स्वयं के वाहनों में इन क्षेत्रों का दौरा करते हैं, लेकिन पहाड़ी इलाकों में ड्राइविंग के अनुभव की कमी होती है।

इससे संकीर्ण और अंधे मोड़ों पर चलते हुए चुनौतियां पैदा होती हैं। इन क्षेत्रों में ड्राइवरों के बीच शराब के सेवन की उच्च दर देखी गई। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने और ड्रोन कैमरे का उपयोग करके सर्वेक्षण किया गया।

**प्रदेशभर में पुलिस ने 2024 में ड्रंक एंड ड्राइव के किए 13165 चालान**



पुलिस प्रदेशभर में विभिन्न जगहों पर नाकाबंदी के दौरान साल 2024 में ड्रंक एंड ड्राइव के 13165 चालान किए हैं। पुलिस ने प्रदेश में ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में 3391 वाहन चालकों के लाइसेंसों के निलंबन की सिफारिशें भेजी हैं। प्रदेश में सडक़ सुरक्षा बढ़ाने के सक्रिय प्रयास में हिमाचल प्रदेश पुलिस यातायात, पर्यटक और रेलवे मुख्यालय सडक़ यातायात दुर्घटनाओं, उल्लंघनों, मौतों की निगरानी और प्रबंधन के लिए वास्तविक समय डाटा विश्लेषण का उपयोग कर रहा है।

**24 घंटे काम कर रहे पुलिस कर्मचारी**

**एआईजी** टीटीआर विनोद कुमार ने कहा कि टीटीआर मुख्यालय में एक समर्पित टीम 24 घंटे काम करती है। सडक़ दुर्घटनाओं के पैटर्न और कारणों की पहचान करने के लिए 24 घंटे सात दिन ट्रैफिक डाटा का विश्लेषण करती है। ट्रैफिक टूरिस्ट एवं रेलवे पुलिस के विश्लेषणों में खुलासा हुआ है कि लापरवाही से गाड़ी चलाने, तेज गति से गाड़ी चलाने और नशे में गाड़ी चलाने के कारण काफी संख्या में दुर्घटनाएं हुई हैं।

## संपत्ति कर न चुकाने वालों के नाम होंगे सार्वजनिक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नगर निगम शिमला ने संपत्ति कर न चुकाने वालों के नाम अपनी वेबसाइट और डिस्प्ले बोर्ड पर सार्वजनिक करने का निर्णय लिया है। निगम के अनुसार, 2,000 से अधिक परिवार अभी भी निगम को संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिनमें से कई घरों ने पिछले कुछ वर्षों से बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है। नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित बैठक के दौरान यह निर्देश पारित किए गए। बैठक के दौरान, यह पता चला कि 2,000 से अधिक परिवारों ने निगम को संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है और नोटिस जारी होने के बावजूद भी भुगतान नहीं कर रहे हैं।

यह भी बताया गया कि लगभग 500 दुकानदार ऐसे हैं जिन्होंने नगर निगम की दुकानों का किराया नहीं दिया है। नगर निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को बकायादारों को नए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बकाया राशि का भुगतान न करने पर उपरोक्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को उन दुकानदारों की दुकानों को सील करने के भी निर्देश दिए गए, जिन्होंने नोटिस प्राप्त करने के बाद भी निगम को किराया नहीं दिया है।

# हिमाचल प्रदेश में बढ़ने लगा बेरोजगारों की बेगारी का दर्द

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

किसी ने क्या खूब कहा है कि 'खूब पढ़ने के बाद भी अगर आप बेरोजगार हैं, शुभकामनाएं दो, यह मौजूदा सरकार का चमत्कार है।' हाल-फिलहाल यही दुखदायी खेल बेरोजगारों के इर्द-गिर्द खेला जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में देश के अन्य राज्यों की तरह बेरोजगारों की बेगारी का दर्द बढ़ने लगा है। साक्षात्कार के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है।

बेरोजगारी की दर बढ़ने से कई प्रकार के गंभीर सवाल भी खड़े हो गए हैं। नाखुश बेरोजगार विरोध की सीधी राह पर दिखने वाले हैं। राज्य के बजट सत्र में इनका हल्ला बोल स्वर बुलंद होने वाला है, जिसमें राजनीतिक व सामाजिक संगठनों की परोक्ष भागीदारी दिख सकती है और सड़क से सत्ता के गलियारों तक खूब कोहराम मच सकता है।

हिमाचल प्रदेश की हालिया सर्वेक्षण रिपोर्ट पर गौर करें तो वर्ष 2023-2024 में बेरोजगारी की दर में 4 फीसदी की सीधी बढ़ोतरी देखी गई है। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह दर 4.0 थी, जिसमें साफ तौर पर 4 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2024

**बजट सत्र में बुलंद हो सकते हैं हल्ला बोल स्वर**

एक राज्यभर में रोजगार पंजीकृत कार्यालयों में रोजगार के आंकड़ों पर गौर करें, तो उन आंकड़ों में 7 लाख 8 हजार 230 बेरोजगारों ने अपना पंजीकरण रोजगार पाने के लिए कर रखा है। इनमें पुरुष व महिलाओं में बेरोजगारी की दर बराबर सी नजर आती है। हैरानी तब होती है जब इन पंजीकृत आंकड़ों में से महज 0.2 लोगों को ही सरकारी नौकरी मिल पाई है जो सरकारी नौकरी चाहने वालों के लिए बेहद जटिल चुनौती है।

इन रोजगार पंजीकृत कार्यालयों के जरिए उपरोक्त वित्तीय वर्ष में केवल 6983 लोगों को ही रोजगार मिल पाया है। ऐसे में अंगुली का सीधा निशाना मौजूदा कांग्रेस सरकार की तरफ जाता है जो घोषणा पत्र के अनुरूप बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध नहीं करवा पाई है। लिहाजा बेरोजगारों की बढ़ती फौज हताशा के भंवर में डूब चुकी है, जो कभी भी धधकती ज्वाला बनकर इन नीति-नियंताओं के सियासी तंबू उखाड़ सकती है, अब समय आ गया है कि सरकार को इस दिशा में मंथन करना चाहिए।(अनंत ज्ञान)

## दीक्षा वशिष्ठ राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार से सम्मानित

**दशमी रावत, जुब्बल/कोटखाई**

राष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम में भारत की युवा शक्ति का उत्सव 2024-25 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश की बेटी दीक्षा वशिष्ठ को राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार 2024-25 से सम्मानित किया गया।

दीक्षा वशिष्ठ ने नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है, जिससे युवाओं में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफलता मिली। उनके इसी प्रयास के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस, सीआईडी व मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा राज्य पुरस्कार और 1.50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जा चुकी है।



इस भव्य समारोह में देशभर से आए 30 युवाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें सभी को मूल चांदी का मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस आयोजन का नेतृत्व फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया के अध्यक्ष, प्रबंधक एवं चेयरमैन मंटू कुमार यादव द्वारा किया गया।

## देर रात एसडीएम आवास में प्रवेश करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत एसडीएम विजय वर्धन सारस्वत ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार देर रात गंगटोली में निवास स्थान पर उन्हें घर के बाहर किसी के चलने की आवाज सुनाई दी। जब वे बाहर आए तो अज्ञात व्यक्ति को जाते देखा।

इस दौरान सीसीटीवी कैमरे को खंगाला और पाया कि एक व्यक्ति दीवार को फांदकर अंदर प्रवेश करते हुए दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति की पहचान अंकुश (29) पुत्र धनी राम गांव बिजोरी डाकघर सीमा तहसील रोहड़ू के तौर पर हुई है। पुलिस थाना रोहड़ू में मामला दर्ज किया गया है और उसे पुछताछ के लिए बुलाया गया है।

## बागवानों को सेब की विदेशी किस्मों के रूट स्टाक होंगे उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

उद्यान विभाग नर्सरी मैनेजमेंट सिस्टम के तहत बागवानों को सेब की विदेशी किस्मों के रूट स्टाक उपलब्ध करवा रहा है। जिसके लिए बागवानों को अपने उद्यान केंद्रों पर सेब की बुकिंग करनी होगी। प्रति रूट स्टाक पौधे के लिए बागवानों को 180 रुपए देने होंगे। बुकिंग के बाद बागवानों को रूट स्टाक की सप्लाई शिलारू उद्यान केंद्र से दी जाएगी।

उद्यान विभाग जिला शिमला में 9,530 रूट स्टाक के पौधे वितरित करेगा, जिसमें गाला शनीको रेड के 1550 पौधे, डारक बैरन गाला के 2200 पौधे, जेरोमाईन के 500 पौधे, रेडलम गाला के 950 पौधे, गाला वाल के 1850, गाला शनीगा शनीको के 115, बुकेई गाला 100, गाला वेनस फेंगल के 180, गेल गाला के 850, रेड विलाक्स के 200 के पौधे वितरित किए जाएंगे। रूट स्टाक बड-10, जी-41, जी-11, जी-935, एमला-106, एमएम-106, एम-9 पर उपलब्ध है।

उद्यान विभाग के विषय विशेषज्ञ डा. संजय चौहान ने बताया कि इन रूट स्टाक बुधवार से बांटे जाएंगे। पहले आओ पहल पाओ की तर्ज पर रूट स्टाक दिए जाएंगे। जिसको रूट स्टाक के पौधे लेने है। वह उद्यान केंद्र में आकर अपनी बुकिंग करवा सकता है।

## इग्नू में नए सत्र के लिए प्रवेश की तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** इग्नू के शैक्षणिक सत्र 2025 के प्रवेश की अंतिम तिथि 15 फरवरी तय की गई है। सोलन स्टडी सेंटर के इग्नू कोऑर्डिनेटर नरेंद्र वर्मा ने बताया कि इग्नू से मास्टर, बैचलर डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के करने के इच्छुक अभ्यर्थी फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

**15 तक करें आवेदन**

इग्नू से ओडीएल और ऑनलाइन मोड पर कक्षाएं ली जाएगी। अभ्यर्थी इग्नू वेबसाइट के माध्यम से भी एडमिशन ले सकते हैं। इसके अलावा निकटम केंद्र में भी प्रवेश लिया जा सकता है। आवेदन की तिथि बढ़ने से असुविध नहीं होगी।

## कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि घर-घर जाकर ऋणी किसानों को वितरित करेंगे बीमा पॉलिसी

# एडीसी ने 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला में फसल बीमा योजना के अंतर्गत 'मेरी पॉलिसी, मेरे हाथ'अभियान का शुभारंभ मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर की अध्यक्षता में किया गया। यह विशेष अभियान 15 मार्च तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि घर-घर जाकर ऋणी किसानों को उनकी बीमा पॉलिसी वितरित करेंगे।

कृषि उपनिदेशक ने बताया कि बिलासपुर जिले में 16,024 ऋणी किसानों ने 5,370 हेक्टेयर भूमि पर गेहूं फसल के लिए बीमा करवाया है। उतनी ही संख्या में बीमा पॉलिसियां भी वितरित की जाएंगी।



इस योजना के तहत, सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बीमा कराने वाले किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 15,310 किसानों ने फसल बीमा करवाया था, जो इस वर्ष बढ़कर 16,818 हो गया है। अर्थात, इस बार 1,508 अधिक किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया है, जो दर्शाता है कि किसान अब बीमा योजना के महत्व को समझ रहे हैं और इससे लाभ उठाने के लिए आगे आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान यह भी घोषणा की गई कि 1 मई 2025 से अदरक फसल के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित बीमा योजना लागू की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत अदरक की फसल को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने किसानों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में अदरक फसल का बीमा करवाएं, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

# झंडूता अस्पताल की स्टाफ नर्स के आवास में लगी आग

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक अस्पताल झंडूता की स्टाफ नर्स निशा देवी के सरकारी आवास में आज सुबह 9:30 बजे आग लग गई थी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग झंडूता की एक टीम मौके पर पहुंची और विभाग द्वारा त्वरित करवाई करते हुए आग पर काबू किया गया तथा आस पास में सरकारी आवास में आग लगने से बचाया, जो उनके द्वारा लगभग 50 लाख का नुकसान होने से बचाया गया है। आग के कारण कोई भी जानी नुकसान न हुआ है। लगभग 10 हजार रुपए के समान का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता न चला सका है।



अग्निशमन अधिकारी झंडूता राजेश कुमार ने बताया कि सुबह के समय हमें सूचना मिली की अस्पताल के सरकारी आवास में आग लगी है। हमने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। इसमें कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है। इसमें विभाग द्वारा लगभग 50 लाख की संपत्ति को बचाया गया है।

## सांसद अनुराग के प्रयासों से सकुशल घर पहुंचे बिलासपुर के जवान कांति चंदेल: सोनल शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर भाजपा के वरिष्ठ नेता सोनल शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी कि जिला बिलासपुर के सलाली के रहने वाले व जेके राइफल्स के जवान के दिल्ली में लापता होने पर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से 5 घंटे के अंदर सकुशल मिलने की बात कही है। सोनल शर्मा ने कहा कि कांति चंदेल सेवानिवृत्ति के बाद 3 फरवरी को वापस घर आ रहे थे। जबलपुर से चलकर दिल्ली के निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचे कांति चंदेल किन्हीं कारणों से लापता हो गए थे। परिजनों ने सांसद अनुराग को जवान के लापता होने की सूचना दी। अनुराग ठाकुर ने अविलंब कार्रवाई करते हुए स्थानीय रेलवे पुलिस से संपर्क किया। परिणामस्वरूप शाम 6 बजे तक जवान के मिलने की सूचना आ गई। इस त्वरित कार्रवाई के लिए कांति चंदेल के परिजनों ने सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## ऑपरेशन के दौरान मरीज के पेट से निकाले 33 सिक्के

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं शहर में स्थित एक निजी अस्पताल में डॉक्टर ने 33 वर्षीय युवक के पेट से ऑपरेशन के जरिए 33 सिक्के निकाले हैं। इनका मूल्य 300 रुपए और वजन 247 ग्राम पाया गया। पेट दर्द की शिकायत के चलते परिजन युवक को 31 जनवरी को प्राइवेट अस्पताल में लाए थे। डॉक्टर ने इसके अलग-अलग टेस्ट किए। एंडोस्कोपी भी की फिर पता चला कि पेट में बहुत सारे



सिक्के हैं। डॉक्टर ने ऑपरेशन करके इस युवक के पेट से दो, दस और बीस रुपए के 33 सिक्के निकाले हैं। डॉक्टर अंकुश ने बताया कि इस युवक को सिजोफ्रेनिया नाम की बीमारी है। सर्जन डॉक्टर ने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण केस था। ऑपरेशन करना बिलकुल भी आसान नहीं था। मरीज का पेट गुब्बारे जैसा हो गया था। पेट में हर जगह सिक्के थे। ऑपरेशन थिएटर में हमने सीआर के जरिए सिक्कों को ढूंढा। देखा कि सिक्के कहां-कहां हैं, फिर सिक्कों को निकाला गया। उन्होंने बताया कि युवक की सर्जरी लगभग तीन घंटे चली।

# प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही भाजपा : रामलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर ने भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा को कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीति कर रही है और जनता को गुमराह कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा विधायक प्राथमिकता की योजनाओं पर सरकार हर साल एक बैठक आयोजित करती है, जिसमें विधायकों को अपनी प्राथमिकताओं पर चर्चा करने का मौका मिलता है। इस वर्ष भी यह बैठक रखी गई थी, लेकिन भाजपा ने इस बैठक का बहिष्कार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता राज्य की योजनाओं में अड़चन डालने का काम कर रहे हैं, केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए। कांग्रेस सरकार के समय विधायक प्राथमिकता की योजनाएं पूरी हुई, जबकि भाजपा के शासन में कई योजनाएं अधूरी रह गईं, जिनकी वजह से वन मंत्रालय की मंजूरी जैसे अड़चनें आ रही थीं।रामलाल ठाकुर ने भाजपा के प्रवक्ता रणधीर शर्मा पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि भाजपा सरकार खाल टीबा स्कीम को लागू क्यों नहीं कर पा रही है। उन्होंने सवाल किया कि अगर केंद्र सरकार इस योजना को बनाना चाहती है, तो भाजपा के विधायक इसे अपने क्षेत्र में क्यों नहीं बढ़ा पा रहे हैं। पूर्व मंत्री ने भाजपा से अपील की कि वे इस घटिया राजनीति को छोड़कर प्रदेश के विकास में सहयोग करें और केंद्र सरकार से आवश्यक क्लीयरेंस के लिए प्रयास करें। भाजपा द्वारा की जा रही राजनीति से हिमाचल प्रदेश को कोई लाभ नहीं हो रहा है।

**अवहेलना** स्कूली छात्र दोपहिया वाहनों पर कर रहे ट्रिपल राइडिंग

# यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे युवा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर में यातायात को बेहतर बनाने के दावे तो पुलिस करती है, लेकिन धरातल पर पुलिस के दावे हवा होते नजर आ रहे हैं। पुलिस की नजरों के सामने स्कूली छात्र दोपहिया वाहनों को दौड़ा रहे हैं और ट्रिपल राइडिंग भी कर रहे हं। घुमारवीं शहर में दकड़ी चौक, गांधी चौक और मिनर्वा चौक के अलावा अन्य जगहों पर पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं। बावजूद इसके सरेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

पुलिस द्वारा इक्का-दुक्का चालान कर महज औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं, परंतु शहर में लगातार यातायात नियमों की अवहेलना हो रही है। स्कूली वर्दियों में विद्यार्थी



दोपहिया वाहन चलाते हुए देखे जा सकते हैं। ऐसे में भीड़भाड़ वाले शहर में पैदल चल रहे राहगीर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। शहर ही नहीं आसपास के कस्बों में शाम ढलते ही शराब के नशे में चालक गाड़ियों को दौड़ाते हैं। दधोल, डंगार, भराड़ी, कुठेड़ा, निहारी आदि कस्बों में ठेकों के बाहर कई वाहन खड़े होते हैं। गाड़ियों में बैठकर शराब पीने के बाद सड़कों पर तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं। थानों में रखे एल्को शेंशर धूल फांक रहे हैं। स्पीडोमीटर कभी कभार प्रयोग किए जाते हैं। ऐसे में किस तरह यातायात व्यवस्था सुचारु हो पाएगी। यह बड़ा सवाल है। किसी भी हादसे के बाद पुलिस कड़े नियम अपनाने की बातें तो करती है, लेकिन समय के साथ साथ यह नियम हवा हो जाते हैं और धरातल पर वही यातायात के अवहेलना शुरू हो जाती है।

इस संदर्भ में पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल ने कहा कि पुलिस लगातार यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती आ रही है। आगे भी कड़े नियम अपनाकर कानून व्यवस्था सुचारु रखने का कार्य किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सहकारिता वर्ष के कार्यक्रमों का संभावित कैलेंडर तैयार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जिला बिलासपुर में विभिन्न सहकारी संगठनों और संस्थानों के सहयोग से वर्षभर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में एडीसी डॉ. निधि पटेल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला सहकारिता विभाग, पर्यटन विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक और अन्य सहकारी संस्थाओं के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में वित्तीय साक्षरता, कृषि एवं जैविक खेती, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार किया गया। वर्ष की शुरुआत में वित्तीय साक्षरता कार्यशालाएं और प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। फरवरी में सफाई अभियान, पौधरोपण एवं प्रबंध समिति जागरूकता शिविर होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण बैंक शाखा नगर रोड ने दी बीमा राशि

**अनंत ज्ञान, तीसा/चुराह।** हिमाचल प्रदेश पर्वतीय ग्रामीण बैंक शाखा नगर रोड द्वारा मंगलवार को मुरीमा पत्नी स्वर्गीय शहाबुद्दीन टिकरीगढ़ और बबली देवी पत्नी स्व. श्री देवी सिंह और डाकघर जसोरगढ़ को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो-दो लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक सिद्धार्थ कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी 18 वर्षीय इससे ऊपर के नागरिकों को यह बीमा जरूर करवाना चाहिए मात्र 20 रुपए के वार्षिक प्रीमियम से 2 साल का बीमा होता है और किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर नॉमिनी को दो लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की जाती है। शाखा प्रबंधक में बैंक की बाकी जन सुरक्षा स्कीमों के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी अनेक लाभकारी और जनकल्याणकारी योजनाएं बैंकों द्वारा चलाई जा रही है जिसे आम आदमी भरपूर लाभ उठा सकता है।

### चमन लाल ने राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा की पास

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाली होली घाटी क दियोल गांव निवासी चमन लाल ने राजनीतिक विज्ञान में स्कूल प्रवक्ता की परीक्षा उत्तीर्ण कर होली घाटी व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। चमन लाल ने यह सफलता14 साल घर-परिवार दूर रहकर कड़ी महनत और लगन के बल पर हासिल की है। राज्य लोक सेवा आयोग ने सोमवार देर शाम 102 पदों के लिए आयोजित हुई परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें चमन भी बतौर राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता चयनित हुए हैं। चमन ने अपनी स्कूल परीक्षा होली तहसील के देओल स्कूल से पूरी की। उसके बाद उन्होंने धर्मशाला में रहकर स्नातक और बीएड की डिग्री के साथ टेट-सीटेट की परीक्षा भी पास की। बाद में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एमए करने के साथ-साथ स्कूल प्रवक्ता की परीक्षा की तैयारी भी करते रहे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) भी पास लिया।

### अग्निकांड पीड़ितों को महिलाओं ने दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जनजातीय क्षेत्र पांगी की शून पंचायत के उदीन गांव और करयूनी पंचायत के मौछ गांव में भीषण अग्निकांड के प्रभावित एकल महिलाओं के लिए पांगी की महिलाओं ने मिसाल पेश की है। महिलाओं ने अपने स्तर पर धनराशि जुटाई है। करयूनी के मौछ गांव की पीड़ित सुरमी देवी को 25,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। वहीं, पीड़ित परिवार अमर देई उदीन से बात करने के बाद पता चला कि वह कुल्लू गई हैं। उनके लौटने पर उन्हें सहायता राशि प्रदान कर दी जाएगी।

### पत्रकारों की समस्या व चुनौतियों पर की चर्चा

**विनोद, नेरचौक।** उपमंडल बल्ह में जिला लोक संपर्क अधिकारी जिला मंडी ने दौरा कर नेरचौक प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ एक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। पत्रकारों से मिलन कार्यक्रम के तहत आपसी चर्चा में पत्रकारों की समस्याओं और मौजूदा चुनौतियों को लेकर सकारात्मक विचार विमर्श किया गया, जिसमें लोक संपर्क अधिकारी हेमंत शर्मा ने सभी को निष्पक्ष एवं सकारात्मक पत्रकारिता करने का आह्वान करते हुए कहा कि विभाग की ओर से पत्रकारों को जो भी सुविधा प्रदान की जाती है, उन्हें उपलब्ध करवाने के लिए वह प्राथमिकता से कार्य करेंगे। उन्होंने प्रेस क्लब की भूमि का निरीक्षण भी किया और आश्वासन दिया कि विभाग की ओर से भवन निर्माण के लिए बजट उपलब्ध करवाने का प्रपोजल निदेशक कार्यालय को भेजा जाएगा। इसके लिए उन्होंने नेरचौक प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को कुछ औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। पत्रकार मिलन के इस कार्यक्रम में सहायक लोक संपर्क अधिकारी करसोग संजय सैनी, नेरचौक प्रेस क्लब के प्रधान हरीश कुमार सहित अन्य पत्रकार गोविंद ठाकुर, सुभाष आहलूवालिया, कपिल सेन, विनोद जस्वाल व मनप्रीत सिंह शामिल रहे।

### एक्स सर्विसमैन लीग टिहरा का हुआ गठन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एक्स सर्विसमैन लीग, टिहरा का चुनाव और गठन इंडियन एक्स-एक्सरविसेज लीग, हिमाचल प्रदेश के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के तत्वधान और सभी तरह की चुनावी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए किया गया। इस सभा में इंडियन एक्स-एक्सरविसेज लीग, हिमाचल प्रदेश के प्रेसिडेंट कर्नल वाई एस राणा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। तथा उनके सहयोगी कर्नल खेम सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, जेडब्ल्यूओ एडवोकेट किशोर ठाकुर, वाइस प्रेसिडेंट तथा जनरल सेक्रेटरी कर्नल आर पी गुलेरिया उनके साथ रहे। सभी तरह की चुनावी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए कैप्टन रमेश कुमार तपवाल को चेयरमैन, कैप्टन सुरेंद्र जमवाल को सीनियर वाइस चेयरमैन, कैप्टन रविंद्र सिंह को वाइस चेयरमैन, नायब सूबेदार चमन लाल को कोषाध्यक्ष तथा कैप्टन अशोक चंदेल को सचिव चुना और नियुक्त किया गया। इस अफसर पर मुख्यातिथि कर्नल वाईएस राणा ने वीर नारी पार्वती देवी और गैलेंट्री अवार्ड विनर नायब सूबेदार रहीम सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया।

### लेदा में 58वें 'दी सीडी सहकारी शाखा' का हुआ शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैरकोट के लेदा में मंगलवार को दी सीडी सहकारी सभा सीमित शाखा लेदा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सभा के उपाध्यक्ष कर्म चंद सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा फीता काटकर दी सीडी सहकारी सभा के 58वें एक्सटेंशन काउंटर लेदा का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने सभा द्वारा उपभोक्ताओं के हितों को लेकर चलाई जा रही वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। तथा आम लोगों, व्यापारी वर्ग से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर सभा के संचालक बलदेव सिंह, मुख्य सलाहकार महेंद्र पाल गौतम, सभा के प्रवंधक रमेश चंद, अनुराग शर्मा, शाखा प्रवंधक हंसराज, भूपेंद्र, केवल कृष्ण हरवंस सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गांव दाल में पेयजल संकट लोग गंदा पानी पीने को मजबूर

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकासखंड भटियात की ग्राम पंचायत सुदली के गांव दाल में पेयजल आपूर्ति को लेकर संकट गहरा गया है। जल शक्ति विभाग की लापरवाही से लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है । स्थानीय लोगों ने खुद जाकर पेयजल स्रोत का मोआइना किया और पाया कि कई दिनों से जल शक्ति भाग में कार्यरत कर्मियों ने स्रोत की सुद्ध नहीं ली है जिससे तमाम डाल गांव के लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है। इस बारे में लोगों ने कई बार जल शक्ति विभाग को कनिष्ठ अभियंता को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत भी करवाया किंतु इसको लेकर उन्होंने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं।

बता दें कि मंगलवार बाद दोपहर को बारिश भी हुई है किंतु पानी गांव के नलों में नहीं पहुंच पाया है। लोगों ने मांग की है कि जल शक्ति विभाग में जो कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा रहे हैं ऐसे कर्मचारीयों की वेतन में कटौती की जानी चाहिए ताकि उन्हें उनके दायित्व का बोध हो सके। (अनंत ज्ञान)



पेयजल स्रोत में गंदा पानी।

**समस्या का समाधान न होने पर लोग करेंगे घेराव**

वहीं ग्राम पंचायत प्रधान जगदीश ने इस समस्या को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल शक्ति विभाग इस समस्या को जल्द से जल्द प्राथमिकता से बहाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान न हुआ तो गांववासियों द्वारा जल शक्ति उपमंडल कार्यालय का घेराव करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

**खराब पड़ी पाइपलाइनों को ठीक कर जल आपूर्ति सेवा को किया जाएगा बहाल : अजय**

इस सारे मामले को लेकर कनिष्ठ अभियंता अजय महाजन से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आ गया है और वह जल्द ही मौके पर जाकर सोर्स का मोआइना करेंगे और जल्द तमाम ग्राम वासियों के समक्ष आ रही इस समस्या का निपटारा भी कर दिया जाएगा, क्योंकि बीते काफी समय से क्षेत्र में बारिश भी नहीं हुई थी इसका एक बड़ा कारण यह था कि जल आपूर्ति सेवा भी प्रभावित हुई थी किंतु बारिश हो गई है और स्रोतों में भी पानी आ गया है और जल्द ही खराब पड़ी लाइनों पर भी काम कर जल आपूर्ति सेवा को बहाल कर दिया जाएगा।

## भरमौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 6 इंच तक बर्फबारी

**कई जगहों पर तापमान पहुंचा माइनस तक**

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मंगलवार को देर शाम जनजातीय क्षेत्र भरमौर में मौसम ने देखा एक करवट बदल ली। जिसके चलते ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी वह निचले क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला लगातार जारी रहा। मौसम के अचानक करवट बदलने के बाद यहां पर तापमान में भी गिरावट आई है। पहाड़ों में बर्फबारी व मैदानी इलाकों में बारिश के चलते यहां पर एकाएक ठंड का प्रकोप फिर बढ़ गया है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर शाम शुरू हुई बारिश व बर्फबारी के चलते भरमौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 6 इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है। हालांकि इसके साथ ही डलहौजी खजियार व दूसरे इलाकों में भी मैदानी इलाकों में बारिश व ऊंचाई वाले क्षेत्र में बर्फबारी शुरू हुई। जिसके चलते कई जगह तापमान माइनस में चला गया।

गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से यहां पर बारिश न होने के चलते एका एक गर्मी बढ़ गई थी। जिसके चलते यहां के किसान व बागवान भी काफी मायूस दिख रहे थे, लेकिन मंगलवार देर शाम से ही शुरू हुई बर्फबारी में बारिश के कारण यहां के किसान और बागवानों के चेहरे खिल गए हैं।

# रायपुर विद्यालय को ग्रीन स्कूल अवॉर्ड से किया सम्मानित





अध्यापकों को अवॉर्ड सौंपते हुए गणमान्य।

**बबलू पठानिया, भटीयात/चुवाड़ी**

पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए कार्निवल और अवॉर्ड्स सेरेमनी 2025 का आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट द्वारा देशभर के उत्कृष्ट विद्यालयों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले से वर्ष 2024-25 में 'ग्रीन स्कूल अवॉर्ड' प्राप्त करने वाला एकमात्र स्कूल 'पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर' बना, जिससे जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ। यह सम्मान विद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित पहल को बढ़ावा देने के लिए किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के लिए दिया गया।

इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों का योगदान सराहनीय रहा। विशेष रूप से जिला चंबा के शिक्षा विभाग और गौरव वैद (विज्ञान पर्यवेक्षक) का भी आभार व्यक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

राजीव प्रवक्ता भौतिक शास्त्र इको क्लब इंचार्ज ने कहा, यह पुरस्कार हम सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। पर्यावरण संरक्षण केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे हमें पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए। यह सम्मान हमें और अधिक प्रेरित करेगा कि हम विद्यालय और समाज को हरित और स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें।(अनंत ज्ञान)

# जिले में कार्यरत जेबीटी, एचटी और सीएचटी की होगी पदोन्नति

**प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने समस्त स्कूलों से मांगी एसीआर, जल्द ब्यौरा भेजने के आदेश**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिले में कार्यरत जेबीटी, एचटी और सीएचटी की पदोन्नति होगी। इस संदर्भ में प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने कदमताल शुरू कर दी है।

विभाग ने समस्त स्कूलों से एसीआर मांगी है। इसके लिए एक सप्ताह का समय विभाग ने समस्त स्कूलों और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों को दिया है। इस मामले में लेटलतीफी और लापरवाही के लिए स्कूल प्रभारी और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी खुद जिम्मेदार होंगे।

गौरतलब है कि जेबीटी से एचटी, एचटी से सीएचटी और सीएचटी से बीईईओ की पदोन्नति होती है। मार्च में कई अध्यापक सेवानिवृत्त भी होंगे।

ऐसे में यह पदोन्नति अप्रैल में होगी। सरकार की ओर से निर्धारित अवधि के बाद अध्यापकों को पदोन्नत किया जाता है। कार्यवाहक प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक चंबा ज्ञान चंद ने इसकी पुष्टि की है।

# लोगों ने करवाया श्मशानघाट के रास्ते का निर्माण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

'जहां चाह वहां राह' यह शब्द जिला चंबा के साथ लगते सुल्तानपुर वार्ड के लोगों पर खरे उतरते हैं, जिन्होंने स्थानीय नगर परिषद स्थानीय प्रशासन के सुस्त रवैया के बावजूद भी खुद ही एकजुट होकर स्थान में श्मशानघाट के खराब रास्ते का निर्माण करवा कर गेट पर तालाबंदी की गई।

बता दें कि सुल्तानपुर श्मशानघाट के कार्य के लिए जहां शासन, प्रशासन सहित वार्ड के पार्षद ने पिछले कई वर्षों से जो ध्यान नहीं दिया जिसके लिए स्थानीय लोग कड़े शब्दों में ऐसे पार्षदों की निंदा करते हुए , अपने आप ही निस्वार्थ सेवा के लिए स्थानीय लोगों के सहयोग से सुल्तानपुर वार्ड के निवासी जो शैशन कोर्ट से रिटायर्ड बाबु राम, प्रशांत महाजन, इश्वर भारद्वाज, रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर हंसराज, डाक्टर हेमंत शर्मा, डाक्टर अनूप शर्मा, रविकांत चौधरी, सुधीर कुमार आर्य सहित निकु राम व अन्य ने मात्र एक महीने से पहले सुल्तानपुर श्मशानघाट के रास्ते का कार्य को पूर्ण करवा कर जिसके लिए समस्त चंबा जिला के लोग इन लोगों की प्रशंसा कर रहे हैं।



रास्ते के निर्माण पर जानकारी देते हुए स्थानीय लोग व अन्य।

## सुराड़ा मोहल्ला में लोगों ने करवाई ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजस्व विभाग की ओर से केवाईसी करवाने का कार्य पूरे जोरशोर से जारी है। इसमें पटवारी शहर की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी गई, जिस पर सुराड़ा मोहल्ला वासियों ने आभार जताया है।

चंबा शहर के सुराड़ा मोहल्ला में केवाईसी करवाने के लिए पटवारी की ओर से पार्षद उर्मिला जसरोटिया को सूचित किया गया। हालांकि, दिन में 11 बजे का समय दिया था, लेकिन विभाग की साइट नहीं चलने से कुछ लोग वापस हो गए, लेकिन इसके बाद साइट चलने पर बहुत से लोगों ने केवाईसी करवाई।

# नेरचौक शहर में बनेगी पेड पार्किंग

**विनोद, नेरचौक**

बल्ह उपमंडल अधिकारी कार्यालय में नेरचौक नगर परिषद की यातायात व्यवस्था, सड़कें, नालियां व साफ सफाई की दशा को सुधारने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।

एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी की अध्यक्षता हुई इस बैठक में नेरचौक व्यापार मंडल के प्रधान अमृतपाल सिंह, चेयरमैन छोटु ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता देवी राम चौहान, नगर परिषद से कनिष्ठ अभियंता दीक्षा शर्मा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापार मंडल के सदस्यों व व्यापारियों ने बाजार में नेरचौक में यातायात के दबाव को कम करने बारे बात रखी। इसके समाधान के लिए उपमंडलाधिकारी स्मृतिका नेगी ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वह अपने वाहन दुकान के बाहर खड़े न किया करे। खुले स्थान पर सफेद पट्टी के अंदर पेड पार्किंग बनाई जाएगी। इससे लोगों को पार्किंग स्थल मिलेगा, नगर परिषद की आय में भी बढ़ोतरी होगी तथा लोगों को गाड़ियों के चालान से भी राहत मिल सकेगी।

चर्चा में यह भी बात उठी कि नेरचौक बाजार में वर्षा आश्रलय की कमी है। इसके लिए दोनों बस स्टॉप पर वर्षा आश्रलय बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से बात हुई जल्द ही इसके लिए भूमि के लिए संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। नेरचौक शहर में सड़क के दोनों ओर निकासी नालियों के निर्माण को लेकर चर्चा हुई।

उपमंडलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि जल्द ही सभी के सामंजस्य से समाधान के लिए कार्य किए जाएंगे।



उपमंडलाधिकारी स्मृतिका नेगी के साथ व्यापारी व अन्य विभागीय अधिकारी चित्र में।

# रोगों से बचाव के लिए समय पर जांच जरूरी

**जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा ने किया कैंसर दिवस का आयोजन**

**कहा-स्वास्थ्य जीवन शैली के अभाव से रोगियों की संख्या में हो रहा इजाफा**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विपिन ठाकुर ने की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉक्टर विपिन ठाकुर ने आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर सहित अन्य गैर संचारी रोगों से बचाव के लिए समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाना जरूरी है।

उन्होंने कैंसर की विभिन्न स्तरों और उस के कारणों और ट्रीटमेंट प्रोसेस की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जिस पर स्वास्थ्य विभाग कार्य कर रहा है लोगों को कैंसर की जागरूकता के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिस से इन गैप को कम किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी बीमारी से बचने के लिए 30 साल से ऊपर के व्यक्ति को समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच करवा लेनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मुख्य मंत्री निरोग योजना के अंतर्गत विभिन्न गैर संचारी रोगों को स्क्रीन किया जा रहा है, जिसमें कैंसर भी एक प्रमुख बीमारी है, इसके तहत 18 साल से ऊपर व्यक्ति को चिन्हित किया जाता है कि इस आयु वर्ग की स्वास्थ्य जांच समय-समय पर होनी चाहिए जिसके लिए विभाग प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि जांच पर ही किसी भी बीमारी का पता लग पाएगा तभी समय पर इसका उपचार सम्भव है। स्वास्थ्य जीवन शैली के अभाव से भी रोगियों की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है इसके अतिरिक्त अधिक मामले धूम्रपान तम्बाकू के सेवन के भी सामने आ रहे हैं। इसलिए लोगों से आह्वान है कि अपनी आदतों को बदलें तथा स्वस्थ जीवन जिएं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षक निर्मला आशा कोऑर्डिनेटर, अनु कौशल और बीसीसी कोऑर्डिनेटर दीपक जोशी उपस्थित रहे।

**सूडोकु 0057** ★★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0056 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

# लोगों को कुष्ठ रोग पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

कुष्ठ रोग जागरूकता को लेकर आज जोगिन्दर नगर शहरी क्षेत्र में सिविल अस्पताल व हिमालयन नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर के प्रशिक्षुओं द्वारा संयुक्त तौर पर रैली का आयोजन किया गया।

इस दौरान लोगों को कुष्ठ रोग बारे जागरूकता का संदेश दिया। इस बात की पुष्टि करते हुए बी.एम.ओ. पधर डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर एवं हिमालयन नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर द्वारा संयुक्त रूप से जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग बारे जागरूक किया गया। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर डॉ. रोशन लाल कौंडल ने कुष्ठ रोग के विभिन्न लक्षणों, कारणों एवं निदान पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कुष्ठ रोग का इलाज और बचाव संभव है। इस रोग को लेकर हमारे समाज में कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का पहला लक्षण चमड़ी पर उभरता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग को लेकर समाज में व्याप्त विभिन्न भ्रांतियों से लोग स्वयं को दूर रखें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कुष्ठ रोग का उपचार उपलब्ध है। कुष्ठ रोग से के लक्षण होने पर तुरंत अस्पताल में जांच करवानी चाहिए ताकि समय पर उपचार मिल सके।

## टाउन वेंडिंग कमेटी के निर्णयों की अवहेलना का लगा आरोप

**अनंत ज्ञान, मंडी**

टाउन वेंडिंग कमेटी के गैर सरकारी सदस्यों ओपी कपूर व हरमीत सिंह ने नगर निगम आयुक्त एचएस राणा को पत्र द्वारा उनके ध्यान में लाया कि 21 फरवरी को टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णयों की अवहेलना हो रही है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि टाउन वेंडिंग सब कमेटी द्वारा स्टेट बैंक के बाहर बैठे हुए पथ विक्रेताओं की पड़ताल करने के बाद टाउन वेंडिंग कमेटी उन्हें लाइसेंस आदि वितरत करने के बारे में फैसला करेगी। बावजूद इसके पिछले तीन दिनों से अतिरिक्त आयुक्त द्वारा इन विक्रेताओं को यहां से उठने को कहा जा रहा है।

वहीं टाउन वेंडिंग कमिटी द्वारा लिए गए निर्णयों की सरासर अवहेलना की जा रही है। यदि एक अधिकारी द्वारा खुद ही निर्णय लिए जा सकते हैं तो टाउन वेंडिंग कमेटी की क्या आवश्यकता है।

**अनंत ज्ञान**

## आज का पंचांग

5 फरवरी, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** अष्टमी (00:38): **नक्षत्र** भरणी (08:34), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** शुभ (09:18) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:35 - 01:57)।

**विशेष दिन**
- 05 फरवरी : बुधाष्टमी आज।
- 05 फरवरी 2025 : दुर्गाष्टमी आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** मानसिकता बदलने से स्थिति अनुकूल होगी। पारिवारिक आयोजनों में सहभागिता करेंगे। आकस्मिक लाभ प्राप्ति के योग हैं।

**वृषभ:** दिन मंगलकारी रहेगा। नए नियमों का पालन करेंगे। श्रेष्ठजनों से भेंट होगी। नई योजनाओं से लाभ होगा। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे।

**मिथुन:** आप चाहते हैं की परिजन आप को प्रेम करे इसके लिए पहले आप को उन्हें प्रेम देना होगा। प्रकृति का नियम है जो बोया है वही निकलेगा।

**कर्क:** आप के द्वारा किये कार्यों से सहकर्मियों को ईर्ष्या होगी। लंबे समय से रुके कार्य पूरे होने की संभावना है। परिवार में उत्तरदायित्व की पूर्ति कर पाएंगे।

**सिंह :** विचारों पर संयम रखें। क्रय विक्रय से लाभ होगा। नौकरी करने वालों से अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेगा। पारिवारिक स्थिति सुखद रहेगी।

**कन्या :** अपनों से दुरिया खत्म करें। कार्यक्षमता में कमी आएगी। पेट सम्बंधित रोग से ग्रस्त रहेंगे। पूछ परख बढ़ेगी।

**तुला:** स्वभाव में नम्र और सहज बनें। नौकरी में कार्यकुशलता का लाभ मिलेगा। आय में वृद्धि के योग बन रहे है। विरोधी आपकी छवि खराब करेंगे।

**वृश्चिक:** महत्वता लोगों को पता चलेगी। यश, सफलता मिलेगी। निर्माण कार्यपूरे होने के योग हैं। परिवार में चिंताजनक मुद्दों पर चर्चा होगी।

**धनु :** कारोबार में विश्वासप्रद वातावरण रहेगा। नौकरी में परिश्रम का उचित फल मिल सकेगा। परिवार में कार्य की प्रशंसा होगी।

**मकर :** महत्व को स्वीकार किया जाएगा। सुखद एवं सफल यात्रा के योग बनेंगे। योग्यता, अनुभवों का लाभ मिलेगा। परिवार में समस्या रह सकती है।

**कुंभ :** नौकरी के लिए बेहतर प्रस्ताव आयेंगे। व्यावसायिक सफलता से हर्ष होगा। सुख साधनों में वृद्धि होगी। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**मीन :** जिद के कारण आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। बहनों से अनबन हो सकती है। पारिवारिक चिंता से मन खिन्न रहेगा।

**विडंबना** लोगों ने टिक्कन को तहसील का दर्जा देने की उठाई मांग

# किराये के भवन में चल रहा उपतहसील का काम

**रूपी ठाकुर, बरोट**

छोटा भंगाल घाटी के साथ लगती चौहार घाटी में स्थित उपतहसील टिक्कन के अंतर्गत आने वाली सुधार, तरस्वाण, लटराण, बरधान, लपास, बरोट तथा खलैहल पंचायतों के समस्त लोगों ने उपतहसील टिक्कन को तहसील का दर्जा देने की मांग को एक बार फिर से जोरदार ढंग से उठाया है।

जानकारी अनुसार चौहार घाटी की इन पंचायतों की राजस्व संबंधी अधिकांश कार्यों को निपटाने की बेहतर सुविधा के लिए वर्ष 2015 से उपतहसील टिक्कन को स्थापित कर रखा है, मगर जब से यहां पर उपतहसील का कार्य चालू किया है तब से ही इसका कार्य किराये के भवन में चलाया जा रहा है, जिस कारण न केवल सरकार को किराए का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है बल्कि यहां पर तैनात सभी कर्मचारियों को मुशिकलों का समाना करना पड़ रहा है।

इन पंचायतों के राज कुमार, रामदास, काजू राम, निहाल चंद, मेद राम, श्याम सिंह आदि ने बताया कि चौहार घाटी के साथ लगती जिला कांगड़ा की छोटा भंगाल घाटी की मात्र आठ पंचायतों के लिए सरकार ने लगभग 20 वर्ष पूर्व वर्ष 2004 में पहले उपतहसील मुल्थान तथा वर्ष 2011 में ही इसका दर्जा बढ़ाकर तहसील मुल्थान कर दिया गया है, जिससे छोटा भंगाल घाटी की सात व बड़ा भंगाल घाटी की एक पंचायतों के लोगों को घरद्वार में ही राजस्व संबंधी कार्य को निपटाने के लिए काफी आसानी हो गई है। उनके राजस्व संबंधी छोटे कार्य तो उपतहसील टिक्कन में निपट जाते हैं मगर बड़े कार्यों को के लिए घाटी से दूर 20 से 40 किलोमीटर दूर मुख्य तहसील पधर में जाना पड़ता है। खलैहल पंचायत के प्रधान भागमल सहित अन्य ने मांग की है कि उपतहसील टिक्कन का दर्जा बढ़ाकर तहसील किया जाए।(अनंत ज्ञान)

**सरकार के समक्ष रखेंगे मांग**


विधायक पूर्ण चंद ठाकुर का कहना है कि उपतहसील टिक्कन का दर्जा बढ़ाने की मांग को प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

**धनराशि स्वीकृत होने के बाद जल्द होगा भवन का निर्माण**

उपतहसील टिक्कन के नायब तहसीलदार जोगिंद्र सिंह का कहना है कि टिक्कन में ही स्थित कानूनगो हट में उपतहसील के भवन निर्माण के लिए राजस्व विभाग की पर्याप्त जमीन है। भवन निर्माण के लिए उन्होंने धन राशि को मुहैया करवाने के लिए प्रपोजल तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। धनराशि स्वीकृत होने के तुरंत बाद भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा ।

## पुलिस चालान के बजाए चिट्टे पर क्यों नहीं गंभीर : पंडित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अपनी ही सरकार को हर मुद्दे पर घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाले कांग्रेसी नेता एनके पंडित हमेशा मीडिया में जनहित के मुद्दे उठाए जाने के कारण अक्सर चर्चा में रहते है। एनके पंडित ने कहा कि चालान काटकर प्रदेश सरकार का खजाना भरने वाली हिमाचल पुलिस चिट्टे पर आखिर क्यों गंभीर एक्शन नहीं लेती और कितने घर बर्बाद होने का इंतजार कर रही है ?



उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील कि है कि वो भी हिमाचल पुलिस को निर्देश दें कि चिट्टा तस्करों से सख्ती से पेश आयें और कड़ी कार्रवाई करें। एनके पंडित ने युवाओं से अपील की है कि वो बच्चों को तस्करों के जाल में न उलझें।

ऊंची से ऊंची शिक्षा क्यों न हो, इसका आधार हमारी मातृभाषा होनी चाहिए। –अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# ट्रेड वार पर बवाल

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार बनने के बाद एक बार फिर से ट्रेड वार का बिगुल बज गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जैसे ही कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए, तो इससे ट्रेट वार शुरू हो गया। इस ट्रेड वार पर न केवल इन तीन देशों, बल्कि अमेरिका में भी खासा बवाल मचा है। ट्रंप ने बेशक टैरिफ की घोषणा तो कर दी, मगर इससे आम अमेरीकियों की जिंदगी भी कठिन हो सकती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इससे महंगाई और बढ़ेगी, जबकि वो ट्रंप इसी वादे के साथ सत्ता में आए थे कि जरूरत के सामान जैसे-गैस, पेट्रोल, घर और कार के साथ दूसरी चीजों के दामों को सस्ता करेंगे। ट्रंप अब दावा कर रहे हैं कि यह फैसला उन्होंने अमेरिका की सुरक्षा के लिए लिया है और देश में महंगाई नहीं बढ़ेगी, लेकिन सवाल भी उठ रहा है कि क्या ट्रंप के इस फैसले से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है? विशेषज्ञ मानते हैं कि उत्तरी अमेरिका के इन देशों में टैरिफ लगाने से आर्थिक विकास पर असर पड़ने की आशंका है, जिसमें ज्यादा असर अमेरिका पर पड़ सकता है।

येल यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों के मुताबिक, इस टैरिफ की वजह से एक आम अमेरिकी के घर में तनख्वाह के 1170 डॉलर ज्यादा खर्च होंगे। वहीं, कनाडा ने भी अलग से टैरिफ लगाने की घोषणा की है। निश्चित रूप से इससे कनाडा पर भी असर पड़ेगा। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि अगर 5 से 6 महीने में ये टैरिफ नहीं हटे तो कनाडा में मंदी में भी आ सकती है, क्योंकि कनाडा का 75 फीसदी निर्यात सीधा अमेरिका से होता है। ट्रंप का यह कहना कि उनके पिछले कार्यकाल में कोई महंगाई नहीं थी और उन्होंने कई देशों पर सैकड़ों अरब डॉलर के टैरिफ लगाए थे तथा करीब 600 अरब डॉलर की कमाई की थी, समझ से परे है। ट्रंप का यह कहना कि टैरिफ महंगाई की वजह से नहीं होते, बल्कि कामयाबी की वजह से होते हैं, का कहीं न कहीं सकारात्मक रुख तो दिख रहा है। ट्रंप का यह कहना कि थोड़े समय के लिए अस्थायी रुकावटें हो सकती हैं और लोग इसे समझेंगे, भी तर्कसंगत हो सकता है। ट्रंप के इन तर्कों के खिलाफ डेमोक्रेटिक पार्टी भी सक्रिय हो गई है। अमेरिकी के सीनेटर और वरिष्ठ राजनीतिक बर्लिन सांडर्स में ट्रंप के फैसले को नुकसानदेह बताया है। कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ट्रंप का एकतरफा फैसला संभवत: अवैध और निश्चित रूप से नुकसानदेह हो सकता है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इसकी वजह से एक औसत अमेरिकी परिवार का खर्चा 1200 डॉलर सालाना बढ़ेगा।

ट्रंप के फैसले पर विश्लेषकों का मानना है कि कनाडा और मैक्सिको के खिलाफ की गई कार्यवाही खतरनाक है। टैरिफ से सबसे पहले ऑटोमोबाइल्स, गैस, पेट्रोल और आम लोगों के इस्तेमाल की जरूरी चीजों के दाम तो बढना निश्चित है। चीन से आयात होने वाले सामान पर भी अमेरिका ने 10 फीसदी टैरिफ लगाया है। इस पर चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही है। चीन ने डोनाल्ड ट्रंप की इस रणनीति को धौंस वाली रणनीति बताया है। धौंस और धमकी से खेल के मैदान या अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में जीत नहीं मिलती। यह एक किस्म से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को दिया गया एक झटका है जो कि उनके लिए एक रणनीतिक उपहार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा, मैक्सिको और चीन पर टैरिफ लगाने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कई प्रभाव पड़ सकते हैं। इससे टैरिफ वार की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। निश्चित रूप से इससे वैश्विक व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आर्थिक मंदी सबसे बड़ा मसला है। अगर आर्थिकी मंदी आई तो कई देश कर्ज की दलदल में फंस जाएंगे और उन्हें अपना अस्तित्व बचाना मुश्किल हो जाएगा। इससे भी वैश्विक अर्थव्यवस्था गड़बड़ाने की पूरी संभावना है। बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति भी बन सकती है, जिससे निवेशकों को नुकसान हो सकता है। यही नहीं, टैरिफ लगाने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जिससे व्यवसायों को नुकसान हो सकता है। दूसरी ओर, टैरिफ लगाने से भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जिससे भारतीय व्यवसायों और निवेशकों को नुकसान हो सकता है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि ट्रंप टैरिफ लगाने की सख्त नीति को थोड़ा नरम जरूर करेंगे, ताकि दूसरों देशों को परेशानी न हो तथा वे बेधड़क होकर व्यापार कर तरक्की की राह पर अग्रसर हो सकें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्माता

**अभिषेक** बच्चन हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्माता हैं। अभिषेक बच्चन ने अपने सुपर स्टार पिता अमिताभ बच्चन की छाया में अपने फिल्मी करियर को प्रारंभ किया। अमिताभ बच्चन का पुत्र होने के कारण से जहां उन्हें अच्छी फिल्में मिलने लगीं वहीं दूसरी ओर उनकी तुलना अमिताभ से होने लगी, परंतु धीरे-धीरे उन्होंने फिल्मी जगत् में अपनी अलग छवि बना ली। फिल्म 'सरकार', 'युवा', 'बंटी और बबली' से उन्होंने अपने अभिनय कौशल का भी प्रमाण दे दिया। अभिषेक बच्चन का जन्म महाराष्ट्र के बंबई में हुआ था। उनके पिता सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और माता प्रसिद्ध अभिनेत्री जया बच्चन हैं। उनकी एक बहन है श्वेता, जो उद्योगपति निखिल नंदा से विवाहित है। 14 जनवरी 2007 को उन्होंने 1994 की 'मिस वर्ल्ड' ऐश्वर्या राय के साथ अपनी सगाई की घोषणा की और 20 अप्रैल 2007 को दोनों विवाह बंधन में बंध गए। 16 नवंबर को वह एक पुत्री आराध्या के पिता बने, जिसका जन्म मुंबई के सेवन हिल्स अस्पताल में हुआ। 2006 में उनकी फिल्म 'कभी अलविदा न कहना' विदेशों में अब तक की सबसे सफल फिल्म रही और उन्हें फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता का पुरस्कार मिला। हालांकि उनकी अगली फिल्म 'उमराव जान' बेहद असफल रही। उन्होंने धूम 2 से वापसी की जो उस साल की सबसे सफल फिल्म रही। ■



अभिषेक बच्चन
जन्म : 5 फरवरी, 1976

## कविता



### धुला न मन का मैल

शिव सन्याल मकड़ाह जवाली कांगड़ा हि.प्र

*साबुन से तन धो लिया, धुला न मन का मैल।*
*सुंदर से परिधान में, लगे बहुत हैं छैल।।*
*धुला न मन का मैल है, मनके गिने हजार।*
*टिका नहीं मन दो घड़ी, ईश्वर के दरबार।।*
*धुला न मन का मैल तो, जीवन है बेकार।*
*काम क्रोध मद लोभ की , मुख से टपके लार।।*
*धुला न मन का मैल प्रभु, करो कृपा श्री राम।*
*भक्ति शक्ति प्रभु दीजिए, जपूं सदा ही नाम।।*
*धुला न मन का मैल यह, छूटे नहीं विकार।*
*सदा ईश का ध्यान कर, होगा भव से पार।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# खेलो इंडिया अब हर एथलीट की यात्रा का बड़ा हिस्सा क्यों?

सात साल पहले, हमने 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के शुभारंभ के साथ एक आंदोलन को प्रज्वलित किया था। आज, जब मैं देखता हूं कि हम कितनी दूर आ गए हैं, तो मैं बहुत गर्व से भर जाता हूं-न केवल उन पदकों के लिए जो हमने जीते हैं, बल्कि जिस तरह से खेलो इंडिया ने हमारे देश में खेलों के मूल ढांचे को बदल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के बारे में नहीं था-यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने, एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के बारे में था जहां हर बच्चे को खेलने और समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले।



लेखक : डॉ. मनसुख मंडाविया
केंद्रीय खेल, श्रम एवं रोजगार मंत्री

आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में फैले एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो गया है, जो एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करता है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा बनाता है और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देता है-जो भारत के एक प्रमुख वैश्विक खेल राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की नींव रखता है। अभिषेकात्मक खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) ने भारत की जमीनी स्तर की खेल क्रांति की दिशा तय की।

स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में अपार संभावनाओं को पहचानते हुए, केआईएसजी ने युवा एथलीटों के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में संक्रमण के लिए एक संरचित मार्ग बनाया। पिछले कुछ वर्षों में, इस पहल ने हजारों एथलीटों की पहचान की है और उनका पोषण किया है, जिनमें से कुछ ओलंपिक और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस प्रणाली का सबसे बड़ा उदाहरण खेल रत्न



पुरस्कार विजेता मनु भाकर हैं, जो स्कूल गेम्स से यूनिवर्सिटी गेम्स तक आगे बढ़ी और पेरिस ओलंपिक में दोहरी कांस्य पदक विजेता बनीं। व्यापक खेलो इंडिया गेम्स ढांचे में केआईएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर की प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो गई है।

स्कूल कच्ची प्रतिभाओं के लिए सबसे अच्छे स्थान हैं और खेलो इंडिया ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि इन युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, बुनियादी ढाँचा और प्रदर्शन मिले। आज, खेलो इंडिया के स्कूल और विश्वविद्यालय स्तर के चैंपियन उच्चतम स्तर पर पदक जीत रहे हैं, जो कार्यक्रम की प्रभावशीलता का प्रमाण है। अपनी स्थापना के बाद से, खेलो इंडिया ने अपने खेलों के 16 संस्करण आयोजित किए हैं, जिनमें छह यूथ गेम्स, चार विश्वविद्यालय गेम्स, पांच शीतकालीन गेम्स और एक पैरा गेम्स शामिल हैं।

प्रत्येक संस्करण ने भारत के खेल परिदृश्य में नए आयाम पेश किए हैं। स्कूल गेम्स और उसके बाद के यूथ गेम्स अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन गए हैं। इस विस्तार ने विभिन्न स्तरों की प्रतिस्पर्धा में एथलीटों के लिए एक सहज बदलाव सुनिश्चित किया है। खेलो इंडिया सिर्फ एक एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे निकल गया है। अब इसमें कॉरपोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन सहित कई हितधारक शामिल हैं। निजी क्षेत्र की भूमिका काफी बढ़ गई है, निगम प्रायोजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और एथलीट मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से खेल विकास में निवेश कर रहे हैं।

सरकार, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ साझेदारी के माध्यम से लक्षित समर्थन सुनिश्चित करके खेलों में कॉर्पोरेट जुड़ाव को और बढ़ाने के लिए 'एक कॉर्पोरेट, एक खेल' पहल शुरू की जा रही है। राज्य सरकारों ने भी पहल की है, क्षेत्रीय खेल प्राथमिकताओं के आधार पर खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी) का प्रस्ताव दिया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि खेल विकास स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप हो। इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र (ओटीसी) स्थापित करने की योजनाएं हैं। ये विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन केंद्र पैरा-स्पोर्ट्स और स्वदेशी खेलों सहित शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, और अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगे। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र (एससीओई) स्थापित किए जाएंगे, जो प्राथमिकता वाले खेलों में एथलीटों का समर्थन करेंगे। समावेशिता खेलो इंडिया की आधारशिला रही है और 'अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वीमेन थ्रू एक्शन' (अस्मिता) लीग जैसी पहलों ने खेलों में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

2021 में अपनी शुरुआत के बाद से, अस्मिता ने 880 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है। जब हम 2036 की ओर देखते हैं, खेलो इंडिया का प्रभाव सिर्फ जीते गए पदकों से नहीं, बल्कि इसने जिन लाखों लोगों के जीवन को छुआ है, इसने जो जमीनी स्तर पर क्रांति लाई है और इसने भारतीय समाज में खेल और फिटनेस की संस्कृति को समाहित किया है, उससे मापा जाएगा। निरंतर निवेश, सहयोग और नवाचार के साथ, भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनने के अपने सपने को साकार करने की राह पर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सुरक्षा और संस्कार आधुनिक युग की अनिवार्यता

वर्तमान समय में बच्चों की सुरक्षा एक गंभीर और महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। नशे की लत, इंटरनेट के दुरुपयोग और बेटियों की सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे समाज के समक्ष बड़ी चुनौतियों के रूप में उभर रहे हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। आवश्यक है कि हम न केवल अपने बच्चों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों और संस्कारों का भी विकास करें। यह जिम्मेदारी अभिभावकों और शिक्षकों की समान रूप से बनती है, क्योंकि दोनों ही बच्चों के जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं।



लेखक : वरिंदर सिंह राणा
हमीरपुर

बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता बढ़ाने, संवाद को प्रोत्साहित करने और सही मार्गदर्शन देने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में अभिभावक अपने व्यस्त जीवन के कारण बच्चों के चहुंमुखी विकास में सीमित योगदान दे पाते हैं और उनकी शिक्षा तथा अनुशासन की संपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षकों पर छोड़ देते हैं। इसके परिणामस्वरूप, शिक्षक भी अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने में असमर्थ प्रतीत होते हैं। एक समय था।

जब अभिभावकों और शिक्षकों के बीच तालमेल बना रहता था, और उनके निर्देशों का बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता था, किंतु आज के परिवेश में यह सामंजस्य धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। अत: यह आवश्यक हो गया है कि पुन: मिलकर कार्य किया जाए और बच्चों के भविष्य निर्माण में योगदान दिया जाए। बच्चों को परिवार में सही दिशा-निर्देश देना, उन्हें उचित समय पर सही और गलत का भेद समझाना, बड़ों का सम्मान करने की शिक्षा देना तथा उनके नैतिक मूल्यों का विकास करना आवश्यक है। केवल किताबी ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि बच्चों को



व्यवहारिक जीवन के अनुभवों से भी परिचित कराना चाहिए।

बच्चों में आत्मनिर्भरता और अनुशासन विकसित करने हेतु हॉस्टल जीवन एक प्रभावी साधन है। हॉस्टल में रहते हुए बच्चों को माता-पिता का प्रत्यक्ष संरक्षण नहीं मिलता, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता विकसित होती है। वे अपने संसाधनों का बुद्धिमत्तापूर्वक उपयोग करना सीखते हैं और कठिन परिस्थितियों से जूझने की क्षमता विकसित करते हैं। हॉस्टल का अनुशासित वातावरण बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होता है। यहां उनकी दिनचर्या नियमित रहती है, वे समय पर उठने, भोजन करने और अध्ययन करने की आदत विकसित करते हैं। इसके विपरीत, घर पर अक्सर अनियमित जीवनशैली देखने को मिलती है, जिसमें देर रात तक मोबाइल फोन या इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग आम बात हो गई है। हॉस्टल का कठोर अनुशासन बच्चों को एक व्यवस्थित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। हॉस्टल में विभिन्न प्रदेशों और देशों से आए विद्यार्थी एक साथ रहते हैं, जिससे उन्हें विविध संस्कृतियों से परिचित होने का अवसर मिलता है। वे विभिन्न भाषाएं, रीति-रिवाज और जीवनशैली को समझते हैं, जिससे उनकी सामाजिक समझ विकसित होती है।

वहां हर विद्यार्थी समान नियमों का पालन करता है, चाहे वह किसी प्रसिद्ध व्यक्तित्व का पुत्र हो या साधारण परिवार से आया हो। इससे बच्चों में समानता की भावना उत्पन्न होती है और वे एक-दूसरे के प्रति आदरभाव रखते हैं। आज के समय में मोबाइल फोन का अत्यधिक प्रयोग बच्चों के विकास में एक गंभीर बाधा बन चुका है। मोबाइल, यदि सही उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाए, तो यह ज्ञान का स्रोत बन सकता है, किंतु इसके अनुचित प्रयोग से बच्चों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर बच्चों को यह समझाना होगा, कि मोबाइल एक मीठा जहर है, जो यदि नियंत्रण में न रहे, तो उनके जीवन को दिशाहीन बना सकता है। बच्चों को मोबाइल का उपयोग सीमित और उद्देश्यपूर्ण रूप से करने की आदत डालनी होगी। विशेष रूप से छात्र जीवन में, मोबाइल का उपयोग केवल अध्ययन एवं आवश्यक कार्यों तक ही सीमित रहना चाहिए। साथ ही, सड़क पर मोबाइल का उपयोग करने की प्रवृत्ति न केवल बच्चों, बल्कि वयस्कों के लिए भी खतरनाक सिद्ध हो सकती है। यह अनियंत्रित उपयोग कई दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है, जिससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। अत: यह समय की मांग है कि हम सब मिलकर बच्चों के सुरक्षित और संस्कारित भविष्य के लिए एकजुट हों तथा उन्हें आत्मनिर्भर और अनुशासित नागरिक बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आवारा** पशुओं के लिए गो सदन तो काफी बन चुके हैं, अब उनको पूर्णरूप से कार्यक्षम बनाने की जरूरत है। गो अभयारण्य पर ज्यादा जोर देना होगा, जहां पशु स्वयं ही अपना भोजन कर अपना गुजारा ज्यादातर समय कर सकेंगे। कमी के कुछ समय चारे की व्यवस्था की जा सकती है। अभयारण्य में कुछ शैड बना दिए जाएं और जगह-जगह पर पीने के पानी के तालाब बनाए जाएं। देखभाल आसान हो जाएगी और कम खर्च भी। हां, एक बार अभयारण्य को बेहतर चरागाह के रूप में विकसित करना होगा। गोबर गैस प्लांट पशुओं से आय सृजन का एक नया व्यवसाय हो सकता है। गांव में चार-पांच घन मीटर के प्लांट लगा कर उद्यमी, गैस से कमाई कर सकते हैं। सिलेंडर में भर कर गैस को बेचा जा सकता है। इस तरह से कई नवाचारी प्रयोग करने की जरूरत है। बैल को भी वापस लाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

**कुशल कुमार, शाहपुर**

# 'प्रयागराज' विश्वभर का एक अति महत्वपूर्ण आकर्षक स्थल


भौगोलिक दृष्टि से, प्रयागराज उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में 25.45 डिग्री उत्तर तथा 81.84 डिग्री पूर्व पर स्थित है। इसके दक्षिणी और दक्षिण पूर्व में बागेलखंड क्षेत्र, पूर्व में मध्य गंगा घाटी या पूर्वांचल, दक्षिण-पश्चिम में बुंदेलखंड क्षेत्र, उत्तर और उत्तर-पूर्व में अवध क्षेत्र है। प्रयागराज, उत्तर प्रदेश का एक शहर है। इसे पहले इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था। यह गंगा, यमुना, और सरस्वती नदियों के संगम पर बसा है। प्रयागराज को भारत के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक माना जाता है। यहां हर छह साल में अर्ध कुंभ मेला और हर बारह साल में कुंभ का मेला लगता है और अभी एक सौ चौवालीस वर्ष वाद महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। प्रयागराज, भारत के सबसे पुराने शहरों में से एक है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

प्रयागराज को 'प्रयाग' या 'तीर्थराज' के नाम से भी जाना जाता है। प्रयागराज में आर्यों की शुरुआती बस्तियां बसी थीं। प्रयागराज में भारत के आजादी के आंदोलन की कई अहम घटनाएं घटीं। प्रयागराज में विधि संग्रहालय और अभिलेखागार है। प्रयागराज में अल्फ्रेड पार्क में क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद शहीद हुए थे। प्रयागराज पहुंचने के लिए इलाहाबाद डोमेस्टिक हवाई अड्डा, वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा और लखनऊ में अमौसी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रयागराज का अर्थ है, 'पांच प्रयागों का राजा'। यह नाम इस शहर के संगम के महत्व को दर्शाता है। प्रयागराज को तीर्थराज और त्रिवेणी के नाम से भी जाना जाता है। प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में स्थित है।

प्रयागराज को पहले इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था। प्रयागराज को संगम नगरी भी कहा जाता है। प्रयागराज में गंगा, यमुना, और सरस्वती नदियों का संगम होता है। प्रयागराज को धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष का प्रदाता माना जाता है। प्रयागराज में भगवान ब्रह्मा ने सबसे पहले यज्ञ किया था। प्रयागराज को भारत के धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्र के रूप में जाना जाता है। प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होता है। प्रयागराज, भारत के सबसे पुराने शहरों में से एक है। इसे 'प्रयाग' या



'तीर्थराज' के नाम से जाना जाता है। यह गंगा, यमुना, और सरस्वती का संगम स्थल है। सम्राट अकबर ने 1575 ईस्वी में संगम के सामरिक महत्व को देखते हुए इस शहर की स्थापना की थी। अकबर ने इस शहर का नाम 'इलाहाबाद' रखा था, जिसका मतलब है 'अल्लाह का शहर'। मध्यकालीन भारत में यह शहर धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र था। मुगल साम्राज्य के पतन के बाद, यह शहर मराठाओं के अधीन आ गया।

1801 ईस्वी में अवध के नवाब ने इसे ब्रिटिश शासन को सौंप दिया। 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रयागराज सक्रिय रहा। 1904 से 1949 तक यह संयुक्त प्रांतों (अब, उत्तर प्रदेश) की राजधानी था। प्रयागराज में हर छह साल में कुंभ और हर बारह साल में महाकुंभ का आयोजन होता है। प्रयागराज से जुड़ी कुछ और खास बातें भी हम आपके समक्ष प्रस्तुत करना चाहते हैं। प्रयागराज में इलाहाबाद विश्वविद्यालय भी है हिंदू मान्यता अनुसार, यहां सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने सृष्टि कार्य पूर्ण होने के बाद प्रथम यज्ञ किया था। इसी प्रथम यज्ञ के प्र और याग अर्थात यज्ञ से मिलकर प्रयाग बना और उस स्थान का नाम प्रयाग पड़ा जहां भगवान श्री ब्रम्हा जी ने सृष्टि का सबसे पहला यज्ञ संपन्न किया था।

परंपरागत रूप से नदियों के संगम को शुभ स्थान माना जाता है, लेकिन संगम में संगम का महत्व सबसे पवित्र है, क्योंकि यहां पवित्र गंगा, यमुना और पौराणिक नदियां बहती हैं। तीर्थराज का अर्थ है तीर्थों का राजा। प्रयागराज को सभी तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थ बताया गया है। प्रयागराज का वर्णन ब्रह्म पुराण में भी किया गया है सभी तीर्थों की श्रेष्ठता की तुलना में एक पलड़े पर प्रयागराज को रखा गया और दूसरे पलड़े समस्त तीर्थ स्थानों को रखा गया है। परंपरागत रूप से नदियों के संगम को शुभ स्थान माना जाता है, क्योंकि यहां पवित्र गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती मिलकर एक हो जाती हैं। प्रयागराज का इस्कॉन मंदिर यमुना नदी के किनारे स्थित है। मंदिर में एक छोटा सा परिसर है जिसमें भक्तों के लिए एक धर्मशाला और एक गोशाला है। पिछले कुछ सालों में भक्तों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। श्री राधा वेणी माधव की मूर्तियां वर्ष 2003 में स्थापित की गई थीं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज नाम रखने के पीछे की वजह बताते हुए कहा, 'दो नदियों का संगम 'प्रयाग' होता है और इलाहाबाद में तीन नदियां गंगा, यमुना और सरस्वती मिलती हैं। इसलिए यह 'प्रयागों' का राजा है। इसीलिए इसका नाम 'प्रयागराज' है। 'हिंदू मान्यता अनुसार, यहां सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने सृष्टि कार्य पूर्ण होने के बाद प्रथम यज्ञ किया था। इसी प्रथम यज्ञ के प्र और याग अर्थात यज्ञ से मिलकर प्रयाग बना और उस स्थान का नाम प्रयाग पड़ा जहां भगवान श्री ब्रम्हा जी ने सृष्टि का सबसे पहला यज्ञ संपन्न किया था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दिल्ली चुनाव 2025 : बिजली फ्री, पानी फ्री और हवा ग्रेड डी...

देश की राजधानी दिल्ली में सियासी पारा अपने अधिकतम तापमान को छू रहा है, क्योंकि राजधानी के मतदाता आज अपने जनप्रतिनिधियों का चयन करेंगे।



लेखक : मनीष कुमार
जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा

हर बार की तरह इस बार भी चुनावी माहौल गरमाया हुआ है। राजनीतिक दलों की रणनीतियों और उम्मीदवारों की लंबी लिस्ट जनता के समक्ष है और जनता भी यह तय करने की प्रक्रिया में है कि कौन उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। दिल्ली न केवल देश की राजधानी है, बल्कि भारत की राजनीतिक नीतियों और दिशा को भी प्रभावित करने वाला राज्य है। यहां के चुनाव अक्सर राष्ट्रीय राजनीति की तस्वीर को भी दर्शाते हैं। इस बार के चुनाव में भी विभिन्न दल अपने विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं को लेकर जनता के सामने हैं। मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), और कांग्रेस (आईएनसी) के बीच ही है, ये जगजाहिर है। आप, जो पिछले दो कार्यकाल से सत्ता में है, अपनी उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं को जनता के सामने रखा




है। वहीं, भाजपा केंद्र की नीतियों और अपनी मजबूत संगठनात्मक शक्ति के साथ चुनावी मैदान में है। कांग्रेस, जो पिछले चुनावों में अपना खाता नहीं खोल सकी, किंतु जिसने कभी दिल्ली में लगातार सरकार चलाई थी, अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के प्रयास में पीछे नहीं रही है।

आश्चर्य की बात यह है कि दिल्ली में चीजें मुफ्त में बांटने के वायदे तो जोर शोर से किए जा रहे हैं, किंतु बिना टैक्स मिलने वाली शुद्ध हवा मुफ्त देने व जहरीली हवा से निजात दिलाने का वायदा किसी पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र नहीं कर रहा।

सत्ता प्राप्त करने की होड़ में सब पार्टियां तरह तरह के हथकंडे अपना रही थी। कहीं गीत निकाले जा रहे थे, कहीं यमुना में जहर घोलने की बातें की जा रही थी तो कहीं बहुचर्चित शराब घोटाले की निष्पक्ष जांच करवाने की बातें हो रही थी। इसी चुनावी गर्माहट में कुख्यात बाबा राम रहीम भी 30 दिन की पैरोल पर बाहर है, ये भी अपने आप में एक शोध का विषय है कि कैसे उनको चुनावों के ठीक पहले पैरोल मिल जाती है और इतना कुछ होने के बावजूद भी कौन उनके भक्त बने बैठे हैं। इससे ज्यादा लिखने पर प्रिय भक्तों की श्रद्धा को ठेस पहुंच सकती है। तो हम अपने मुद्दे पर वापस लौट आते हैं।

जहां एक ओर राजनीतिक दल सत्ता की कुर्सी के लिए लड़ रहे हैं, वहीं दिल्ली का असल संघर्ष शुद्ध सांसों के लिए है, शीत ऋतु में दिल्ली की हवा में पीएम 2.5 की मात्रा विश्व स्वस्थ्य संगठन के तय मानकों से 70 गुना अधिक रहती है मतदाताओं को यह समझना चाहिए कि उनका वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। मेरा दिल्ली के मतदाताओं से आग्रह है कि आप आज वोट जरूर दें, लेकिन सिर्फ वोट न दें, बल्कि सोच समझकर, विश्लेषण करके सही उमीदवार को वोट दें, ताकि दिल्ली की हवा शुद्ध हो, पानी साफ हो और भविष्य सुरक्षित हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### महादेव गांव में किसानों ने खेतों में की बाड़बंदी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन क्षेत्र के महादेव गांव में पिछले कई वर्षों से खासकर बेसहारा पशुओं की वजह से खेतीबाड़ी को जो नुकसान हो रहा था, उससे किसान परेशान थे, मगर अब धीरे-धीरे सामूहिक तौर पर इसका समाधान कर सौर ऊर्जा संबंधी करंट वाली जालीनुमा बाड़ लगाई गई। किसानों में लछमन, भगता, राजेश, गंगा, फागणू, कृष्ण, प्रकाश, भीम, गुरु, राम, भगत, लसकरी आदि का कहना है कि किसानों की आपसी सहमति से की जा रही बाड़बंदी अवश्य ही कृषि में क्रांति लाएगी, जिससे किसानों की आर्थिकी में बड़े पैमाने पर सुधार होगा।

### भौण काटली में वर्षाशालिका बनाने की मांग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत यानि नाचन क्षेत्र से सटी ग्राम पंचायत कलाहोड़ के गांव भौण काटली मार्ग पर वर्षा शालिका न होने से राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गांव भौण काटली पुल के साथ इस ओर के खुले मार्ग पर वर्षा एवं कड़ी धूप में कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को बस में इधर-उधर आने जाने के लिए परेशान हालत में इंतजार करना पड़ता है, जबकि इस व्यस्त मार्ग पर संबंधित विभाग से पूर्व में भी वर्षाशालिका की मांग उठाई जाती रही है मगर अभी इस दिशा में कुछ भी नहीं हो पाया है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग से सुंदरनगर क्षेत्र सहित नाचन, अप्पर बल्ह क्षेत्र और गोपालपुर क्षेत्र के लोगों का रसालोट पर आना-जाना लगा रहता है जिन्हें वर्तमान दौर में मूलभूत सुविधाओं का मिलना ज़रूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। लोगों ने पीडब्ल्यूडी व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही भौण काटली मार्ग पर बेहतर ढंग की वर्षा शालिका बनाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

### लोगों ने करवाई निशुल्क ओरल कैंसर की जांच

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में सेरी मंच पर स्माइल हिमाचल एनजीओ तथा हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर द्वारा एक निशुल्क डेंटल जागरूकता, स्क्रीनिंग व ट्रीटमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तम्बाकू इस्तेमाल करने वाले लोगों की निशुल्क ओरल कैंसर की जांच की गई। शिविर में लोगों दांतों की जांच की गयी तथा उपस्थित जनों को एक नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से कैंसर के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

### सेरी मंच पर लगेगा आवास ऋण व पीएम सूर्य घर एक्सपो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पंजाब नेशनल बैंक 7 व 8 फरवरी को सेरी मंच मंडी में हाउसिंग लोन एवं ऋण एक्सपो का आयोजन करने जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय, मंडी के प्रमुख अजीत कुमार पटनायक ने आज यहां बताया कि मकान बनाने के लिए ऋण लेने और सूर्य घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए ऋण लेने के इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए विशेष रूप से यह एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। मंडल प्रमुख ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य मंडी जिले के लोगों को किफायती दरों पर होम लोन उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक का हाउसिंग लोन 8.40 प्रतिशत ब्याज दर और सूर्य घर योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ऋण सात प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि एक्सपो के दौरान इस तरह के ऋणों को त्वरित स्वीकृति प्रदान की जाएगी तथा विशेष ऑफर एवं छूट भी दी जाएगी। इस दौरान रियल एस्टेट विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों से विशेष परामर्श भी प्राप्त किया जा सकता है। अजीत पटनायक ने बताया कि इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे।

### डडौर वार्ड में विकास कार्य न होने पर लोगों में रोष

**आदर्श, नेरचौक।** नगर परिषद नेरचौक के डडौर वार्ड में विकास कार्य ठप होने से ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल पार्षद गीता देवी की अगुवाई में एसडीएम बल्ह से मिला इस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंप कर डडौर वार्ड नंबर 9 में ठप पड़े विकास कार्य को गति दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस वार्ड में करीब पांच माह पहले उप चुनाव हुआ था। उपचुनाव के उपरांत यहां की पार्षद गीता देवी ने नगर परिषद के दो बजट में 18 कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतरने पैरवी की थी मगर आज तक कोई भी कार्य सिरे नहीं चढ़ पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की गई है वे कार्य संबंधित ठेकेदारों की लापरवाही के कारण अधर में लटके हुए हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम बल्ह से संबंधित वार्ड में विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करवाने की मांग की।

### कांग्रेस ने भाजपा रैली को दिया फ्लॉप करार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदेव कटवाल, संजय खरवाल, दुनि चंद, प्रेमचंद गुलेरिया, विशेष जमवाल, जीतेंद्र जमवाल मितुल ठाकुर, अखिल ठाकुर द्वारा जारी प्रेस बयान में भाजपा द्वारा आज संधोल क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन रैली को पूर्णतः एक असफल तमाशा करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी द्वारा कई दिनों से विरोध प्रदर्शन के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का काम किया जा रहा था, परंतु मुश्किल के से ही इस विरोध में तकरीबन 100 लोगों को ही भीड़ जुटा पाए और जिस बात का वह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जो भी यहां आधे अधूरे काम लटके हुए थे वह सब आपकी ही पूर्व भाजपा सरकार की विफलताओं का नतीजा था। पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह द्वारा संधोल की हमेशा ही अनदेखी की गई है और जनता के साथ हमेशा ही पक्षपात और भेदभाव किया गया है। पूर्व मंत्री द्वारा अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में संधोल में अस्पताल, संयुक्त कार्यालय भवन, कैंटीन और चैनलाइजेशन का काम शुरू किए गए, जिनके लिए और सत्ता में दूसरे नंबर पर होते हुए भी उनके द्वारा इन कार्यों के लिए सिर्फ एक चौथाई बजट का ही प्रावधान किया गया था बाकी देनदारियां वर्तमान कांग्रेस सरकार पर छोड़ गए है।

# संधोल में भाजपा का विरोध प्रदर्शन

## ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर जताया रोष, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**रितेश चौहान, सरकाघाट**




धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में बंद पड़े विकास कार्यों को लेकर धरना-प्रदर्शन करती महिलाएं व ग्रामीण।

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में बंद पड़े विकास कार्यों व लचर पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर धर्मपुर भाजपा ने संधोल में वर्तमान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया और लंबित कार्यों और मांगों को शीघ्र पूरा करने के बाद तहसील मुख्यालय जाकर तहसीलदार के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा।

संधोल बस स्टैंड के पास उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए जिला पार्षद चंपा देवी, मंडल अध्यक्ष लेख राज, प्रदेश प्रवक्ता रजत ठाकुर, टिहरा मंडल भाजपा अध्यक्ष विनोद आदि भाजपा के तमाम नेताओं ने पूर्व मंत्री और सात बार के विधायक रहे महेंद्र सिंह का गुणगान किया और उन्हें विकास का मसीहा करार देते हुए कहा कि उन्होंने धर्मपुर के विकास को नई दिशा दी थी और संधोल को कालेपानी से मुक्त करवाया था।

संधोल में बन रहा 100 बिस्तर के सिविल हस्पताल का 30 करोड़ का बजट मंजूर करवा कर ही काम शुरू किया था, लेकिन काम क्यों बंद है जिसका जवाब विधायक को जनता को देना ही होगा। इसके अलावा ईसीएच कैंटीन व सैनिक रेस्ट हाउस, चैनेलाइजेशन, मिनी सचिवालय संधोल टिहरा धर्मपुर सहित सभी हस्पताल रेस्ट हाउस जैसे निर्माण कार्य बंद पड़े हैं।

अगर 31 मार्च तक क्षेत्र में बंद पड़े विकास कार्यों और समूचे क्षेत्र में लचर पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की सुध नहीं ली तो पूरे विधानसभा क्षेत्र में विधायक व सरकार के खिलाफ बड़े स्तर धरने ओर पर्दशन करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें संधोल क्षेत्र में एसडीएम को चुनावों के 3 माह के भीतर बिठाने के अपने वायदे को कम से कम दो साल बाद पूरा करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### धर्मपुर और संधोल नगर निगम बनाने का विरोध रहेगा जारी

**वहीं** धर्मपुर और संधोल को बिना लोगों की रायशुमारी के बिना इन्हें नगर निगम बनाने का भी उनका विरोध जारी रहेगा। धर्मपुर में परिवहन व्यवस्था की बदहाल हालत को लेकर विधायक को जमकर कोसा की आज धर्मपुर में खटारा बसों के चलते लोगों को बेहद परेशानी होती है, क्योंकि ये बसे अब अपने गंतव्य तक कभी कभार ही पहुंच पाती हैं।

### महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने निकाला मोर्चा

**महिलाओं** और कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से बाजार होते हुए एक मोर्चा भी निकाला, जिसमें महिलाओं ने सरकार व विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की उसके बाद मिनी सचिवालय जाकर तहसीलदार के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा। इस दौरान पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर, संधोल पंचायत के प्रधान संजीव बिष्ट, घनाला पंचायत के प्रधान कश्मीर सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मंढोतरा, धर्मपुर भाजपा के मंडल अध्यक्ष धर्मपुर लेखराज व विनोद ठाकुर महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी कुम कुम खरवाल, किसान प्रकोष्ठ के संजीव सहित संगठन के दर्जनों पदाधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे।

# बड़ा देव कमरुनाग को दिया महाशिवरात्रि महोत्सव का निमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



महोत्सव का पहला न्यूंद्रा प्राप्त करते हुए बड़ा देव कमरुनाग के पुजारी।

मंडी के अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में पधारने के लिए जनपद के बड़ा देव कमरुनाग को शिवरात्रि महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं डीसी मंडी की तरफ से मेले पहला न्यून्द्रा (निमंत्रण) दे दिया गया है।

उपमंडलाधिकारी गोहर लक्ष्मण कनेट ने यह निमंत्रण दिया। महाशिवरात्रि महोत्सव में प्रशासन द्वारा 216 देवी-देवताओं को निमंत्रण दिया जाना है। सभी देवी-देवताओं को इस बार मंडी कलम शैली से तैयार निमंत्रण दिए जाएंगे। बड़ा देव कमरुनाग को भी मंडी कलम शैली से तैयार निमंत्रण दिया गया। कमरुनाग के गुर देवी सिंह और कटवाल काहन सिंह ने यह न्यूंद्रा प्राप्त किया।

बता दें कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी संस्कृति के लिए प्रसिद्ध महाशिवरात्रि महोत्सव के देव कमरूनाग और भगवान माधोराय के भव्य मिलन के बाद महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज विधिवत शुरू होंगे।

बड़ा देव कमरुनाग के मंडी पहुंचने पर शहर के प्रवेश द्वार पर उनका स्वागत सत्कार किया जाता है और इसके साथ महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज विधिवत शुरू हो जाते हैं। बड़ा देव के कारदारों ने मंडी महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष महाशिवरात्रि मेला कमेटी 25 फरवरी को मंडी के पुलघराट पर बड़ा देव की अगुवाई करेंगे। इसके बाद देवता का मंडी शहर में मंडी रियासत का राज परिवार स्वागत करेगा। देव कमरुनाग राजा माधव राय से उनके महल में मिलने और कुछ समय विश्राम करने के बाद माता श्यामाकाली मंदिर टारना में महोत्सव के समापन तक विराजमान रहेंगे। अन्य देवी-देवता भी मंडी पहुंचने के बाद श्री माधव राय के दरबार में हाजिरी लगाते हैं।

# होटल पर जबरदस्ती कब्जा करने पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर के जुगाहन क्षेत्र के होटल कारोबारी द्वारा नेरचौक में लीज पर लिए होटल पर आरोपियों ने जबरदस्ती कब्जा लेने का मामला सामने आया है।

पुलिस थाना बल्ह ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता संतराम पुत्र बीरबल राम गांव रडू डाकघर जुगाहन तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। शिकायतकर्ता संतराम के अनुसार उसने बल्ह उपमंडल के नेरचौक बाजार में अमृतपाल कौर से एग्रीमेंट पर होटल प्रीत को वर्ष 2027 तक लीज पर लिया है। उन्होंने बताया कि इस होटल का कार्य व अन्य समान पर खर्चा लगभग 18 लाख किया गया है।

संतराम के अनुसार अमृतपाल कौर और उसके बेटे ने यहां-वहां गायब कर दिया। आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां भी दी है। इस पर शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस सरकार विकास को कर रही दरकिनार : राकेश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर कहा कि प्लानिंग की बैठकें सिर्फ रस्म अदायगी के लिए नहीं होती, बल्कि उनका असली उद्देश्य प्रदेश के विकास की दिशा तय करना और जनता को लाभ पहुंचाना होता है।

पिछली प्लानिंग बैठकों में जो कार्य स्वीकृत किए गए थे, उनमें से कितनों पर वास्तव में अमल हुआ? राकेश जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री को भाजपा संगठन की चिंता करने के बजाय अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के बाद से ही विकास को दरकिनार कर भाई-भतीजावाद, मित्रवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगी हुई है।

# लाइफ स्टाइल में बदलाव से कैंसर को मात

**विनोद, नेरचौक**




गेस्ट लेक्चर में मुख्य वक्ता को सम्मानित करते गणमान्य।

अभिलाषी शिक्षण संस्थान, नेरचौक में 'विश्व कैंसर दिवस' के उपलक्ष्य में एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज के कैंसर विज्ञान विभाग से डॉ. कपिल मोहन पाल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की।

उन्होंने बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापकों को इस बीमारी की पहचान, लक्षण और रोकथाम के बारे में जानकारी दी और बताया कि हर साल करीब 10 मिलियन लोगों की मौत कैंसर के कारण होती है, लेकिन लाइफस्टाइल में बदलाव, नियमित जांच और इस बीमारी के शुरुआती लक्षण को पहचान कर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को मात दिया जा सकता है।

**अभिलाषी शिक्षण संस्थान में कैंसर दिवस पर गेस्ट लेक्चरर का आयोजन**

साथ ही डॉ. कपिल मोहन पाल ने बताया कि साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर-डे की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनिक' है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता है, बल्कि यह एक लड़ाई है जिसे लोगों के साथ मिलकर लड़ना और जड़ से उखाड़ फेंकना है। इस दौरान संस्था की प्रधानाचार्या, उप-प्रधानाचार्य व समस्त अध्यापकगण भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# मगर पाधरू पंचायत में चार दिन से पेयजल संकट

**आदर्श, नेरचौक**



एसडीम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे वार्ड नंबर 9 के ग्रामीण सामूहिक चित्र में।

नाचन विधानसभा क्षेत्र की मगर पाधरू पंचायत में पिछले चार दिनों से पेयजल संकट है। इस पंचायत की उठाऊ पेयजल योजना के लिए जल शक्ति विभाग द्वारा बनाए गए पंप हाउस में तकनीकी खराबी के चलते पिछले चार दिनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है।

पंचायत के पिपलू, कलौटी मस्याहण, मगर पाधरू, कांगरू समेत अन्य सभी गांव में पेयजल उपलब्ध नहीं है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। गांववासी धनदेव, हरदेव, चंद्रमणी आदि ने बताया कि गत शुक्रवार से पेयजल की समस्या चल रही है। विभाग की उठाऊ पेयजल योजना के अलावा पंचायत में अन्य कोई ऐसा वैकल्पिक स्रोत नहीं है जिससे सरलता से पेयजल मुहैया किया जा सके।

गांववासियों ने विभाग से पंप हाउस में चल रही तकनीकी समस्या का शीघ्र समाधान कर पंचायत वासियों को पेयजल मुहैया करवाने की मांग की है। जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र आजाद ने बताया कि पंप हाउस में तकनीकी खराबी आई है, जिसके समाधान के लिए विभाग प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही समस्या का समाधान कर पंचायत वासियों को पेयजल नियमित रूप से मुहैया करवाया जाएगा।( अनंत ज्ञान)

# एसपीयू की वकालत करने सीएम के दरबार पहुंचे चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने मुख्यमंत्री सुक्खू से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कायाकल्प की मांग की है।

चमन राही ने जयराम पर आरोप लगाते कहा कि उन्होंने केंद्र में भाजपा सरकार से एसपीयू के लिए विशेष पैकेज नहीं लिया, जिस कारण आज इसकी ऐसी हालत है। बासाधार में बिना जमीन हस्तांतरण व बिना बजट के यूनिवर्सिटी खोल दी थी। चमन राही ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर बासाधार में चिन्हित भूमि पर एसपीयू का हस्तांतरण करने, अगले बजट में यूनिवर्सिटी कैंपस का निर्माण, खाली पद भरने, बीटेक यूआईईटी में सेल्फ फाइनेंसिंग पाठ्यक्रमों के लिए अनुमति, बीएड और होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम पधर कॉम्प्लेक्स में शुरू करने की अनुमति व सरदार पटेल विश्वविद्यालय में कांगड़ा और चंबा जिले के कॉलेजों की संबद्धता सुनिश्चित की जाए।

### आईटीआई मंडी में साक्षात्कार 13 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** गुजरात की निजी कंपनी 13 फरवरी को आईटीआई मंडी में कैंपस साक्षात्कार का आयोजन करेगी। कंपनी को 200 अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवार को आईटीआई (एनसीवीटी/ एससीवीटी) पास होना अनिवार्य है। यह साक्षात्कार केवल युवकों के लिए होंगे। इसके लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 24 वर्ष होनी चाहिए। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी के प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह और राजेंद्र कटोच ने बताया कि अभ्यर्थी के दसवीं में 40 प्रतिशत और आईटीआई में 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

# रक्त कैंसर से बचाव के लिए नशों से रहें दूर

**भीम बसेड़ू, महादेव**



रक्त कैंसर से बचाव के लिए जानकारी देने के दौरान मौजूद छात्राएं।

जीवन रेखा संस्थान सुंदरनगर की प्रशिक्षु छात्राओं ने रक्त कैंसर के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी। चिकित्सा के क्षेत्र में मशहूर जीवन रेखा संस्थान कि प्रशिक्षु छात्राओं ने महादेव गांव में ग्रामीणों को रक्त कैंसर के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रक्त कोशिकाएं कैसे बढ़ती हैं, किन कारणों से रक्त कैंसर हो जाता है। उसके विषय में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि धूम्रपान, शराब, केमिकल की चपेट में आना, रेडिएशन होना और आपसी संक्रमण के कारण शरीर पर ल्यूकेमिया रक्त कैंसर का प्रभाव पड़ सकता है। रक्त कैंसर से बचने के लिए धूम्रपान और समस्त प्रकार के नशों से दूर रहना चाहिए।

प्रशिक्षित प्रशिक्षु छात्रों में अंकित शिवानी, नेहा, आरती जमवाल, रिया सिमरन और बहुत सी छात्राओं ने ग्रामीणों को बहुत महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई। ग्रामीणों में उपस्थित कृष्ण चंद्र महादेविया ने छात्राओं से स्वस्थ कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है कि विषय में बहुत सारे प्रश्न भी किए। (अनंत ज्ञान)

# मनरेगा के तहत बना महादेव घुकनू मार्ग का हाल बेहाल

**अनंत ज्ञान, महादेव**

गांव महादेव मार्ग से संपर्क करता गांव घुकनू का मार्ग जो स्थानीय लोगों ने अपनी निजी भूमि देकर मनरेगा की मदद से निकाला है, लेकिन लगभग तीन किमी मार्ग का हाल बेहाल है, क्योंकि इस मार्ग को संबंधित विभाग ने खाइयों में उस धकेल दिया, जब यहां खुदाई करके भूमि के अंदर पाइप डाली है तब से लेकर अब तक वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। लोगों ने जल शक्ति विभाग व उपायुक्त मंडी से गुहार लगाई है कि शीघ्र ही इस बेतरतीब ढंग से खोदे गए मार्ग को सही ढंग से सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए।



### देव पशाकोट और देव महुंनाग का मिलन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बनाड़ पंचायत में देव पशाकोट और देव महुंनाग के मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सुख-समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों ने देवताओं से अच्छी बारिश की प्रार्थना की, ताकि फसलें लहलहा सकें और जल संकट दूर हो सके। देव कारदारों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ देव मिलन की रस्में पूरी कीं। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और नाटी के रंग में पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

# पिपली पंचायत के खेल मैदान को किया जाएगा विकसित : जीवन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को तमाम सुविधा मिले, ऐसा मेरा प्रयास रहेगा। यह बात प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने पिपली पंचायत के लोगों से कही।

उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को यातायात की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। पिपली पंचायत के ऊपरली पिपली में एक सेवानिवृत्ति समारोह में उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों ने उनसे मांग की कि इस पंचायत में खेल मैदान है लेकिन उसे विकसित किया जाना अति आवश्यक है। ग्रामीणों की इस मांग को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही इस बारे जानकारी हासिल कर इस खेल मैदान को विकसित करने के लिए हरसंभव सहायता व प्रयास करेंगे।

उन्होंने लोगों की अन्य समस्याओं को भी सुना और उन्हें पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

**खोज** स्वास्थ्य के साथ स्वाद का बेहतरीन संगम, इनोवेटिव मिलेट कुकीज/बिस्किट्स

# फिंगर मिलेट और गेहूं के आटे से बनाए कुकीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



डॉ. तारा सेन ।

वल्लभ कॉलेज मंडी की बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ. तारा देवी सेन की ओर से पोषण और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अनूठी खोज के लिए पेटेंट दायर किया गया है। यह नवाचार फिंगर मिलेट रागी, काउंच बीज और तेजपत्ता से समृद्ध पौष्टिक कुकीज/बिस्किट्स के निर्माण से संबंधित है।

डॉ. तारा सेन ने बताया कि आज के उपभोक्ता तेजी से लो-कैलोरी और हेल्दी डाइट को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, इस नवाचार के तहत एक ऐसा कुकीज फॉर्मूला विकसित किया गया है, जो स्वाद, पोषण और औषधीय गुणों का अनूठा संयोजन प्रस्तुत करता है। इन कुकीज में रिफाइंड आटे के स्थान पर फिंगर मिलेट और गेहूं के आटे का उपयोग किया गया है, जिससे इनका फाइबर और पोषक तत्वों का स्तर बढ़ जाता है। इसके अलावा, पारंपरिक चीनी के स्थान पर गुड़ पाउडर का उपयोग किया गया है, जिससे यह कुकीज न केवल स्वास्थ्यवर्धक बल्कि हर आयु वर्ग के लिए सुरक्षित और आदर्श स्नैक विकल्प बन जाती हैं।

### स्थानीय सहयोग से नवाचार को बढ़ावा

**डॉ.** तारा देवी सेन ने बताया कि इन कुकीज को गोहर ब्लॉक के स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय कुकीज विक्रेता दीपक के सहयोग से तैयार किया। इन कुकीज/बिस्किट्स को राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के क्षेत्रीय केंद्र, जोगिंदरनगर द्वारा जनवरी माह में हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के किसानों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र -औषधीय पौधों में मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण-में रिफ्रेशमेंट के तौर पर परोसा गया। इन तीन राज्यों के किसानों ने इनके स्वास्थ्य लाभों की भी सराहना की।

### फिंगर मिलेट हड्डियों और पाचन के लिए वरदान

**इस** पेटेंट फाइल किए गए नवाचार का आधार पारंपरिक खाद्य पदार्थों को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ पुनर्परिभाषित करना है। जिसमें फिंगर मिलेट रागी हड्डियों और पाचन के लिए वरदान है, जो कैल्शियम से भरपूर, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। उच्च फाइबर सामग्री, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने और पाचन में सुधार में सहायक है। इसके अलावा काउंच बीज मस्तिष्क और मांसपेशियों के लिए पोषणयुक्त है। काउंच को स्थानीय बोली में द्रागल कहा जाता है।

### आवारा पशुओं ने दो लोगों पर किया हमला

**आदर्श, नेरचौक।** नगर परिषद नेरचौक के वार्ड नंबर 9 में आवारा पशुओं के आतंक से ग्रामीण खौफ जदा है। यहां आवारा सांड (बैल) ने दो व्यक्तियों पर जानलेवा हमला कर दिया। अलग-अलग हुए इस हमले में दोनों व्यक्ति जख्मी हो गए। घायल अवस्था में इन्हें परिजनों द्वारा नेरचौक मेडिकल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सको ने इनका प्राथमिक उपचार किया। दोनों के सर पर एक दर्जन से भी ज्यादा टांके लगे हैं।

पार्षद गीता देवी ने एसडीएम बल्ह से वार्ड नंबर 9 में घूम रहे आवारा पशुओं को किसी गौसदन या सुरक्षित जगह पर छोड़ने की गुहार लगाई है। साथ ही आवारा बैल के हमले से घायल हुए दोनों ग्रामीणों की आर्थिक सहायता करने की भी अपील की है।(अनंत ज्ञान)

# कबड्डी में महिला टीम ने जीता गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



हिमाचल प्रदेश कबड्डी का सरताज बना है जिसमें महिलाओं की कबड्डी ने अपनी प्रतिभा का सिक्का जमाया है। इसका प्रमाण हाल ही में संपन्न। 38वीं नेशनल महिला कबड्डी प्रतियोगिता है, जिसमें हिमाचल प्रदेश सीनियर वर्ग की महिला खिलाड़ियों ने लगातार अपनी शानदार कबड्डी का प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। भावना ठाकुर, शगुन और शिवानी की बेहतरीन कबड्डी ने गोल्ड मेडल जीतने में अहम भूमिका अदा की है।

जानकारी देते जिला मंडी कबड्डी संघ के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने कहा कि भावना ठाकुर पंडोह क्षेत्र से संबंध रखती है। भावना का कबड्डी ट्रेक प्रदेश को गौरवान्वित करता है। अब तक 6 राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया चुकी है तथा अनेकों बार इंडिया कैंप भी लगा चुकी है। ठाकुर ने बताया कि भावना ठाकुर की कबड्डी का पुरा श्रेय कबड्डी कोच डीआर चौधरी को जाता है।

उन्होंने इस उपलब्धि के लिए हिमाचल प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष राजकुमार बराटा, कबड्डी संघ जिला मंडी के अध्यक्ष टेक चंद शर्मा व प्रेम ठाकुर को भी बधाई दी है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं निक्की देवी** (65) पत्नी श्री जय सिंह, निवासी गांव काटली, डाकघर जुगाहण, तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा वास्तविक और सही नाम निक्की देवी है। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक ने बजट को सराहा

**अनंत ज्ञान, अंब।** चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक व जिला ऊना के पूर्व जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह ने 2025 के केंद्रीय बजट को देश के विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सरकार की समग्र दृष्टि और विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। विशेष रूप से उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर में किए गए प्रस्तावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बजट में विशेष ध्यान बुनियादी ढांचे के विकास पर दिया गया है, जिससे रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। बलबीर सिंह ने सरकार से अपील की कि केंद्रीय बजट में घोषित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। प्रेस वार्ता के दौरान उनके साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शाम मिन्हास व नए उपाध्यक्ष उपदेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

### विनेवाल में बैंक ने ग्राहकों को जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा अजौली द्वारा विनेवाल व पूना पंचायत में जागरूकता कैंप लगाया गया। कांगड़ा बैंक की मैनेजर राम कुमार ने लोगों को बैंक संबंधी योजनाओं व फ्रॉड फोन कॉल के बारे में जागरूक किया और बताया कि बैंक संबंधी अगर कोई कॉल आती है तो वह उसी समय बैंक में आकर संपर्क करें ताकि धोखाधड़ी व पैसों की लूट से बचा जाए क्योंकि ऋण संबंधी बैंक कोई भी फोन नहीं करता व नहीं अपने बैंक के एटीएम का पासवर्ड व ओटीपी किसी से भी ना साझा करें। इस दौरान सीनियर क्लर्क परमजीत सिंह, प्रवेश कुमार, प्रधान पंचायत विनेवाल सुखराज कौर, उपप्रधान जीत सिंह व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा वर्कर सहित गांववासी उपस्थित थे।

### गुरु रविदास का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोषगढ़ के साथ लगती ग्राम पंचायत सनोली के वार्ड एक में श्री गुरु रविदास महाराज जी का 648वां प्रकाशपर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरु रविदास सभा के सचिव हरीश भाटिया ने बताया कि प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य में अमृतवेला से प्रभात फेरियां शुरू की जा चुकी हैं। 11 फरवरी को विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा जो गांव मंदिर परिसर सनोली से शुरू होकर माजरा, बीनेवाल, मल्कपुर, मेहतमा, हाजीपुर, सेहजोवाल, संतोषगढ़ होते हुए वापस श्री गुरु रविदास मंदिर सनोली मे पहुंचेगा। प्रकाश पर्व के दिन 12 फरवरी को सुबह नौ बजे निशान साहिब चढ़ाया जाएगा व पिंदर शर्मा एंड पार्टी नंगल डैम द्वारा गुरु जी का गुणगान करेंगे। दोहपर एक बजे अटूट लंगर बरतेगा। शाम को आठ बजे पंजाब के प्रसिद्ध कलाकार मलकीत सिंह मंगा म्यूजिकल ग्रुप लुधियाना वाले गुरु जी का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर प्रधान हरबंस लाल, सीता राम, हरजिंदर पाल, लक्की भाटिया, जिंदर, काला, राम लाल, राज कुमार, सौरव, विक्की, गोरू, योगेश, गुरदास राम सहित अन्य मौजूद रहे।

### भंजाल स्कूल में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में रोड सेफ्टी व ईको क्लब के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले मेधावी छात्रों को इनाम बांटे गए। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य राजन शर्मा, रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज राजन कुमार, ईको क्लब के इंचार्ज सुशील कुमार, अधीक्षक रजनी शर्मा, वरिष्ठ लेक्चरर अनु शर्मा, सुरेश ठाकुर, संदीप कुमार, रमणीक बंसल, मुकेश कुमार, सुनीता कुमारी, सीमा सोहल, मधु ठाकुर, विनोद ठाकुर, नरेश ठाकुर, विनय कुमार, सुनील ठाकुर, नीरज बाला, स्मृति चौधरी, राधिका कुमारी, अरुण कुमार, अश्वनी पठानिया, रमेश चंदेल, शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

### यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहें : सूर्यवंशी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल खुर्द के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, टाहलीवाल पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम ने छात्रों को विभिन्न यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। विवेक राणा, प्रधानाचार्य ने बताया कि एसएचओ रिंकू सिंह सूर्यवंशी, तथा यातायात प्रभारी राम पाल ने अपनी टीम के साथ छात्रों को यातायात नियमों के महत्व के बारे में बताया। छात्रों को बताया गया कि वे लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन चलाएं। वाहन चलाते समय, हमें यातायात के नियमों के बारे में जागरूक रहना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल रोड सेफ्टी क्लब की संयोजक, सुमन जसवाल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के विजेता छात्रों पल्लवी, वंदना, शांत, गुरवीर, पर्णिता, दीपिका, हर्षिता, दिव्यांश, पूर्वांशी आदि को पुलिस टीम द्वारा सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर तेजपाल कौर, अध्यक्ष एसएमसी, सीमा देवी, शिक्षक अरुण, मुनिश, कंचना, विनोद, दर्शन, सीमा आदि उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवियों को सिविल सेवाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी की अध्यक्षता में ड्रिल से हुई। इसके बाद सभी ग्रुप वाइज ग्रुप लीडर्स ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ ही पिछले दिन की गतिविधियों पर ग्रुप लीडर लता ठाकुर ने रिपोर्ट और आज का विचार रखा। चौथे दिन की मुख्य गतिविधियां चार सत्रों में आयोजित की गई थीं। पहले सत्र में मुख्य अतिथि एवं रिसोर्सपर्सन उपमंडल बंगाणा के दंडाधिकारी सोनू गोयल ने डिजिटल साक्षरता और सिविल सेवाओं में करियर के विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्वयंसेवियों को सिविल सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया और डिजिटल साक्षरता के महत्व को समझाया। दूसरे सत्र में, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा के प्रधानाचार्य ने शिक्षा में डिजिटल साक्षरता के महत्व और इसके कार्यान्वयन की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। तीसरे सत्र में, वूमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट के जिला प्रोग्राम अधिकारी नरेंद्र और सुपरवाइजर सपना शर्मा ने महिलाओं के विकास में डिजिटल साक्षरता की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी दी। चौथे सत्र में, तृतीय विश्व देशों में डिजिटल साक्षरता की चुनौतियों पर ग्रुप डिस्कशन हुआ, जिसमें स्वयंसेवियों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर एनएसएस कैप्टन तीक्ष्ण और परीक्षा समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

# सनातन से कोई बड़ा धर्म नहीं और धर्म से बड़ा कोई सत्य नहीं : आचार्य शिवकुमार

## भागवत कथा में छप्पन भोग और गोवर्धन पूजा का महत्व बताया, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की शिरकत

**हीना पठानिया, बड़ूही**

महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा रामकिशन की नगरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन चिंतपूर्णी क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, चिंतपूर्णी मंडल अध्यक्ष विनय शर्मा एंव पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी ने कथा का श्रवण किया। वहीं, कथा व्यास आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने बताया कि भगवान इंद्र जब प्रकोप में थे, तब उन्होंने वर्षा करके कहर बरपाया।

चारों ओर हाहाकार मच गया। गांव जलमग्न होने लगे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत अंगुली पर उठा लिया। इससे गांव के सभी लोग गोवर्धन पर्वत के नीचे आ गए और वहां शरण ली। भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र का मन नष्ट करके गिर्राज पूजा करवाई थी। तब सभी बृजवासियों ने गोवर्धन पहुंचकर गोवर्धन पर्वत का पूजन किया और 56 भोग लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी वृंदावन में बांके बिहारी को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि सनातन से कोई बड़ा धर्म नहीं और धर्म से बड़ा कोई सत्य नहीं है। मन से नमन और मन से मनन करेंगे तो जिंदगी की सारी समस्याओं का हनन हो जाएगा।

आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने पांचवें दिवस कथा में गोवर्धन पूजा छप्पन भोग प्रसाद का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों से 56 प्रकार के भोजन बनाकर भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाए। कथा में पूतना उद्धार एवं बकासुर वध का वृतांत सुनाते हुए उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की जन्म बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जो जीव भगवान के सामने आ जाए, उसका भगवान उद्धार कर देते हैं, चाहे वह मनुष्य हो या रक्षक, कालिया नाग की कथा के माध्यम से बताएं कि नदियों को साफ रखो, मां नर्मदा में स्नान करने जाएं तो सफाई करें और गंदगी करने से लोगों को रोकें, वह जगत जननी मां है। ग्वालों और गोपियों ने कई वर्षों तक तप किया था, तब भगवान ने उनके बीच अवतार लेकर उनको आनंद प्रदान किया। शास्त्री ने बताया कि इस दौरान भगवान गोवर्धन का पूजन भी किया गया।


गोवर्धन और कन्हैया की पूजा करते भक्त।

**ये रहे उपस्थित :** कथा में मुख्य यजमान सुरेश कुमार एवं राजरानी, महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहडा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी, सुषमा कुमारी, श्वेता शर्मा, हनी शर्मा, दिनेश कुमार, तिलकराज शर्मा, रिटायर्ड अध्यापक रणधीर सिंह ठाकुर, नेता जनक राज शर्मा, राधेश्याम, पंडित रमेश शास्त्री, सुरेश कुमार, जरनैल सहित कई लोगों ने पहुंचकर व्यास पीठ में माथा टेककर पूजन कर महाराज का आशीर्वाद लिया। (अनंत ज्ञान)

## कबड्डी में केबीसी कलोह, गुगलैहड़ की टीम को हराकर बनी सिरमौर

**सन्नी पुरी, गगरेट**

बढ़ते नशे के प्रचलन के बीच युवाओं को खेलों की ओर मोड़ कर नशे पर वार करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सांसद खेल महाकुंभ के तहत विकास खंड गगरेट के अंबोटा गांव में आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट का खिताब केबीसी कलोह की टीम ने गुगलैहड़ की टीम को फाइनल मुकाबले में परास्त कर अपने नाम किया है।

बेहद रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें खिताब की जंग के लिए अंतिम क्षण तक भिड़ीं, लेकिन केबीसी कलोह के सिर जीत का सेहरा बंधा। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर दोनों टीमों का हौसला बढ़ाया। विजेता टीम को ग्यारह हजार रुपए व उपविजेता टीम को 3100 रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा।

पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ का मूल उद्देश्य ही युवाओं को नशे की लत से दूर लेकर जाना है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन नम्बरदार व अजय ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव राजू, भाजयुमो अध्यक्ष सन्नी पटियाल सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

### मेगा डेंटल एवं ईएनटी चेकपअ कैंप 7 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी क्लब ऊना व रोटरी क्लब शिमला के संयुक्त तत्वावधान में ऊना मुख्यालय पर मेगा डेंटल एंव ईएनटी चैकपअ कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी रोटरी क्लब ऊना के प्रधान एवं ईएनटी रोग विशेषज्ञ डा. केआर आर्य ने दी। उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जखेड़ा में 7 व 8 फरवरी को दांत रोग व ईएनटी कैंप का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 9 फरवरी को हरोली क्षेत्र के पालकवाह गांव में शिविर आयोजित होगा। शिविर में लोगों के दांत, कान, नाक व गला रोग की जांच की जाएगी। वहीं मौखिक कैंसर की भी स्क्रीनिंग होगी। डॉ. केआर आर्य ने बताया कि जिला के लोगों को घर-द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की जाएंगी। इसके लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाएं जाएंगे, ताकि लोग आसानी से इन शिविरों में अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सके।

## ट्रांसजेंडरों को अधिकतम 3100 रुपए देने का प्रस्ताव रखा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोषगढ़ की मासिक बैठक का आयोजन नगर परिषद कार्यालय में किया गया। बैठक में नगर परिषद में किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त बैठक में नगर परिषद संतोषगढ़ में बधाई देने के लिए आने वाले ट्रांसजेंडरों को बधाई राशि देने बारे चर्चा की गई।

चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर परिषद संतोषगढ़ में ट्रांसजेंडरों को दी जाने वाली बधाई राशि 3100 रुपए स्वीकृत की जाती है। इसके अतिरिक्त अगर कोई नगर वासी आर्थिक रूप से कमजोर है और वह 3100 रुपए की राशि देने में भी समर्थ नहीं है तो वह अपनी समर्था के अनुसार किन्नरों को बधाई राशि दे सकता है।

## सड़क हादसे में मौत के मामले में एक माह बाद बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय के साथ लगते झलेड़ा में पेश आए सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत मामले में पुलिस नतीजे तक पहुंच गई है। इस मामले में पुलिस ने एक माह बाद बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले को लेकर मृतक के बेटे ने ऊना पुलिस के पास शिकायत दी थी। यह भी खुलासा हुआ कि घटना के समय समझौता हुआ था कि सड़क हादसे के दौरान बाइक चालक ने उसके पिता के इलाज का सारा खर्चा देने की बात कही थी, लेकिन बाइक चालक द्वारा कोई खर्चा नहीं दिया गया। ऐसे में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में अंकित शर्मा निवासी बड़साला ने बताया कि एक दिसंबर को पिता अश्वनी कुमार झलेड़ा से टक्का रोड की तरफ स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान अंब की ओर से आ रही बाइक ने स्कूटी सवार पिता को टक्कर मार दी। हादसे में घायल पिता को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया, यहां कुछ दिन उपचार के बाद पिता की मौत हो गई।

अंकित शर्मा का आरोप है कि हादसा बाइक चालक दिलप्रीत सिंह निवासी मोहाली, पंजाब की वजह से पेश आया था। बाइक चालक ने दुर्घटना के समय पिता के इलाज का सारा खर्च वहन करना व स्कूटी को ठीक करवाना माना था, जिस कारण हमने शिकायत न की थी। खर्चा देने से मना करने पर अंकित शर्मा ने दिलप्रीत सिंह के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर दिलप्रीत सिंह निवासी पंजाब के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोविंदा की पत्नी ने किए मां चिंतपूर्णी के दर्शन



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा व उनकी बेटी टीना ने माता चिंतपूर्णी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर में हवन करके माता जी के दर्शन किए। बता दें कि मंदिर पहुंचने पर पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंदर छिंदा ने उन्हें वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ माता की पूजा-अर्चना करवाई। दर्शन करने के उपरांत सुनीता आहूजा ने बताया कि मां चिंतपूर्णी के दरबार में अपने बेटे यशवर्धन व बेटी टीना के फिल्म जगत में उज्जवल भविष्य लिए मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगवाई है। सुनीता आहूजा ने बताया कि मां चिंतपूर्णी के दर्शन करने से आध्यात्मिक व मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ फोटो भी खिंचवाई। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल, पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र छिंदा, भूषण कालिया जीवन प्रकाश व अन्य पुजारी मौजूद रहे। वहीं, सुनीता आहूजा ने श्री नयना देवी मंदिर और ज्वालामुखी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।

### हिमाचल की अनदेखी पर सांसदों की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण: देवीलाल

**अनंत ज्ञान, घनारी।** केंद्रीय बजट 2025 में हिमाचल प्रदेश को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जाना प्रदेश के लोगों के साथ अन्याय है। इस बजट में हिमाचल को किसी भी नई परियोजना या विशेष सहायता राशि का लाभ नहीं दिया गया, जिससे प्रदेश की जनता में गहरी नाराजगी है। गगरेट के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देवी लाल ने इस अनदेखी के लिए प्रदेश के चारों भाजपा सांसदों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार ने हिमाचल को बजट में पूरी तरह नकार दिया, तो ये सभी सांसद चुप्पी साधे बैठे रहे, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

## घलूंह में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज विजेता को मिलेंगे 51 हजार रुपए


क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पहुंचे हुए मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ की पिपलू धार के गांव घलूंह में क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हो गया। आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता आज शुरू हुई, जिसमें प्रतियोगिता की विजेता टीम को 11000 रुपए इनामी राशि दी जाएगी व उपविजेता टीम को 7100 रुपए नकद इनामी राशि इनाम में रखी गई है।

घलूंह यूथ क्लब के सदस्यों ने मुख्य अतिथि राजकुमार मनकोटिया का जोरदार स्वागत किया और पहाड़ी टोपी, शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि राजकुमार मनकोटिया ने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी और क्रिकेट ग्राउंड में शपथ भी दिलाई कि नशे को न और खेलों को हां कहें क्योंकि खेलने से शारीरिक व् मानसिक विकास होता है।

इस प्रतियोगिता के लिए राजकुमार मनकोटिया ने क्रिकेट क्लब को अपनी ओर से 5100 रुपए नकद राशि प्रोत्साहन के रूप में दी और कहा कि भविष्य में ऐसी प्रतियोगिता करवाने में युवाओं को हमेशा आगे आना चाहिए।

## सेमीफाइनल में पहुंची बटूही और रत्न-11 टीम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ संसद खेल महाकुंभ के मंगलवार को क्रिकेट के दो मुकाबले हुए। सांसद खेल महाकुंभ के कुटलैहड़ प्रभारी राजेंद्र रिंकू ने बताया कि इस संसद खेल महाकुंभ के कुटलैहड़ की रत्न-11 टीम ने पहले खेलते हुए 134 रन बनाए। अजय संधू ने 37 रन और प्रकुल रतन ने 27 रन, रोहित संधू ने 24 रन की पारी खेली।

वहीं, लक्ष्य का पीछा करते लोअर बसाल टीम 78 रन पर ही सिमट गई, जिसके चलते 56 रनों से रत्न-11 टीम ने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरी ओर बटूही का रेंसरी से मुकाबला हुआ। उसमें बटूही ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रिंकू ने बताया कि शनिवार को रत्न 11 बनाम तनोह ओर जसाना बनाम बटोही में सेमीफाइनल में भिड़ंत होगी औरर रविवार को फाइनल खेला जाएगा। वहीं, संसद खेल महाकुंभ में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने मुख्यतिथि शिरकत की। चरणजीत शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और नशे से दूर रखने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल साबित हो रहा है।


कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ में क्रिकेट के मुकाबले करवाए गए।

केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की अगुवाई में यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक प्रमुख जरिया बना है। देश में खेल संस्कृति को मजबूत करने और युवाओं को नशे की चपेट से बचाने के उद्देश्य से अनुराग ठाकुर ने इस खेल महाकुंभ की शुरुआत की। इस आयोजन के माध्यम से हजारों युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है।

प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबाल, बास्केटबाल, हॉकी और तीरंदाजी जैसे विभिन्न खेलों को शामिल किया गया है, जिससे हर खेल प्रेमी को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिले। कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा जो खेल महाकुंभ के आयोजन से जुड़े हुए हैं, ने बताया कि अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में इस प्रकार का आयोजन खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

इस खेल महाकुंभ में भाग ले रहे एक युवा खिलाड़ी ने बताया किपहले हमें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए कोई मंच नहीं मिलता था, लेकिन अब हमें सांसद खेल महाकुंभ के रूप में एक बड़ा अवसर मिल रहा है। इससे हमें न केवल प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि भविष्य में खेल को करियर के रूप में अपनाने का आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। अनुराग ठाकुर की यह पहल हिमाचल प्रदेश के युवाओं को एक नई दिशा देने में सफल हो रही है। इस आयोजन से न केवल खेल प्रतिभाएं निखर रही हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है।

## स्वयंसेवियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किया सम्मानित

**विवेक शर्मा, अंब**

### अंब में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सचिन शर्मा (आईएएस अधिकारी) उपमंडलाधिकारी अंब ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने मुख्यतिथि का स्वागत व अभिनंदन किया। सभी स्वयंसेवियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत व अभिनंदन बहुत ही उत्साह से किया।

मुख्यातिथि ने सभी स्वयंसेवियों को उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की व स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। समापन समारोह के दौरान, मुख्य अतिथि ने शिविर की सफलता और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्रों में न केवल समाज सेवा की भावना जागृत होती है, बल्कि उनका व्यक्तित्व भी निखरता है। यह शिविर छात्रों के लिए एक बहुमूल्य अनुभव रहा है, जो उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। उन्होंने सवयंसेवियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया और कहा कि संविधान में जो हमें अधिकार और कर्तव्य मिले हैं, उनका हमें निष्ठापूर्वक वहन भी करना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवियों को स्वयं पोर्टल और विधान पालिका, न्याय पालिका और कार्य पालिका की बहुत विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखदेव ने विशेष शिविर की विस्तृत रिपोर्ट मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत की। स्वयंसेवियों ने कार्यशालाओं और गतिविधियों के अनुभव साझा किए और शिविर के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल को जीवन में लागू करने का संकल्प लिया। समापन समारोह के अवसर कार्यक्रम पर अधिकारी प्रो.सुखदेव, डॉ. कुमारी सुजाता, प्राध्यापक अभिभावक संघ के अध्यक्ष रविंद्र बंसल,अधीक्षक ग्रेड-1 राम लाल और सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### हिम भोग सेहत और स्वरोजगार का सुंदर सुयोग, किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर कर रहा प्रेरित

# 'हिम प्राकृतिक खेती उत्पाद' से युवाओं को मिले रोजगार के नए अवसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

आप प्राकृतिक खेती करिए...गेहूं-मक्की उगाइए...हिमाचल सरकार उसे आपसे चोखे दामों पर खरीदेगी। दरअसल, राज्य सरकार की हिम प्राकृतिक खेती उत्पाद योजना के संबल से खेतीबाड़ी का कार्य अब केवल अन्न उपजाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सेहत और स्वरोजगार से सफलता का मजबूत आधार बन गया है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए सरकार ने 'हिम भोग' ब्रांड के साथ पहले पहल हिम मक्की आटा बाजार में उतारा है। यह प्रयास किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रेरित करने और उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक विकल्प उपलब्ध कराने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

इस योजना के अंतर्गत सरकार ने पहले चरण में हिम मक्की आटा लॉन्च किया है, जिसे 1 किलो और 5 किलो की पैकेजिंग में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है।

**युवाओं को स्वरोजगार की नई राह :** उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर साल 2024 के दिसंबर में बिलासपुर में आयोजित समारोह में हिम प्राकृतिक खेती उत्पाद योजना की शुरुआत की थी, साथ ही उन्होंने इसके तहत हिम भोग ब्रांड का शुभारंभ भी किया था।

समारोह में सांकेतिक रूप से चुनींदा लाभार्थियों को हिम मक्की आटा वितरित किया गया था। यह पहल युवाओं को पारंपरिक खेती से जोड़कर उन्हें सशक्त रोजगार अवसर प्रदान करने को समर्पित है। सरकार मक्की को 3,000 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है, ताकि अधिक से अधिक किसान और युवा इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

आगे इसे और व्यापक बनाया जाएगा और अन्य प्राकृतिक खेती उत्पाद भी हिम भोग ब्रांड के तहत बाजार में उतारे जाएंगे।


प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पाद की खरीददारी करते ग्राहक।

### क्या कहते हैं उपायुक्त

ऊना के उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि हिमाचल सरकार की हिम प्राकृतिक खेती उत्पाद योजना के तहत हिम भोग की यह पहल किसानों के हितों को संरक्षित करने में कारगर रही है। इसके तहत लोगों को स्वास्थ्यवर्धक आहार विकल्प मिलने के साथ ही राज्य की युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनने का अवसर उपलब्ध हो रहा है।

### उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता का आटा


**ऊना** के जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक राजीव शर्मा ने बताया कि जिले के 322 डिपुओं के माध्यम से हिम भोग ब्रांड का प्राकृतिक खेती मक्की आटा उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा रहा है। इन डिपुओं में अब अन्य सामान के साथ-साथ सस्ते दामों पर हिम मक्की आटा भी उपलब्ध है। वहीं, सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के एरिया प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि ऊना जिले में अब तक 16 किसानों से 111 क्विंटल प्राकृतिक मक्की की खरीददारी की गई है। बता दें, हिमाचल प्रदेश देशभर में गेहूं और मक्की के लिए सर्वाधिक समर्थन मूल्य निर्धारित करने वाला राज्य है। किसानों से गेहूं 40 रुपए प्रति किलोग्राम और मक्की 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी जा रही है।

### किसानों-उपभोक्ताओं ने जताया सरकार का आभार

**ऊना** जिले के किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया है। उनका कहना है कि हिम प्राकृतिक खेती उत्पाद योजना चलाकर सरकार ने सेहत, स्वरोजगार और सरकारी सहयोग का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है। वहीं, डिपुओं से हिम भोग ब्रांड का हिम मक्की आटा खरीदने वाले उपभोक्ताओं ने शुद्ध और प्राकृतिक आहार का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए हिमाचल सरकार का आभार जताया है। ऊना की नीलम द्विवेदी ने बताया कि हिम मक्की आटा उन्हें सस्ते दामों पर उचित मूल्य की दुकानों से मिल रहा है और यह खाने में बेहद स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक है। कोटला कलां निवासी सुलेखा देवी और सोनिया सैनी बताती हैं कि डिपो में 50 रुपए प्रति किलोग्राम की पैकेजिंग में हिम मक्की आटा खरीदा है। यह आटा डायबिटीज रोगियों के लिए बड़ा लाभकारी सिद्ध हो रहा है। वहीं, चताड़ा की मीना देवी और सर्वजीत कौर ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती से तैयार यह आटा स्वास्थ्यवर्धक तो है ही, साथ ही बाजार से किफायती दरों पर उपलब्ध हो रहा है।

### नशे का कारोबार करने वालों के बारे में जानकारी देने पर मिलेगा इनाम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** तनोह पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने युवाओं को चिट्टे के नशे से दूर रहने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि माता-पिता का भी कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों का स्कूल एवं कॉलेज जाने आने की गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी रखें।



इस कारोबार में इसमें लड़कियां और औरतें भी पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है, लेकिन चित्त का कारोबार करने वाले नए-नए हथकंडे अपना कर युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर कोई भी आपके क्षेत्र में नशे का कारोबार कर रहा है तो उसके बारे में जानकारी दें, उसे उचित इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा और उसका नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

# अटल टनल रोहतांग सहित लाहौल में बर्फबारी, शीतलहर का बढ़ा प्रकोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में मौसम के अचानक करवट बदलने से कई भागों में ठंडक बढ़ गई है। मंगलवार सुबह से अटल-टनल रोहतांग सहित जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले भागों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। वहीं, बर्फ के बीच पर्यटकों ने अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल के पास खूब मस्ती की। उधर, अटल टनल के दोनों छोर में बर्फबारी होने से पुलिस प्रशासन ने सैलानियों व आम लोगों को इस तरफ आवाजाही नहीं करने की हिदायत दी है। बर्फबारी और बारिश के इस दौर ने जहां पर्यटकों के चेहरे पर खुशी ला दी है। वहीं, प्रदेश के किसान और बागवान भी राहत की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि सूखे जैसे हालात से वे पिछले कुछ समय से परेशान थे।




राजधानी शिमला में भी बादल छाए हुए हैं, हालांकि बीच-बीच में धूप भी नजर आ रही है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य में 5, 8 और 9 फरवरी को विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। बुधवार को भी कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है। इन जिलों के निचले हिस्सों में भी कई जगहों पर हल्की माध्यम से बारिश हो सकती है। हालांकि, सप्ताह के बाकी दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना जताई गई है। कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में नवंबर से जनवरी तक पर्याप्त बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात हैं, जिसके चलते दोनों जिले के किसान-बागवानों को बर्फबारी व बारिश का बेसब्री से इंतजार है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पांच फरवरी को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। उधर, एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि मंगलवार को जिले में बर्फ के फाहे गिरे, लेकिन वाहनों की आवाजाही सुचारु रही।

## महिला के शव की नहीं हुई शिनाख्त

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के झाड़ग गांव में मिले महिला के शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस महिला के परिजनों का पता लगाने में जुटी हुई है, लेकिन अभी तक कोई अता-पता नहीं चल पाया है। पहचान के लिए शव मनाली के शव गृह में रखा है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान और उनके परिजनों का अभी तक पता नहीं लग पाया है। महिला की उम्र लगभग 30-35 वर्ष के बीच है। ऊंचाई 5 फुट है तथा रंग गेहुंआ है। तीन तितलियों के बाएं पैर पर टैटू का निशान है। महिला ने हल्के नीले रंग की पैंट जींस, भूरे रंग का स्वेटर, काले रंग के लंबे चमड़े के जूते पहने हैं। लाल और काले रंग का एक बैग भी मिला है। अज्ञात मृतक महिला की पहचान के लिए कोई सुराग मिलता है या किसी लापता महिला के विवरण से मेल खाता है, तो सूचना ई-मेल आईडी police.manali-hp@nic.in टेलीफोन नंबर 01902-252326 पर भेजी जा सकती है।

## विधायक प्राथमिकता बैठकों के नाम पर विधायकों के साथ मजाक : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि सोमवार से शिमला में विधायक प्राथमिकता की बैठकों का दौर शुरू हो चुका है, लेकिन इस बार भाजपा विधायकों ने विधायक प्राथमिकता की बैठकों का बहिष्कार किया है। यह बात बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विधायकों ने वर्तमान सरकार पर भाजपा विधायकों की अनदेखी व भेदभाव करने का आरोप लगाया है।

इस मौके पर शौरी ने सरकार पर विधायक प्राथमिकताओं की अनदेखी को लेकर तीखा हमला बोला है। शौरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर मनमानी करने पर उतर आई है व संवैधानिक पद के प्रति शिष्टता व उसकी गरिमा को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि गत दो वर्षों से कांग्रेस सरकार भाजपा विधायकों से विधायक प्राथमिकता की योजनाएं तो ले रही है, लेकिन उन्हें रोकने व उनमें विलंब पैदा करने का कार्य भी कर रही है, जिन विस क्षेत्रों से भाजपा के विधायक चुन कर आए हैं, वहां की योजनाओं को नाबॉर्ड में ही रोकने का बेहद घृणित कार्य इस सरकार ने किया है। उस तरह का भेदभाव कर विधायक प्राथमिकता की बैठक करवाना विधायकों का मजाक उड़ाने जैसा है। कांग्रेस सरकार जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को नीचे दिखाने पर तुली हुई है। विधायक ने कुल्लू में लाडा के अंतर्गत पंचायतों को मिले हिस्से में सरकार द्वारा की जा रही मनमानी पर भी चिंता जताई। विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा लाडा के अंतर्गत पंचायतों को जारी राशि में हस्तक्षेप कर पंचायतीराज संस्था की शक्तियों को क्षीण करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पलकों पर बिठाई देश-प्रदेश का नाम रोशन करने वाली नीता

## वर्ल्ड कप जीतकर वापस लौटी खो- खो खिलाड़ी नीता का कुल्लू पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

खो-खो वर्ल्ड कप जीतकर भारत और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली कुल्लू की नीता का मंगलवार को जिला मुख्यालय कुल्लू में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

नगर परिषद कुल्लू के तोरण द्वार पर नीता के स्वागत में सुबह से ही लोगों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। यहां पर फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ नीता का भव्य स्वागत किया गया। कुल्लू जिले की खराहल घाटी की निवासी नीता ने नई दिल्ली में 13 से 19 जनवरी तक आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में इंडिया की टीम विजो रही और इंडिया की खो-खो टीम में कुल्लू जिले से संबंध रखने वाली नीता हिमाचल की एकमात्र खिलाड़ी थी। मंगलवार को परिवार और रिश्तेदारों के अलावा जगह-जगह कुल्लू की इस बेटी का स्वागत किया गया।

वहीं, नीता की उपलब्धि पर और उनके कुल्लू पहुंचने पर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने भी कॉलेज चौक में कुल्लू की बेटी का भव्य स्वागत किया। इसके अलावा पूर्व सांसद महेश्वर सिंग सहित भाजपा व कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं सहित नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत के नेतृत्व में सभी पार्षदों ने भी नीता का स्वागत किया और उन्हें इस उपलब्धि की बधाई दी। (अनंत ज्ञान)





### प्रदेश सरकार खेलों के विकास के लिए गंभीर : सुंदर ठाकुर

इस मौके पर विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए यात्रा भत्ता और डाइट मनी में कई गुणा बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने सभी खिलाड़ियों, जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर आते हैं, उनके लिए प्रोत्साहन राशि एवं नौकरी या अन्य सुविधाओं में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी है। प्रदेश सरकार खेलों के विकास के लिए गंभीर है और आगे भी आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने कुल्लू की जनता की ओर से नीता राणा के साथ-साथ उनके माता-पिता, गुरुजनों और प्रशिक्षकों को बधाई दी और कहा कि हिमाचल सहित कुल्लू जिला के लिए यह गर्व का क्षण है।


### हिमाचल में खो-खो खेल को मिलेगी नई दिशा: खेल मंत्री

**हिमाचल** प्रदेश के खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने नीता की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, नीता ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और प्रदेश में खो-खो के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। नीता की इस सफलता से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और उम्मीद है कि इससे हिमाचल में खो-खो खेल को नई दिशा मिलेगी।

## अपनों से मिलकर हुई भावुक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले की खराहल घाटी के एक छोटे से गांव की बेटी नीता ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानते हुए खो-खो की वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में हिमाचल के प्रतिनिधित्व कर प्रदेश व जिला का नाम चमकाया है।

खो-खो वर्ल्ड कप जीतकर भारत और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली बेटी नीता, जब विजेता बनने के बाद मंगलवार को कुल्लू पहुंची, तो अपने परिजनों व सगे संबंधियों सहित अन्य सभी से मिलकर भावुक हो गई। नीता की इस उपलब्धि पर जहां उसके परिजन व रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है। वहीं, जिलावासी भी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। कुल्लू की खराहल घाटी किसान की बेटी ने भारतीय टीम का हिस्सा बनकर पदक जीत नया मुकाम हासिल किया है। कुल्लू की खराहल घाटी की निवासी नीता ने नई दिल्ली में 13 से 19 जनवरी तक आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया।



लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले भागों में बर्फबारी के बाद का आकर्षक नजारा।

# किसानों की जमीन बेदखली के खिलाफ किसान सभा सख्त

**अनंत ज्ञान, आनी**

**11 फरवरी को निरमंड में होगा प्रदर्शन, वन कानून में बदलाव की मांग**

हिमाचल किसान सभा ने पंचायत डीम के गांव भद्राल, शील और डीम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य एजेंडा 11 फरवरी को निरमंड में होने वाले प्रदर्शन की रणनीति बनाना था, जो जमीन और मकानों से हो रही बेदखली के विरोध में किया जाएगा।

किसान सभा निरमंड ब्लॉक के अध्यक्ष देवकी नंद और हिमाचल सेब उत्पादक संघ के अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार उच्च न्यायालय की आड़ में किसानों को उनकी जमीन से बेदखल कर रही है। उनका कहना था कि इस कार्रवाई में मुख्य रूप से गरीब और छोटी जात वाले किसानों को निशाना बनाया जा रहा है। नेताओं ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह उच्च न्यायालय में किसानों का पक्ष प्रभावी ढंग से नहीं रख पाई, जिस कारण कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। किसान सभा ने तीन प्रमुख मांगें रखीं-1980 के वन संरक्षण कानून में संशोधन, वन अधिकार कानून 2006 का प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश में नई तबादला नीति का निर्माण। बैठक में नोया राम, वेद राम, शेर सिंह, सीता राम, आमका देवी, संतोष, प्रकाश, देवी सिंह, लाली देवी, शिवा देवी और किरण देवी सहित कई प्रमुख किसान नेता उपस्थित थे।

# केलांग में मनाया पारंपरिक गोची उत्सव

## ग्रामीणों ने पुत्र उत्पत्ति वाले घर से देव-वृक्ष के प्रांगण तक निकाली झांकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के लोअर व अपर केलांग में मंगलवार को गोची उत्सव लोक परंपरा व विधि विधान के साथ मनाया। इस अवसर पर गांव वालों ने सामूहिक रूप से ग्राम देवता (युल-ल्ह) की पूजा-स्तुति, लोक गाथा (ग्रेगस) गाकर किया।

इस दौरान एक पारंपरिक झांकी भी निकाली गई, जो देवालय व पुत्र उत्पत्ति वाले घर से निकलकर देव-वृक्ष (सद-बुटा) के प्रांगण तक निकाली। यहां एकत्रित होकर ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। गोची उत्सव एक प्रकार का अपने इष्ट देवी-देवताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है, जिनकी कृपा दृष्टि ओर उपकारों से वो पुत्रहीन परिवार धन्य एवं संपन्न हो जाते हैं। लोगों ने केलंग वजीर और कार्तिके से पुत्र की कामना की थी।



### इष्ट देवी-देवताओं का आभार व्यक्त करने का अवसर

**गोची** उत्सव एक तरह का अपने इष्ट देवी-देवताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का उत्सव और अवसर होता है, जिन की कृपा दृष्टि और उपकारों से वो पुत्रहीन परिवार धन्य एवं संपन्न हो जाते हैं, जिन्होंने केलंग वजीर और कार्तिके से पुत्र की कामना की थी।

गोची से एक दिन पूर्व लबदग्पा और लाओपा सफेद पट्टू का चोगा, आइरिस ओर मेरीगोल्ड से सुसज्जित करोंदिया टोपी पहने शृंगार कर गांव के उन घरों गए, जिन परिवारों में पूर्व वर्ष में बेटे ने जन्म लिया था।

पुत्र प्राप्त परिवार ने एक-एक खुलसी, भूसा भरा हुआ मेमने का खाल, तीरंदाजी के लिए दिया। खुलसी के अलावा इस धार्मिक कारज के संपादन के लिए, पोकन सत्तू से गूंधा 2 फुट की आकृति, यानी शिवलिंग, मक्खन से बना बकरा, हालड़ा, बगेरह के साथ पारंपरिक पोशाकें पहने वाद्ययंत्रों व नगाड़ों के साथ जुलूस की शक्ल में निकाले।

# पीएनबी 7, 8 को लगाएगा हाउस लोन और सूर्या घर ऋण एक्सपो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पंजाब नेशनल बैंक सात और आठ फरवरी को प्रदर्शनी ग्राउंड ढालपुर, कुल्लू में हाउसिंग लोन एवं ऋण एक्सपो का आयोजन करने जा रहा है।

पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय, मंडी के प्रमुख अजीत कुमार पटनायक ने कहा कि मकान बनाने के लिए ऋण लेने और सूर्य घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए ऋण लेने के इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए विशेष रूप से यह एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। मंडल प्रमुख अजीत कुमार पटनायक ने कहा हमारा मुख्य उद्देश्य कुल्लू जिले के लोगों को किफायती दरों पर होम लोन उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक का हाउसिंग लोन 8.40 प्रतिशत ब्याज दर और सूर्य घर योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ऋण सात प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध है। एक्सपो के दौरान इस तरह के ऋणों को त्वरित स्वीकृति प्रदान की जाएगी व विशेष ऑफर एवं छूट भी दी जाएगी।

इस दौरान रियल एस्टेट विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों से विशेष परामर्श भी प्राप्त किया जा सकता है। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे।

## कापटी नाले में गिरी बोलेरो कैंपर चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के निरमंड में एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। निरमंड थाना क्षेत्र के कुंड कापटी मार्ग पर सोमवार देर रात करीब 10:45 बजे एक बोलेरो कैंपर (एचपी 92-1345) सड़क से फिसलकर कापटी नाले में जा गिरी। वाहन करीब 12 मीटर की गहराई में गिरा, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपाल के रूप में हुई है, जो निरमंड तहसील के गांव मुचका डाकघर सरघा का रहने वाला था। मृतक 30 वर्षीय गोपाल टिकम राम का पुत्र था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद मृतक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने इस दुर्घटना की पुष्टि की है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

**परेशानी** 7 करोड़ 69 लाख रुपए की लागत से बना बस अड्डा बना शोपीस

# पतलीकूहल बस स्टैंड में नहीं आ रही प्राइवेट बसें

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के पतलीकूहल बस स्टैंड में प्राइवेट बसों के न आने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह बस स्टैंड 7 करोड़ 69 लाख की लागत से बनाया गया है, लेकिन अब यह बस स्टैंड शोपीस बनता जा रहा है। अभी विंटर कार्निवाल मनाली में मुख्यमंत्री ने इसका डिजिटल उद्घाटन किया था।

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें तो यहां रुकती हैं, लेकिन अधिकांश प्राइवेट बसें यहां नहीं आतीं। कुछ बसें तो बाइपास पर ही सवारियों को उतार देती हैं और बाहर से ही चली जाती हैं। यह स्थिति यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। बस स्टैंड के निर्माण के बाद स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि अब चौक पर बसों का जमघट नहीं लगेगा और दुर्घटना होने की आशंका कम हो जाएगी, लेकिन अभी भी बसें चौक पर रुकती हैं और यात्रियों को बसों तक पहुंचने के लिए बस अड्डे से चौक तक दौड़ लगानी पड़ती है, जिससे दुर्घटना होने का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। यात्री संजीव कुमार, रविंद्र, सुरेश, संजय, नीतीश का कहना है कि विभाग को सभी बसों का बस अड्डे में प्रवेश अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही जो भी बसें चौक पर रुक रही हैं, उनका रोज नियमानुसार चालान किया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)




### बसों का यात्रियों की सुविधा के लिए बस अड्डे में जाना आवश्यक: नारंग

**कुल्लू** के आरएम डीके नारंग ने बताया कि सभी बसों का यात्रियों की सुविधा के लिए बस अड्डे में जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ बसें अभी भी पतलीकूहल चौक पर रुक रही हैं, जिस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पत्र द्वारा आग्रह किया है कि बसों को पतीलकूहल चौक पर न लगने दिया जाए।

### बस अड्डे के बाहर बस लगी तो होगी कार्रवाई : रजत शर्मा

पतलीकूहल थाना प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि बसों के बस अड्डे के बाहर लगने की समस्या का समाधान करने के लिए ट्रैफिक इंचार्ज को आदेश जारी कर दिए गए हैं, अगर कोई बस, बस अड्डे के बाहर लगती है, तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। यह कदम यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए उठाया जा रहा है।

## आज फोजल, कल रायसन में बिजली बंद

अनंत ज्ञान बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** बिजली उपमंडल कटराईं के सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि 33/11 केवी सब स्टेशन नग्गर के अंतर्गत आने वाले 11 केवी रायसन फीडर की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के कारण फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों डोभी, झाकड़ी, खड़िहार, मेहा, फोजल, धारा, नेरी, काथी, कुकड़ी, डोहलूनाला व आसपास के लगते क्षेत्रो में 5 को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसके अगले दिन 6 फरवरी को 11 केवी नग्गर फीडर की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के कारण फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों रायसन, छाटनसेरी, शिरड़, बैंची, मालीपत्थर, बागा, कराल, हिमरी, जलौर, नांगाबाग व आसपास के लगते क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर ने कहा की विपरित मौसम व बारिश होने के कारण यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग करने का अनुरोध किया।

# आईटीबीपी में पासआउट हुए लाहौल के हिम वीर, हिमवीरांगनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिले के लाहौल घाटी के चार लड़के व लड़कियां आईटीबीपी में अपनी सेवाएं देंगे। दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के बाद अभिभावकों ने अपने होनहारों को गले से लगाया। अभिवावकों का कहना है कि आईटीबीपी जैसे अनुशासित बल में रहकर देश की सेवा करना गौरवशाली है। गोशाल निवासी सेवानिवृत्त सैनिक प्रेम सिंह के दोनों बेटे आईटीबीपी में शामिल हुए हैं। उनका कहना है कि अपने दोनों पुत्रों महेंद्र प्रताप सिंह व उदय प्रताप सिंह को आईटीबीपी में भर्ती कर वह गौरव महसूस कर रहे हैं। इनके पिता सहित दादा भी फौज में सेवाएं दे चुके हैं। पिता प्रेम खुद डोगरा स्काउट्स में रहे हैं और अभी डीसी ऑफिस केलांग में तैनात हैं। लाहौल के ही खोरपानी गांव से मोनिका आईटीबीपी में पास आउट हुई हैं। शंशा गांव से सुमन पुत्री रामलाल भी आईटीबीपी में पास आउट हुई हैं। लाहौल से दो लड़के व दो लड़कियां हिम वीर एवं हिमवीरांगनाएं बनी हैं। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने तीनों परिवारों को बधाई दी है। उन्होंने सभी हिमवीर, हिमवीरांगनाओं को बधाई देते हुए कहा कि बल में शामिल होने से सीमा बल और अधिक सशक्त होगा।



प्रेम सिंह और उनकी धर्मपत्नी अपने दोनों बेटों के साथ पासिंग आउट के बाद।

# 104.570 ग्राम चिट्टा बरामद मामले में नशा तस्कर गिरफ्तार



रजनीश ठाकुर, बद्दी

बद्दी पुलिस के द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक की सबसे बड़ी मादक पदार्थ बरामदगी को अंजाम दिया। इस सफलता में पुलिस थाना नालागढ़ की टीम ने 104.570 ग्राम चिट्टा जब्त कर, नशा तस्करी के मुख्य सरगना को भी गिरफ्तार किया। पिछले महीने दिसंबर के समय पुलिस थाना नालागढ़ की टीम ने स्पेशल सेल एक्स के सहयोग से 44.150 ग्राम हेरोइन/ चिट्टा बरामद किया था।

इस अभियान के तहत, आरोपी सतनाम सिंह को नया बस स्टैंड नालागढ़ के निकासी गेट से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस थाना नालागढ़ में मुकदमा दर्ज कर जांच की गई, जिसके तहत आगे की कार्रवाई में आरोपी के घर पर छापेमारी की गई और अतिरिक्त 60.420 ग्राम हेरोइन/ चिट्टा बरामद किया गया था, जब बद्दी पुलिस ने मामले की गहन से जांच की तो 3 फरवरी को नालागढ़ पुलिस की टीम ने नशा तस्करी के मुख्य सरगना सुखप्रीत सिंह निवासी गांव मखन भिंडी, जंडियाला गुरु, तहसील एवं जिला अमृतसर, पंजाब को गिरफ्तार किया। बद्दी पुलिस ने यह गिरफ्तारी नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के संकल्प के तहत की, जो क्षेत्र में नशे की तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता है। एसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को अदालत, नालागढ़ में पेश किया जाएगा। इस मामले की गहनता से जांच जारी है, और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# पानी की दरों में चार गुना वृद्धि के प्रस्ताव को लेकर मचा घमासान

## भाजपा बढ़ोतरी के खिलाफ 7 फरवरी से शहर में चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

आर मोहन चौहान, सोलन

प्रदेश सरकार की तरफ से नगर निगम सोलन और पालमपुर नगर निगम को जल शक्ति विभाग से मिल रहे पानी की दरों में करीब चार गुना बढ़ोतरी किए जाने को लेकर घमासान मच गया है।

इस निर्णय का अब चौतरफा विरोध होने लगा है। एक तरफ नगर निगम के पार्षदों ने इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की है। वहीं, निर्णय के खिलाफ भाजपा सोलन ने 7 फरवरी से हस्ताक्षर अभियान शुरू करने जा रही है। हालांकि नगर निगम सोलन ने हाउस में प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से निर्णय वापस लेने का आग्रह किया है। यदि सरकार अपने निर्णय पर अड़ी रही, तो नगर निगम सोलन के अंतर्गत आने वाले सोलन के निवासियों को मासिक पानी के बिलों में लगभग चार गुना वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। संशोधित दर 27.71 रुपए प्रति किलो लीटर से बढ़कर नगर निगम (एमसी) के अंतर्गत आने वाले सोलन के निवासियों को राज्य सरकार द्वारा दरों में वृद्धि के बाद अपने मासिक पानी के बिलों में लगभग चार गुना वृद्धि का सामना करना पड़ेगा।

संशोधित दर 27.71 रुपए प्रति किलो लीटर से बढ़कर 100 रुपए पीकेएल हो गई है, जो जनता के लिए एक झटका है। हालांकि यह वृद्धि नागरिक निकाय चुनावों के दौरान किए गए पहले के वादे के विपरीत है, जिसमें प्रति घर 100 रुपए की रियायती दर पर पानी की आपूर्ति की गई थी। हालांकि निवासियों को अभी तक नई दरों को दर्शाते हुए बिल नहीं मिले हैं, लेकिन यह बदलाव पहले से ही चिंता का विषय है। जल शक्ति विभाग ने 21 सितंबर 2024 को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से सोलन और पालमपुर एमसी के लिए यह मूल्य वृद्धि शुरू की, जब राज्य सरकार ने पूरे राज्य में पानी के शुल्क में संशोधन किया। इन दोनों नगर निकायों में जेएसवी द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है, इसलिए उन पर बढ़े हुए शुल्क लगाए गए हैं, जबकि अन्य नगर निकाय अपनी जलापूर्ति का प्रबंधन स्वयं करते हैं। नतीजतन, नवंबर, 2024 से जेएसडी से पानी के लिए शुल्क में काफी वृद्धि हुई है, जिससे पहले से ही आर्थिक रूप से बोझिल एमसी पर और अधिक दबाव बढ़ गया है, जो 107 करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज में है। (अनंत ज्ञान)

### अनावश्यक बोझ डाला गया : शैलेंद्र गुप्ता

बढ़ी हुई दरों ने नगर निगम की मासिक जलापूर्ति लागत में काफी वृद्धि की है। उदाहरण के लिए, गिरि योजना से लिए जाने वाला पानी का मासिक शुल्क 50.36 लाख रुपए से बढ़कर 2.04 करोड़ रुपए हो गया है और अश्वनी योजना से यह 16.64 लाख रुपए से बढ़कर 55 लाख रुपए हो गया है। ये नई दरें अक्तूबर 2024 से उपभोक्ताओं को दी जाने हैं। भाजपा पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सितंबर-2024 में अधिसूचना जारी होने के बावजूद उन्हें संशोधित शुल्कों के बारे में सूचित नहीं किया गया। गुप्ता ने इन बढ़े हुए शुल्कों को अत्यधिक करार देते हुए कहा कि निवासियों पर अनावश्यक बोझ डाला गया है।

### संशोधित दरों को वापस लेने का किया आग्रह



सोलन नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से पानी की दरों में बढ़ोतरी को फिलहाल नगर निगम द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्षदों द्वारा सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से संशोधित दरों को वापस लेने का आग्रह किया गया है।

# सीएम प्रदेश की पहली हरित हाइड्रोजन परियोजना की आज रखेंगे आधारशिला

अनंत ज्ञान, बद्दी



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश को मार्च, 2026 तक देश का प्रथम हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं और आज हिमाचल इस दिशा में उत्कृष्ट नवाचार की पहल करेगा। सीएम आज प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में हिमाचल के प्रथम हरित हाईड्रोजन परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

सुक्खू सोलन के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दभोटा में 1 मेगावाट ग्रीन हाईड्रोजन संयंत्र का शिलान्यास करेंगे। लगभग 9.04 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित किए जाने वाले इस ग्रीन हाईड्रोजन प्लांट में प्रतिदिन 423 किलोग्राम ग्रीन हाईड्रोजन उत्पादन की क्षमता होगी। इस परियोजना का निर्माण कार्य 18 माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश मार्च, 2026 तक देश का प्रथम हरित ऊर्जा राज्य बनने की दिशा में सतत् अग्रसर है। प्रदेश सरकार नवाचार एवं अन्य निर्णायक समाधानों के माध्यम से राज्य में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्य कर रही है। नालागढ़ के पेखूबेला में प्रदेश की सबसे बड़ी 32 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना क्रियाशील है। प्रदेश को पूर्ण रूप से हरित राज्य बनाने के लिए विभिन्न परियोजनाएं निर्मित की जा रही हैं।

ऊना, कांगड़ा, सोलन, सिरमौर, मंडी और शिमला जिलों में कुल 501 मेगावाट क्षमता के 5 सौर पार्क और 212 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए कार्य किया जाएगा। दभोटा में इस परियोजना के निर्माण के लिए 4 हजार वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। इस संयंत्र में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त बिजली का उपयोग कर हाईड्रोजन का उत्पादन किया जाएगा। यह संयंत्र ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में व्यापक कमी लाकर स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा। उसके उपरांत सीएम तत्पश्चात दभोटा में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। वहीं, उनके साथ उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी मौजूद होंगे।

# कोलर में सिंदूर की खेती, 80 पौधों का बगीचा किया तैयार

अनंत ज्ञान, नाहन

### सुहागिन महिलाओं के साथ साथ पूजा-पाठ में विशेष महत्व

सिरमौर के कोलर गांव में सिंदूर की खेती का सफल प्रयोग हुआ है। किसान गिरधारी लाल ने खेत में 80 पौधों को तैयार किया है। उन्होंने करीब तीन साल पहले 20 पौधे नेपाल के काठमांडू से लाए थे और यह प्रयोग सफल रहा। इसके बाद बीते वर्ष उन्होंने बगीचे में 60 और पौधे लगाए। अब उनके पास 80 पौधों का बगीचा तैयार हो गया है।

सिंदूर के पौधे के लिए उपउष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की जलवायु उपयुक्त मानी जाती है। सुहागिन महिलाओं के साथ-साथ पूजा-पाठ में सिंदूर का विशेष महत्व है। हालांकि आधुनिक युग में रसायनिक सिंदूर का प्रचलन बढ़ रहा है, लेकिन प्राकृतिक सिंदूर का अपना महत्व है। एक किलोग्राम प्राकृतिक सिंदूर 10 हजार रुपए तक भी बिकता है। खास बात यह है कि सिंदूर के पौधे में तीन साल बाद फल और फूल आना शुरू हो जाते हैं और इसे जंगली जानवरों सहित पक्षियों और बंदरों आदि से भी कोई खतरा नहीं होता, जिन क्षेत्रों में जंगली जानवरों के डर से किसान खेती छोड़ रहे हैं, वहां यह लाभदायक हो सकता है। इतना ही नहीं औषधीय गुणों कि बात करें, तो सिंदूर एंटीपायरेटिक, एंटीडायरल, एंटी डायबिटिक होने के अलावा इसका सस महत्वपूर्ण दवाइयां बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, गिरधारी लाल ने बताया कि वह नर्सरी में तीन साल पहले नेपाल के काठमांडू से 20 पौधे सिंदूर के लाए थे, जिन्होंने फल देना शुरू कर दिया है। अब 60 और पौधे लगाए गए हैं। अब उनके पास 80 पौधे हैं। उनका प्रयोग सफल रहा है।

# पीएनबी 7 व 8 को करेगा ऋण एक्सपो आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। पंजाब नेशनल बैंक सर्कल हेड सोलन की ओर से शहर में हाउसिंग लोन एवं सूर्य घर ऋण एक्सपो का आयोजन करेगा। इस एक्सपो के बारे में सर्कल हेड सोलन के डिप्टी जनरल मैनेजर दयानंद कर्दम ने कहा कि यह एक्सपो गृह ऋण लेने के इच्छुक ग्राहकों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो में ग्राहकों को बैंक की विशेष ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने में सहायता प्रदान करना है। इस एक्सपो में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी इच्छुक ग्राहक इस अवसर का लाभ उठाने के लिए 7 और 8 फरवरी को सेब मंडी सोलन आ सकते हैं।

# सोलन में हल्की बारिश से समूचे क्षेत्र में बढ़ा शीतलहर का प्रकोप



अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को एक बार फिर से बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। जिला मुख्यालय सहित उपमंडलों में भी हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट आई। सर्द हवाओं के चलने से समूचा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आ गया। पर्यटन नगरी चायल और कसौली में भी बारिश हुई। हालांकि किसान अभी भी अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए हुए हैं। जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में बारिश होने से लोगों को सूखी ठंड से निजात मिली है। सूखी ठंड से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे थे। अच्छी बारिश होने की स्थिति में नए पौधे लगाने में आसानी होगी। गेहूं, मटर, लहसुन और अन्य नकदी फसलों की बिजाई वाले क्षेत्रों में बारिश संजीवनी साबित होगी।

### डिस्मेंटलिंग और रेट्रोफिटिंग परियोजनाओं की चौथी जिला स्तरीय समिति की बैठक

# साइटों के कार्यों का समय-समय पर लें निरीक्षण

अनंत ज्ञान, नाहन



डीसी के कार्यालय में जिला सिरमौर के लिए एसडीएमएफ/एनडीएमएफ के तहत डिस्मेंटलिंग और रेट्रोफिटिंग के लिए अनुमोदित परियोजनाओं की चौथी जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला स्तरीय संयुक्त समिति, कार्यान्वयन एजेंसियों (आईए) और हितधारक विभाग के साथ डीसी एवं सह अध्यक्ष, डीडीएमए, सिरमौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस बैठक में डिस्मेंटलिंग और रेट्रोफिटिंग परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को 5 शिक्षण संस्थानों और 5 स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एसपीएसडीएमए से 14,34,90,414 रुपए का बजट जिला सिरमौर के लिए एसडीएमएफ/एनडीएमएफ के तहत डिस्मेंटलिंग और रेट्रोफिटिंग के लिए अनुमोदित परियोजनाओं के तहत वर्ष 2024 में मंजूर किया गया है। इसके अलावा पीएचसीबी के तहत एसपीएसडीएमए से वर्ष-2024 में एसडीएम राजगढ़ के लिए 42,65,164 का बजट स्वीकृत किया गया था। डीसी ने लोक निर्माण विभाग को सभी कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों के दौरान आने वाले मुद्दों का निपटान कर समय पर कार्य को पूर्ण किया जाए। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए कि इन साइटों पर साइट विजिट करने और इन साइटों पर प्रगति के अनुसार समय-समय पर किए जाने वाले कार्यों का भी निरीक्षण किया जाए, ताकि कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जा सके। बैठक के दौरान डीसी ने एसडीएम राजगढ़ से वर्चुअल माध्यम से वार्ता की और कार्य की प्रगति को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग नाहन अरविंद शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी चैतन्य चौहान, लोक निर्माण विभाग नाहन, पांवटा साहिब, शिलाई, ददाहू, सराहां, राजगढ़ के अधीशाषी अभियंता के अतिरिक्त अरविंद चौहान आदि मौजूद रहे।

# आर्ट एंड क्राफ्ट की लगाई प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय माध्यमिक पाठशाला सेरा में विद्यार्थियों द्वारा आयोजित आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। विज्ञान अध्यापिका ज्योति महाजन ने बताया कि इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मकता और सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न प्रकार की आर्ट एंड क्राफ्ट सामग्री प्रदर्शित की गई। इसमें चित्रकला, मूर्तिकला, कागज की कला और अन्य प्रकार की कलाएं शामिल थीं। पाठशाला के प्रभारी सुनील कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाई गई सुंदर और आकर्षक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया। इन कलाकृतियों में विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का प्रदर्शन हुआ। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर इसमें भाग लिया। इस मौके पर पाठशाला के प्रभारी सुनील कुमार, विज्ञान अध्यापिका ज्योति महाजन आदि मौजूद रहे।

# बिना नंबर वाली कार से हमला करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, बद्दी

पुलिस थाना बद्दी में अक्षय ठाकुर जिला सोलन से कुछ दिन पहले शिकायत प्राप्त हुई कि कंपनी माइक्रोटेक के उद्योग मैनेजर भूषण गोयल की गाड़ी को बिना नंबर प्लेट की सफेद अल्टो कार से अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों ने रोक कर जबरदस्ती खोलने का प्रयास किया और धमकाते हुए रोड आदि से गाड़ी का शीशा तोड़ दिया।

इस पर शिकायतकर्ता व इसका भाई जो भूषण गोयल की गाड़ी के बिलकुल पीछे थे, उसने अपनी गाड़ी से उतर कर रोकने की कोशिश की, तो इन्हें धक्के मारकर और हथियार से इनके सिर पर हमला किया गया, जिसमें इन्हें काफी चोटें आईं, जिस पर बद्दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसपी बद्दी अशोक वर्मा ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बद्दी पुलिस ने अलग-अलग विशेष टीमों का गठन कर जांच पर जोर दिया, जिसमें बद्दी पुलिस की टीमों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद कार को ढूंढकर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें सतनाम पुत्र देवी दत्त निवासी गांव धुंबर, उम्र 36 साल, जगजीत सिंह निवासी गांव सुराज माजरा उम्र 32 साल, विनय कुमार निवासी रतनपुरी नवडंडी उम्र 26 साल और अनिल कुमार निवासी गांव व डाक खैलम देहरागीर उम्र 30 साल को गिरफ्तार किया और साथ में प्रयोग हुई कार को भी जब्त में लिया गया। आगामी जांच चल रही है। बद्दी पुलिस आम नागरिकों को आश्वस्त करती है कि कानून का पालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

# अनुसंधान के क्षेत्र में शूलिनी का कार्य सराहनीय : पठानिया

अनंत ज्ञान, सोलन

प्रदेश के उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शूलिनी विश्वविद्यालय देश में निजी विश्वविद्यालय की श्रेणी में बेहतरीन कार्य कर रहा है और शूलिनी विश्वविद्यालय को नवाचार और अनुसंधान के लिए जाना जाता है।

केवल सिंह पठानिया शूलिनी विश्वविद्यालय की शासी निकाय की 33वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय उच्चतम स्तर पर ज्ञानार्जन का श्रेष्ठतम संस्थान है और शूलिनी विश्वविद्यालय से अनुसंधान के क्षेत्र में अनेक आशाएं हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक परिवर्तन कर रही है। प्रयास किया जा रहा है कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रतिभावान छात्रों को शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रबंधन से आग्रह किया कि इस दिशा में प्रदेश सरकार के प्रयासों को संबल प्रदान करें। उन्होंने आशा जताई कि विश्वविद्यालय नवाचार अनुसंधान के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करेगा। उपमुख्य सचेतक ने इस अवसर पर महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत बेसहारा बच्चों के पालन-पोषण का संकल्प लिया है। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत कानून बनाकर निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया है। इसके तहत प्रदेश इन निराश्रित बच्चों के लिए माता-पिता के रूप में कार्य कर रहा है। निराश्रित बच्चों की पढ़ाई तथा अन्य खर्च सरकार द्वारा वहन किए जा रहे हैं। अभी तक 6000 से अधिक पात्र योजना के लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने भी बैठक में अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके खोसला ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शूलिनी विश्वविद्यालय को प्रदेश सरकार का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। उन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, नवाचार एवं अनुसंधान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।



शूलिनी पहुंचे प्रदेश के उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को नवाजा

अनंत ज्ञान, नाहन। बाल विकास परियोजना अधिकारी नाहन ईशाक मोहम्मद ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोगीनंद में किशोर एवं किशोरियों के लिए लैंगिग समानता शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में पाठशाला के लगभग 120 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर लैंगिग समानता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहने वाले प्रतिभागियों क्रमश: समीर, अंचला व नम्रता को विभाग ने पुरस्कृत किया। इस शिविर का उद्देश्य शिशु लिंग अनुपात में कमी, लैंगिग समानता को बढ़ावा देना और लड़कियों को सशक्त बनाना है। कुमारी कृतिका समन्वयक ने बच्चों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना तथा सरकार द्वारा संचालित की जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

### राहत | सोलन शहर के लिए पानी की लिफ्टिंग हो जाएगी शुरू

# अश्वनी पेयजल योजना के सैंपल सही

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन अस्पताल में पीलिया के मामले सामने आने के बाद जलशक्ति विभाग की तरफ से जांच के लिए पुणे भेजे अश्वनी पेयजल योजना के सैंपल सही पाए गए हैं।

इससे बंद पड़ी पेयजल योजना से अब सोलन शहर के लिए पानी की लिफ्टिंग शुरू हो जाएगी। पेयजल योजना बंद होने से शहर के कई क्षेत्रों में पानी की कमी होने लगी थी। जल शक्ति विभाग सोलन के एक्स-ई-एन आशीष राणा ने बताया कि पुणे भेजे गए पानी के सैंपल की रिपोर्ट सही आई है। अब बंद पड़ी अश्वनी पेयजल योजना से पानी की लिफ्टिंग शुरू की जा रही है। पानी के सैंपल पास होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग पीलिया के मामलों को लेकर अलर्ट पर है। बता दें कि जनवरी महीने में अस्पताल में अब तक करीब 109 पीलिया के केस सामने आ चुके हैं। इसमें अधिकतर मामले सोलन के आसपास के हैं। अस्पताल में कथेड़, बावरा, चंबाघाट, बसाल, कोटलानाला, कलीन और आनंद विहार से पीलिया की रोगी उपचार के लिए आए। नगर निगम की तरफ से जनवरी महीने के शुरू में अश्विन और गिरि पेयजल योजना से मिल रहे पानी के सैंपल जांच को पुणे लैब भेजे थे, जो कि सही पाए गए हैं।

ऐसे में प्रश्न उठता है कि शहर में पीलिया की दस्तक किस कारण से हुई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पीलिया के मामले अलग-अलग जगहों से आ रहे हैं। इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### नगर निगम ने जारी की एडवाइजरी

**शहरवासियों** से एहतियातन पानी को उबालकर या फिर फिल्टर कर पीने की अपील की है, ताकि पीलिया जैसी बीमारी पर अंकुश लगाया जा सके। निगम की ओर से इसको लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है। पानी को उबालकर या फिल्टर कर पीने की सलाह दी गई है, ताकि पीलिया व अन्य किसी भी जल जनित बीमारी से बचा जा सके। हालांकि सैंपल पास होना शहरवासियों के लिए भी राहत भरी खबर है। पीलिया के मामले सामने आने के बाद निगम व विभाग की ओर से शहर में की जाने वाली पेयजल सप्लाई के सैंपल भरे गए थे और उन्हें एनआईवी लैब पुणे भिजवाया गया था। इन सैंपलों की रिपोर्ट अब निगम के पास पहुंच गई है, जिसमें पानी में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है।

### हाइजीन का ख्याल रखने के निर्देश

**निगम** कमिश्नर की ओर से जारी गाइडलाइन में शहर के लोगों से स्वच्छ पानी व हाइजीन का ख्याल रखने के निर्देश दिए गए हैं। जारी एडवाइजरी में उन्होंने स्पष्ट किया है कि सैंपल की रिपोर्ट सही आने के बावजूद भी लोग पानी को उबालकर या फिल्टर कर पीएं, स्ट्रीट वेंडर्स व अज्ञात स्रोत से उपलब्ध पानी को न पीएं। खाना खाने या खाने से पहले अच्छी तरह साबुन से हाथ धोएं, अपने वाटर स्टोरेज टैंक को नियमित तौर पर साफ करवाएं, घर से सही तरीके से गारबेज व पानी की निकासी करें। बिना ढका हुआ व अधपका खाना खाने से बचें, फल व सब्जियों को धोने के बाद ही इस्तेमाल करें। निगम के किसी भी एरिया में पानी के दूषित होने या लीकेज के संबंध में निगम को सूचित करें।

# कैंसर के बारे में जानकारी दी

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। अंबुजा दाड़लाघाट के सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना के तहत विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य सखियों द्वारा परियोजना क्षेत्र के 35 से अधिक गांवों में जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को कैंसर के प्रमुख घटकों, जैसे कि फेफड़े, प्रोस्टेट, कोलोरेक्टल, पेट और यकृत के कैंसर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि कैंसर के कारण होने वाली मौतों को रोका जा सकता है और इसके लिए प्रमुख जोखिम वाले कारकों को नियंत्रित करना आवश्यक है, जिनमें तंबाकू का उपयोग, शराब का उपयोग, असंतुलित आहार, पराबैंगनी विकिरण का संपर्क, प्रदूषण, मोटापा और असक्रिय जीवन शैली शामिल हैं। इस कार्यक्रम में 35 से अधिक गांवों की करीब 350 महिलाओं और 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों ने भाग लिया और उन्हें कैंसर के बारे में जानकारी दी गई व इससे बचाव के तरीकों के बारे में लोगों को बताया।

# ददाहू में आज नहीं लगेगा परिवार नियोजन शिविर : डॉ. अजय

अनंत ज्ञान, नाहन। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने बताया कि एसएमओ प्रभारी सिविल अस्पताल ददाहू और एचएफडब्ल्यू एमसीएच ददाहू के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के अनुसार सिविल अस्पताल ददाहू में आज आयोजित होने वाले परिवार नियोजन शिविर के लिए केवल 4 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है, जिसके मध्यनजर लाभार्थियों की कम संख्या को देखते हुए, उक्त शिविर को रद्द कर दिया गया है और पंजीकृत लाभार्थियों को आशा वर्कर्स के माध्यम से सूचित करने और उन्हें 25 को आयोजित होने वाले परिवार नियोजन शिविर के लिए अपना पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



## मोटे अनाजों में पोषक तत्व (प्रति 100 ग्राम)

## 'मोटा अनाज - स्वस्थ जीवन का आगाज'



| फसल | बीजने का समय | प्रोटीन (ग्राम) | फाइबर (ग्राम) | खनिज (ग्राम) | आयरन (ग्राम) | कैल्शियम (ग्राम) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बाजरा | जून-जुलाई | 10.6 | 1.3 | 2.3 | 16.9 | 38 |
| कोदा | जून-जुलाई | 7.3 | 3.6 | 2.7 | 3.9 | 344 |
| कांगनी | जून-जुलाई | 12.3 | 8 | 3.3 | 2.8 | 31 |
| चीना | जून-जुलाई | 12.5 | 2.2 | 1.9 | 0.8 | 14 |
| कोदो | जून-जुलाई | 8.3 | 9 | 2.6 | 0.5 | 27 |
| कुटकी | मार्च-अप्रैल | 7.7 | 7.6 | 1.5 | 9.3 | 17 |
| सांवा | जून-जुलाई | 11.2 | 10.1 | 4.4 | 15.2 | 11 |

किसानों को फायदे :
- कम लागत
- रासायनिक उर्वरक नहीं लगते
- कम पानी की जरूरत
- अच्छी कमाई
- रोजगार
- लचीली जलवायु का फायदा
- पोषण सुरक्षा
- अच्छा स्वास्थ्य
- बम्पर आय

किसान भाइयों को मिलेट्स के बीज सभी विकास खंडों सोलन, कंडाघाट, कुनिहार, नालागढ़ व धर्मपुर के कृषि विक्रय केन्द्रों में मिलते हैं।



डॉ. देवराज कश्यप
कृषि उप निदेशक
सोलन जिला सोलन

## न्यूज ब्रीफ

### परिवहन मंत्री विज ने छापे मारकर कटवाए 18 चालान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला-नारायणगढ़ हाईवे पर ओवर लोडिड वाहनों के खिलाफ लगाए गए नाके के दौरान छापे मार कर 18 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की और उनके चालान काटे। इस दौरान कुल 2.54 लाख रुपए जुर्माना वसूल किया गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि दो वाहन चालकों द्वारा मौके पर ही चालान भरे गए थे, जिसके कारण उनको छोड़ दिया गया, जबकि शेष वाहनों को जब्त कर लिया गया। इन वाहनों को जुर्माना राशि भरने पर ही छोड़ा जाएगा। आज कैबिनेट मंत्री अनिल विज बताया कि जिन वाहनों की जांच की गई थी उन पर 2.54 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है और यह राशि वाहन चालकों से वसूल की जाएगी। उन्होंने बताया कि अम्बाला-नारायणगढ़ हाईवे पर सोमवार शाम परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने एकाएक छापा मारा था और हाईवे पर स्वयं उतरकर ओवरलोडिड वाहनों की जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान कई वाहनों में अनियमितताएं पाई गई थी और इन वाहनों को जब्त किया गया था। छापे की जानकारी मिलते ही मौके पर आरटीए अम्बाला और पुलिस टीमें पहुंच गई थी। छापे के दौरान कई वाहन चालकों के दस्तावेज परिवहन मंत्री ने स्वयं चैक किए जबकि उन्होंने ट्रकों में लोड किए गए सामान का वजन व आकार भी चैक करवाए।

### समिति चंडीगढ़ से जुड़े मुद्दों को सुलझाने में बनी बाधा : लक्की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लक्की ने मंगलवार को प्रशासनिक सलाहकार परिषद की बैठक में हेरिटेज कमेटी की भूमिका पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समिति का काम केवल कैपिटल कांप्लेक्स तक सीमित रहना चाहिए, लेकिन यह चंडीगढ़ से जुड़े विभिन्न मुद्दों को सुलझाने में बाधा बन गई है। लक्की ने आगे कहा कि समिति की वर्तमान संरचना अक्सर जनहित के मामलों में रुकावट डालती है, इसलिए निर्णय लेने की प्रक्रिया में इस समिति में व्यापक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है। जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए, लक्की ने प्रशासन से शहर के लंबे समय से लंबित मुद्दों को जल्दी सुलझाने की अपील की। उन्होंने खासकर लाल डोरा से बाहर की संरचनाओं को नियमित करने की मांग की। यह तर्क देते हुए कि गांवों को नगर निगम में शामिल करने के बाद लाल डोरा का मतलब खत्म हो गया है। उन्होंने बिना योजना के विकास की चुनौतियों के लिए लैंड पूलिंग को एकमात्र व्यावहारिक समाधान बताया, यह कहते हुए कि यह न केवल अनियोजित विकास को रोकने में मदद करेगा बल्कि सभी पक्षों के लिए फायदेमंद होगा। इसके अलावा, लक्की ने प्रशासन से फंड की कमी से जूझ रहे नगर निगम को अधिक वित्तीय संसाधन आवंटित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और नगर निगम दोनों एक ही अधीनता में हैं और उन्हें समान रूप से देखना चाहिए। चूंकि नगर निगम अधिकांश जनता से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए जिम्मेदार है, उन्होंने इसके सुचारु संचालन के लिए पर्याप्त फंडिंग की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में, लक्की ने प्रशासक से शहर के विभिन्न अनसुलझे मामलों का जायजा लेने और निर्णायक कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने चंडीगढ़ के निवासियों की कठिनाइयों को प्रशासनिक देरी के कारण आ रही दिक्कतें को उजागर किया और अपेक्षा जताई कि प्रशासन इन महत्वपूर्ण मुद्दों को तेजी से सुलझाएगा।

### एचडीएफसी स्टार्टअप को 50 लाख का देगा अनुदान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने प्रमुख परिवर्तन स्टार्टअप अनुदान कार्यक्रम के आठवें संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की है। इस वर्ष सामाजिक प्रभाव क्षेत्र में काम करने वाले 50-60 स्टार्टअप का सपोर्ट करने के लिए 15 से अधिक इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर का चयन किया गया है और उन्हें इसमें शामिल किया गया है। कार्यक्रम चयनित स्टार्टअप को 50 लाख रुपए तक का अनुदान प्रदान करेगा, जिसका कुल कार्यक्रम बजट 20 करोड़ रुपए है। आईआईटी मद्रास, आईआईएम अहमदाबाद वेंचर्स, विल्ग्रो, आईसीआईएस पूसा कृषि, आईआईटी गुवाहाटी बायोनेस्ट, एग्रीहब-हैदराबाद विश्वविद्यालय, आईआईएम-कलकत्ता इनोवेशन पार्क, आई-हब गुजरात, केरल स्टार्ट-अप मिशन, आईआईएफएमआर कैटालिस्ट एआईसी इस साल पहले से ही शॉर्टलिस्ट किए गए इनक्यूबेटर्स में से हैं। एचडीएफसी बैंक के डीएमडी कैजाद भरुचा ने कहा कि हमारा परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम नवाचार को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### फतेहपुर में मालगाड़ियों की टक्कर, लोको पायलट जख्मी



**उत्तर प्रदेश।** यूपी के फतेहपुर में मंगलवार को एक मालगाड़ी ने दूसरी मालगाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। इस हादसे में लोको पायलट और मालगाड़ी के गार्ड के घायल हो गए। यह हादसा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर लाइन पर खागा कोतवाली के पांभीपुर गांव के पास हुआ।

### भोपाल में भीख देने और मांगने पर प्रतिबंध

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्राधिकारियों ने भीख मांगने और देने पर प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। राज्य के इंदौर जिले में भीख मांगने और देने पर पहले से प्रतिबंध लगा जा चुका है। भोपाल के जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 (2) के तहत जारी आदेश में भीख मांगने और देने पर प्रतिबंध लगा दिया।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने तलाश अभियान के दौरान बिष्णुपुर और टेंग्नौपाल जिलों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर जिले में खुगा नदी के तट के पास फोगाकचाओ ममांग लेइकाई इलाके में तलाश अभियान के दौरान एक मैगजीन सहित एक एके-47 राइफल, दो इंच का एक मोर्टार, दो एसएमजी कार्बाइन, मैगजीन सहित दो देसी नौ एमएम पिस्तौल, तीन हथगोले, दो आईईडी विस्फोटक, 20 जिलेटिन छड़ें और नौ एमएम के पांच कारतूस बरामद किए।

### शशि थरूर के खिलाफ मानहानि का मामला खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भाजपा के नेता राजीव चंद्रशेखर की ओर से कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत मंगलवार को खारिज कर दी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने थरूर को तलब करने से इनकार करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया शिकायत में 'मानहानि का कोई तत्व नहीं' बताया गया है। चंद्रशेखर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि थरूर ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिए गए साक्षात्कार में झूठी और अपमानजनक टिप्पणियां करके उन्हें बदनाम किया।

# मेयर बबला ने यूटी प्रशासक से मांगी तत्काल वित्तीय सहायता

## मेयर ने चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने मंगलवार को चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। कटारिया ने व्यापक जनहित से संबंधित विभिन्न प्रमुख मुद्दों को उठाया और एमसी चंडीगढ़ की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ इसके कर्मचारियों के कल्याण का आग्रह किया।

मेयर ने प्रशासक को बताया कि नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) शहर के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने और विकसित करने, स्वच्छता सुनिश्चित करने और बिना किसी लाभ, बिना नुकसान के आधार पर आवश्यक सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हालांकि, अपने अथक प्रयासों के बावजूद, निगम को गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे इन महत्वपूर्ण कार्यों को जारी रखने की उसकी क्षमता बाधित हो रही है।

उन्होंने आगे कहा कि एमसीसी की स्थापना के साथ, इंजीनियरिंग विभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी और फायर एंड इमरजेंसी विंग सहित चंडीगढ़ प्रशासन के कई विभागों को इसके अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, अधिसूचित क्षेत्र समिति, मनीमाजरा के कर्मचारी और जिम्मेदारियाँ भी एमसीसी के दायरे में आती हैं। इंजीनियरिंग विभाग में स्वयं सार्वजनिक स्वास्थ्य, बीएंडआर, बागवानी और इलेक्ट्रिकल विंग शामिल हैं।

### एमसीसी की जिम्मेदारियां और वित्तीय चुनौतियां

**एमसीसी** चंडीगढ़ प्रशासन से अनुदान सहायता पर अत्यधिक निर्भर है। उन्होंने आगे कहा कि एमसीसी की स्थापना के साथ, इंजीनियरिंग विभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी और फायर एंड इमरजेंसी विंग सहित चंडीगढ़ प्रशासन के कई विभागों को इसके अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, अधिसूचित क्षेत्र समिति, मनीमाजरा के कर्मचारी और जिम्मेदारियाँ भी एमसीसी के दायरे में आती हैं। इंजीनियरिंग विभाग में स्वयं सार्वजनिक स्वास्थ्य, बीएंडआर, बागवानी और इलेक्ट्रिकल विंग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एमसीसी संपत्ति कर और पानी के बिलों के माध्यम से कुछ राजस्व उत्पन्न करती है, लेकिन ये फंड शहर में नागरिक सुविधाओं को बनाए रखने की बढ़ती लागत को कवर करने के लिए अपर्याप्त हैं। मेयर ने प्रशासक के समक्ष कुछ प्रमुख मुद्दे भी उठाए, जिनमें सड़क अवसंरचना, हरित स्थान और सौंदर्यीकरण व स्वच्छता और पशु कल्याण आदि शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री धामी ने आईएसआई मार्क उत्पादों को खरीदने की दिलाई शपथ

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



▶ सीएम ने किया भारतीय मानक ब्यूरो, मानक मेले का शुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून में आयोजित भारतीय मानक ब्यूरो के स्टैंडर्ड क्लब कार्निवाल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और आईएसआई मार्क उत्पादों को खरीदने के लिए शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो का स्टैंडर्ड्स क्लब, हमारे छात्रों को गुणवत्ता और मानकीकरण का महत्व समझाने के साथ-साथ उनमें रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उसका स्थान इस बात पर निर्भर करता है कि वहां बनने वाले उत्पाद और सेवाएं कितनी विश्वसनीय, टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाली हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, भारतीय मानक ब्यूरो पिछले 78 वर्षों से राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। भारतीय मानक ब्यूरो ने विभिन्न क्षेत्रों में मानकीकरण के माध्यम से भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा भी की है। ब्यूरो द्वारा स्थापित मानक हमारे उद्योगों, व्यापार और सेवाओं के प्रमाणीकरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि आज भी जब हम कोई उत्पाद खरीदने जाते हैं, तो सबसे पहले यही देखते हैं कि उस उत्पाद पर आईएसआई मार्क है या नहीं। यदि आईएसआई मार्क होता है, तो हमें पूरा भरोसा हो जाता है कि यह उत्पाद गुणवत्ता और सुरक्षा के सभी मानकों पर खरा उतरेगा। ये अपने आप में भारतीय मानक ब्यूरो की विश्वसनीयता और उपभोक्ताओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए पर्याप्त है। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्र निर्माण, रोजगार और आर्थिक विकास में सीमेंट उद्योग की अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सीमेंट निर्माताओं के संघ (सीएमए) ने केंद्रीय बजट 2025-26 का स्वागत किया है, जिसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। सीएमए की सदस्य कंपनियां देश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। वे बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार बढ़ाने और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सीएमए का मानना है कि यह बजट भारत को आगे बढ़ाने के लिए लोगों, अर्थव्यवस्था और नई तकनीकों में निवेश को बढ़ावा देता है।

बजट पर टिप्पणी करते हुए, नीरज अखोरी, प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, सीमेंट लिमिटेड, ने कहा कि सीएमए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करता है, जो कि समग्र और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। बजट भारत के विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा को और सशक्त बनाता है। सरकार द्वारा घोषित विभिन्न पहलों ने लोगों की आकांक्षाओं और देश की आर्थिक वृद्धि की भविष्य की जरूरतों के बीच सही संतुलन बनाए रखा है। राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ी हुई निवेश प्राथमिकता सीमेंट क्षेत्र के विकास के लिए नए अवसर और रास्ते खोलती है। हम इंफ्रास्ट्रक्चर पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की सराहना करते हैं। साथ ही, हम राष्ट्र की प्रगति में साझेदार बनने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखेंगे।

# हरियाणा के हर जिले से शुरू होगी प्रयागराज के लिए बस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने महाकुंभ प्रयागराज के लिए विशेष बस सेवा की घोषणा की है, जो हरियाणा के सभी जिलों से चलाई जाएगी। यह बस सेवा 5 फरवरी से शुरू होगी। हर जिला मुख्यालय के मुख्य बस स्टैंड से सुबह 10 से 12 बजे के बीच चलकर यह बसें अगले दिन सुबह 5 बजे से 6 बजे के बीच प्रयागराज पहुंचेगी और शाम को भी प्रयागराज से वापसी की सुविधा उपलब्ध होगी।

यह विशेष बस सेवा महाकुंभ के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, ताकि हर कोई इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बन सके। विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए इसे प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे आसानी से धार्मिक यात्रा का लाभ उठा सकें। इसके अलावा, यह सेवा सभी श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग महाकुंभ में भाग ले सकें।विज ने महाकुंभ को भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताया और कहा कि यह यात्रा हरियाणा के लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक अहम अवसर है।

# हरियाणा वन्य जीव (संरक्षण) नियम 2024 को मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा वन्य जीव (संरक्षण) नियम, 2024 को मंजूरी दी गई। नए नियमों के तहत वन्य जीव विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकार के परमिट प्राप्त करने के लिए मानदंड स्थापित किए गए हैं।

हरियाणा वन्य जीव (संरक्षण) नियम, 1974 को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत निरस्त कर दिया गया है, और हरियाणा वन्यजीव (संरक्षण) नियम, 2024 को हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया। हरियाणा वन्य जीव (संरक्षण) नियम, 2024 के तहत वन्य जीव विभाग से परमिट और अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में जनता के लिए दिशा-निर्देश और प्रक्रियाएं तैयार की गई हैं। ये नियम वन्य जीव शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान या वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित परमिट देने के लिए विस्तृत प्रक्रिया और निर्धारित प्रारूप प्रदान करते हैं। वे विशेष उद्देश्यों के लिए निर्दिष्ट पौधों के संरक्षण के लिए परमिट देने की प्रक्रियाओं और प्रारूपों को भी रेखांकित करते हैं।

इसके अलावा, इन नियमों के तहत, अभयारण्यों की सीमाओं के भीतर भूमि पर सर्वेक्षण या जांच करने के लिए लोगों के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया और निर्धारित प्रारूप भी बनाया गया है।

## देश-विदेश

# अब चीन ने अमेरिका के उत्पादों पर लगाया 15 फीसदी टैरिफ

**एजेंसी, बीजिंग**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ फैसले से दुनियाभर में खलबली मची हुई है। ट्रंप ने चीन से अमेरिका में जाने वाले सामानों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया है।

अब चीन ने भी अमेरिका से इंपोर्ट होकर आने वाले सामानों पर टैरिफ लगाना शुरू कर दिया है। चीन ने अमेरिका के कोयला और क्रूड ऑयल समेत कई उत्पादों पर 15 पर्सेंट तक टैरिफ थोप दिया है। चीन की तरफ से लगाए गए ये टैरिफ 10 फरवरी से लागू होंगे। साथ ही उसने अमेरिकी सर्च इंजन 'गूगल' की जांच सहित अन्य व्यापार संबंधी उपायों की भी घोषणा की है। चीन कहा गया कि अमेरिका की एकतरफा शुल्क वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। यह अपनी समस्याओं को हल करने में कोई मदद नहीं करेगा, बल्कि यह चीन तथा अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक व व्यापार सहयोग को नुकसान पहुंचाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत शुल्क मंगलवार से लागू हो गए। हालांकि ट्रंप ने अगले कुछ दिन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बातचीत करने की योजना बनाई है। हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ अलग-अलग वार्ताओं में ट्रंप ने दोनों देशों पर शुल्क लगाए जाने के फैसले के क्रियान्वयन पर कम से कम एक महीने के लिए रोक लगाने पर सहमति जताई है।

## दिल्ली पुलिस व निर्वाचन आयोग पक्षपाती : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर गुंडागर्दी करने का मंगलवार को आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस और निर्वाचन आयोग भाजपा के कार्यकर्ताओं को बचा रहे हैं, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। आतिशी ने दावा किया कि भारत में लोकतंत्र अब मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के हाथों में है और देश देख रहा है कि यह राष्ट्रीय राजधानी में जीवित रह पाता है या नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा खुलेआम गुंडागर्दी कर रही है लेकिन दिल्ली पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें बचा रही है जबकि निर्वाचन आयोग शिकायत करने वालों के खिलाफ मामले दर्ज कर रहा है।

# यूरोपीय संघ के नेताओं ने सैन्य क्षमताएं बढ़ाने पर दिया जोर

**एजेंसी, ब्रुसेल्स**

**यूरोपीय** संघ (ईयू) के नेताओं ने अपनी पहली रक्षा बैठक में सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने, रक्षा वित्तपोषण में बढ़ोतरी और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैन्य उपकरण उत्पादन में तेजी लाने के लिए यूरोपीय रक्षा उद्योग को मजबूत करने की तत्काल जरुरत पर जोर दिया।

कोस्टा के अनुसार, 23 यूरोपीय संघ के सदस्यों के बीच रक्षा व्यय में 2021 और 2024 के बीच 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल घरेलू उत्पाद का औसतन 2 प्रतिशत रक्षा के लिए आवंटित किया गया। यूरोपीय निवेश बैंक ने रक्षा वित्तपोषण के लिए अपने समर्थन का विस्तार किया है, जबकि अतिरिक्त वित्तपोषण पर चर्चा चल रही है, विशेष रूप से 2028 में शुरू होने वाले अगले यूरोपीय संघ के बजट चक्र के लिए। नाटो महासचिव मार्क रूटे और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर भी बैठक में शामिल हुए।

यूक्रेन में चल रहा संघर्ष एक केंद्रीय विषय बना रहा। यूरोपीय संघ के नेताओं ने यूक्रेन को जब तक जरूरी हो समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। कोस्टा ने जोर देकर कहा कि यूरोपीय संघ अब इस बात पर बहस कर रहा है कि अपनी रक्षा को कैसे अधिक सक्षम बनाया जाए, ताकि स्वतंत्र यूरोपीय सुरक्षा ढांचे के निर्माण की तत्काल जरुरत पूरी हो सके।

## राष्ट्रपति पर टिप्पणी के मामले में रांची में सोनिया-राहुल के खिलाफ शिकायत

**एजेंसी, रांची**

**संसद** के बजट सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी और राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर रांची के एससी-एसटी थाने में लिखित शिकायत दी गई है। रांची की नामकुम की रहने वाली अंजली लकड़ा ने शिकायत में कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों को अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) समुदाय का अपमान बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकयत में कहा कि 31 जनवरी को संसद में बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर 'बोरिंग' शब्द का इस्तेमाल किया।

# हम तीन सदस्यीय निकाय हैं, नहीं करता कोई संचालित : ईसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



▶ 'आप' के आरोपों पर पलटवार

**आम** आदमी पार्टी (आप) की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार पर लगाए गए आरोपों के बाद निर्वाचन आयोग (ईसी) ने पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि ईसी तीन सदस्यीय निकाय है, जिसने दिल्ली विधानसभा चुनाव में चुनाव प्राधिकरण को बदनाम करने के लिए 'जानबूझकर बार-बार दबाव बनाए जाने की रणनीति' का सामूहिक रूप से संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा कि ऐसी धारणा बनाई जा रही है कि निर्वाचन आयोग एक सदस्यीय निकाय है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि संवैधानिक संयम बरतने, ऐसे आरोपों को समझदारी दिखाते हुए धैर्यपूर्वक झेलने तथा ऐसे आक्षेपों से प्रभावित न होने का निर्णय लिया है।

'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं ने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग भाजपा की ओर से चुनाव आचार संहिता के कथित उल्लंघन को नजरअंदाज कर रहा है।

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंध पहले से मजबूत : जयशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि इतनी अस्थिर और अनिश्चित दुनिया में भारत-यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंधों का होना 'स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण कारक' हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संबंध पहले से भी अधिक मजबूत हुए हैं।

आईआईसी-ब्रूगेल वार्षिक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना यह भी कहा कि हमारे अपने महाद्वीप में, अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना की गई है, जिसके गंभीर परिणाम हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि लोकतंत्र और सैन्य शासन जैसे सवाल पर भी पूर्व में हमारे पड़ोसियों और पश्चिम में हमारे पड़ोसियों के लिए अलग-अलग मानदंड लागू किए गए हैं। जयशंकर ने कहा कि दुनिया इस समय दो बड़े संघर्षों से गुजर रही है, इन्हें अक्सर सिद्धांत के मामले के रूप में पेश किया जाता है। हमें बताया जाता है कि विश्व व्यवस्था का भविष्य ही दांव पर लगा है। फिर भी, रिकॉर्ड से पता चलता है कि इन सिद्धांतों को कितने चुनिंदा और असमान रूप से लागू किया गया है।

## दबाव में नहीं बंद हुई हिंडनबर्ग : एंडरसन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अनुसंधान एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नैट एंडरसन ने कहा कि वह अपनी कंपनी का कारोबार किसी कानूनी या अन्य खतरे या दबाव के कारण नहीं समेट रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह उनके की ओर से जारी की गई सभी रिपोर्ट पर अब भी कायम हैं। हिंडनबर्ग की जनवरी, 2023 की रिपोर्ट, जिसमें अडाणी समूह पर 'कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी' का आरोप लगाया गया था, वह मीडिया में समूह के खिलाफ प्रसारित खबरों का परिणाम थी।



# सेंसेक्स में 1397 अंक की तेजी निफ्टी भी 378 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** मंगलवार को 1397 अंक की तेजी के साथ 78,583 के स्तर पर कारोबार बंद हुआ। निफ्टी में भी 378 अंक की तेजी रही, ये 23,739 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और 5 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 में तेजी और 11 में गिरावट रही।

एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में एफएमसीजी सेक्टर को छोड़कर सभी सेक्टर बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.70 फीसदी की तेजी रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैक्सिको और कनाडा से आने वाले सामनों पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को 30 दिन के लिए टाल दिया है। इससे निवेशकों की चिंता कम हुई। इससे पहले ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको से इंपोर्ट पर अतिरिक्त 25 फीसदी और चीन से आने वाले सामान पर 10 फीसदी ड्यूटी लगाने का फैसला किया था

# इसराइल की कार्रवाई कर रही गाजा युद्ध विराम समझौते को कमजोर : यूएन एजेंसी

**एजेंसी, रामल्लाह**

**फिलिस्तीन** शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने चेतावनी दी है कि पश्चिमी तट में चौंकाने वाले दृश्य गाजा में हुए युद्धविराम को कमजोर करते हैं और नए सिरे से तनाव बढ़ने का खतरा पैदा करते हैं।

यूएनआरडब्ल्यूए ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि इसराइल सुरक्षाबलों के नियंत्रित विस्फोटों की एक सीरीज ने जेनिन कैंप के बड़े हिस्से को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। उसे विध्वंस के बारे में कोई पूर्व चेतावनी नहीं मिली थी, जिससे नागरिकों की जान जोखिम में पड़ गई। यूएनआरडब्ल्यूए ने कहा कि कैंप के निवासियों ने लगभग दो महीने तक लगातार और बढ़ती हिंसा का सामना किया है। पिछले महीनों में, जेनिन कैंप एक भूत शहर बन गया है। इससे पहले दिन में, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने के लिए वेस्ट बैंक में अपने युद्ध के विस्तार की निंदा की।

उन्होंने इस तरह की कार्रवाइयों के खतरनाक परिणामों की चेतावनी दी। फिलिस्तीनी राष्ट्रपति के प्रवक्ता नबील अबू रुदीनेह ने चेतावनी दी कि चल रहे इसराइली आक्रामकता से और अधिक बढ़ोतरी होगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि फिलिस्तीनी लोग विस्थापन या वैकल्पिक मातृभूमि की किसी भी योजना को स्वीकार नहीं करेंगे।

# लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंग्लैंड में 1252 करोड़ में खरीदी टीम

## द हंड्रेड लीग में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए लगाई बोली

**एजेंसी, लंदन**



फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स का मालिकाना हक रखने वाले आरपीएससी ग्रुप ने सोमवार को इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड की टीम मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के ऑपरेशन के लिए लंकाशर के साथ पार्टनरशिप का अधिकार हासिल कर लिया। क्रिकइंफो के अनुसार, संजीव गोयनका के आरपीएससी समूह ने इंग्लिश फ्रेंचाइजी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए करीब 1252 करोड़ रुपए की सबसे ऊंची बोली लगाई। समूह ने शुक्रवार को 'लंदन स्पिरिट' के लिए असफल बोली लगाई थी। इस नीलामी को सिलिकॉन वैली के एक टेक कंसोर्टियम ने जीता था।

### अगले 8 हफ्ते में सौदे की शर्तों पर होगी चर्चा

**रिपोर्ट** के मुताबिक, दोनों पक्ष (लंकाशर और आरपीएसजी समूह) अब 8 हफ्ते तक इस सौदे की शर्तों पर चर्चा करेंगे। लंकाशर ने पहले सुझाव दिया है कि वे अपने 51 प्रतिशत हिस्सेदारी में से कुछ को बेचने के बारे में चर्चा के लिए तैयार हैं। हालांकि यह रकम इतनी अधिक होनी चाहिए कि वे अपने बैंक ऋण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा चुकाने में सक्षम हो।

### गोयनका ने 2 साल पहले एसए20 में खरीदी थी लीग

**आरपीएसजी** ग्रुप के अध्यक्ष और संस्थापक गोयनका ने 2022 में एसए20 में डरबन फ्रेंचाइजी खरीदने से पहले 2021 में आईपीएल में लखनऊ फ्रेंचाइजी को 7,090 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे पहले राइजिंग पुणे सुपरजायंट के मालिक भी रहे। आरपीएसजी ग्रुप ने 2016 और 2017 के आईपीएल सीजन में भाग लिया था, जब चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स निलंबित थे।

# सैमसन अगर इसी तरह आउट होते रहे तो उनका दिमाग उनके साथ चलने लग जाएगा चालें : अश्विन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने टी20 के स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन की खराब फॉर्म पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर उन्हें मौजूदा मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिला तो उनके दिमाग पर नकारात्मक पक्ष हावी हो जाएगा और वह उनके साथ चालें चलना शुरू कर देगा। अपनी दाहिनी तर्जनी में फ्रैक्चर के कारण एक महीने के लिए बाहर होने वाले 30 वर्षीय सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न हुई पांच मैच की सीरीज में केवल 51 रन ही बना सके। इस दौरान वह इंग्लैंड की तेज गति और शॉर्ट पिच गेंदों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए।

अश्विन ने कहा, ''अगर एक बल्लेबाज के तौर पर संजू इसी तरह आउट होते रहे तो उनका दिमाग ही उनके साथ चालें चलना शुरू कर देगा।'' उन्होंने कहा, ''आपका दिमाग आपको यह सोचने के लिए मजबूर कर देगा कि गेंदबाज एक निश्चित तरीके से गेंदबाजी कर रहा है और मैं इस तरह से आउट हो रहा हूं। क्या गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहा है या क्या मुझमें कोई कमी है? क्या मैं इससे सामंजस्य बिठा पाऊंगा? एक बार जब मन में इतने सारे सवाल उठने लग जाते हैं तो मुश्किलें बढ़ जाते हैं।'' अश्विन ने वन डे टीम से बाहर चल रहे टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म पर भी चिंता व्यक्ति की और उन्हें अपना दृष्टिकोण बदलने की सलाह दी। सूर्यकुमार इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच में केवल 28 रन ही बना सके। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल पर कहा, ''मैं समझ सकता हूं कि यह एक या दो मैचों में ऐसा हो रहा है, लेकिन यह काफी आश्चर्यजनक है।''

उन्होंने कहा, '' आपको स्वच्छंद होकर खेलना चाहिए लेकिन जब आपको पता होगा कि आप पर एक निश्चित तरीके से आक्रमण किया जा रहा है तो इस तरह की गेंदों को खेलने के लिए आपका एक अलग दृष्टिकोण होना चाहिए या बस उससे बचना चाहिए। आपको गेंदबाज को आपके मजबूत पक्ष के अनुसार गेंदबाजी करने के लिए मजबूर करना चाहिए।'' अश्विन ने कहा, ''सूर्यकुमार यादव बेहद अनुभवी खिलाड़ी है। वह बेहद क्षमतावान खिलाड़ी है और कोई भी कह सकता है कि वह भारतीय बल्लेबाजी में बदलाव लेकर आए और उन्होंने एक रास्ता दिखाया, लेकिन अब समय आ गया है कि वह कुछ समय निकालें और अपना दृष्टिकोण बदलें।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### जैक कैलिस हैं 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' खिलाड़ी : रिकी पोंटिंग



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने विवियन रिचर्ड्स, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली को नजरअंदाज किया है। दरअसल, पोंटिंग ने उस खिलाड़ी के बारे में बात की है जिसे वह 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' मानते हैं। पोंटिंग ने अब तक के क्रिकेट इतिहास में सबसे बेहतरीन क्रिकेटर के तौर पर सचिन और रिचर्ड्स को नहीं चुना है, बल्कि साउथ अफ्रीका के महान ऑलराउंडर जैक कैलिस को चुना है। पोंटिंग से 'द हॉवी गेम्स' पॉडकास्ट पर अब तक के सबसे महान क्रिकेट खिलाड़ी के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब में जैक कैलिस का नाम लिया है। कैलिस अब तक खेले गए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर हैं। मुझे परवाह नहीं है... मुझे बाकी सबकी परवाह नहीं है। कैलिस मेरे लिए पूर्ण विराम हैं। 13,000 रन 44 या 45 टेस्ट शतक और 300 विकेट, उनका यह करियर शानदार है। आप 300 टेस्ट विकेट ले सकते हैं, और आप 45 टेस्ट शतक भी लगा सकते हैं लेकिन एक साथ दोनों कारनामें को अंजाम देना हैरानी भरा है, जैक ने दोनों ही हासिल किए हैं।

### अमतर स्टेडियम में ऊना और लाहौल स्पीति के बीच ड्रॉ रहा क्रिकेट मैच

**अनंत ज्ञान, नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अमतर में ऊना व लाहौल स्पीति की अंतर जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का पहला तीन दिवसीय मैच ड्रा रहा। ऊना की टीम ने पहली पारी में 90.3 ओवर में 306 रन बनाए। मुकाबले में लाहौल-स्पीति की टीम ने पहली पारी में 94 ओवर में 358 रन बनाए। बल्लेबाज सिद्धांत डोगरा ने 35,रवि ठाकुर ने 28, अमित ठाकुर ने 86,अंकुश ठाकुर ने 42 ,अमन जैवाल ने 45 रन लिए, जबकि युतिश जंवाल 46 रन बनाकर और अजय 39 रन बनाकर नाबाद रहा। लाहौल-स्पीति की टीम ने 52 रन की लीड ली। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि ऊना की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज विनय ने 4, राधव ने 5 व हरित्क ने 1 विकेट झटकी। ऊना की टीम ने दूसरी पारी खेलते हुए 46 ओवर में 5 विकेट खोकर 135 रन बनाए। बल्लेबाज अनिरूद्ध शारदा ने 47 जबकि पृथ्वी राज ने 64 रन बनाए। लाहौल स्पीति की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज अमन जैनवाल ने 1 तथा अप्रवल राव ने 3 विकेट ली। उन्होंने बताया कि ऊना व लौहल स्पीति के बीच खेला गया क्रिकेट मैच ड्रा रहा।

### खूबसूरती में जेहरा के आगे मॉडल्स भी फेल

**तुर्की।** वॉलीबाल खिलाड़ी जेहरा गुन्स के आगे मॉडल भी फीकीं हैं। वह खेल के साथ-साथ खूबसूरती को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहती हैं। जेहरा के इंस्टाग्राम पर करीब 27 लाख फॉलोअर्स हैं।




### चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली और रोहित शर्मा की फॉर्म महत्वपूर्ण : रैना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने मंगलवार को कहा कि कप्तान रोहित शर्मा और लंबे समय से टीम के उनके साथी विराट कोहली भले ही पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हों लेकिन उनका फॉर्म आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की सफलता की कुंजी होगा। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरू होगी और नौ मार्च तक चलेगी। भारत हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। रैना ने कहा, ''रोहित शर्मा का स्ट्राइक रेट 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के बाद काफी सुधरा है। तब से उन्होंने 119-120 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं जिससे वह भारत के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''रोहित और विराट के लिए मैं कहूंगा कि जब आपके पास पिछले अच्छे प्रदर्शनों का मजबूत रिकॉर्ड होता है तो यह आपको बहुत आत्मविश्वास देता है। वे एक-दूसरे का अच्छा साथ देते हैं और दोनों में बड़ी पारियां खेलने का कौशल है। अगर वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अभियान को बहुत फायदा होगा।''

### कार्लसन ने फिडे प्रमुख पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए मांगा इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मैगनस कार्लसन ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अरकडी ड्वोरकोविच पर ''खिलाड़ियों के साथ जबरदस्ती करने, सत्ता के दुरुपयोग और वादों को तोड़ने' का आरोप लगाते हुए इस्तीफे की मांग की है। कार्लसन की यह मांग इस वैश्विक खेल निकाय और उनके द्वारा सह-स्थापित 'फ्रीस्टाइल टूर' के बीच एक समझौते की बातचीत विफल होने के बाद आई है। फिडे ने सोमवार को बताया था कि कार्लसन और जर्मनी के उद्यमी जान हेनरिक ब्यूटनर द्वारा सह-स्थापित फ्रीस्टाइल शतरंज टूर के बीच 'विश्व चैम्पियनशिप' शब्द को लेकर आम सहमति बनाने के प्रयास विफल हो गए हैं। फिडे ने इस टूर के आयोजनों में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों से आधिकारिक विश्व चैंपियनशिप चक्र के लिए पात्र बने रहने के लिए हस्ताक्षर करने के लिए भी कहा था। फ्रीस्टाइल टूर ने फिडे की प्रतिक्रिया की आलोचना की लेकिन इस साल अपने ग्रैंड फिनाले के लिए विश्व चैम्पियनशिप शब्द के उपयोग को स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की।

# एमआई केपटाउन के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत कप्तान राशिद

**एजेंसी, गक्बेरहा**



एसए 20 के तीसरे सत्र में एमआई केपटाउन के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत कप्तान राशिद खान ने कहा कि वह उसी तरह से कप्तानी करना चाहते थे जैसी पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की थी। पिछले दो सत्र में खराब प्रदर्शन और प्लेआफ में जगह नहीं बना पाने के बाद एमआई केपटाउन एसए20 के तीसरे सत्र में नौ मैचों में छह जीत दर्ज करके तीस अंक के साथ शीर्ष पर है।

राशिद की कप्तानी में पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की टीम ने सभी को चौंकाते हुए सुपर आठ चरण में आस्ट्रेलिया को हराया और फिर अंतिम चार में पहुंची थी। राशिद ने पार्ल रॉयल्स के खिलाफ पहले क्वालीफायर की पूर्व संध्या पर मीडिया से कहा,''मैं एमआई केपटाउन की कप्तानी उसी तरह से करना चाहता था जैसे विश्व कप में अफगानिस्तान के लिये की थी। कोच रॉबी पीटरसन ने भी मुझसे यही कहा। इस साल मैं खिलाड़ियों को बेहतर समझता था और उनके साथ काफी समय बिताया था जिससे मुझे पता था कि किस गेंदबाज का इस्तेमाल कब करना है।'' उन्होंने कहा,''सबसे अहम बात खिलाड़ियों से स्पष्ट संवाद रखना था। उन्हें पता होना चाहिए कि कप्तान के दिमाग में क्या चल रहा है और मुझे पता होना चाहिये कि वे क्या सोच रहे हैं।

### उत्तराखंड में नेशनल गेम्स में हिमाचल स्विमिंग टीम ने किया बेहतर प्रदर्शन

# शिमला की रित्वि ने पांच स्विमिंग इवेंट में रचा इतिहास



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उत्तराखंड में आयोजित नेशनल गेम्स में हिमाचल स्विमिंग टीम के वरिष्ठ कोच एवं टीम मैनेजर इशान अख्तर ने बताया कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित 38वें नेशनल गेम्स-2025 में हिमाचल के विभिन्न जिलों से संबंधित भूषण ठाकुर, नेहा चौहान, रित्वि गुप्ता, मनसिहज सिंह ने नेशनल गेम्स उत्तराखंड में स्विमिंग चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन किया।

इशान अख्तर ने बताया कि पुरुष वर्ग में भूषण ठाकुर 50 मीटर फ्री-स्टाइल एवं 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, मनसहज सिंह 50 मीटर बैक स्ट्रोक, तथा महिला वर्ग में नेहा चौहान 50 मीटर फ्रीस्टाइल, रित्वि गुप्ता 100 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक 200 मीटर बैकस्ट्रोक एवं 50 मीटर बटरफ्लाई इत्यादि इवेंट में भाग लिया। 6 फरवरी को स्विमिंग हैड आफिस बिलासपुर पहुंचने पर होगा खिलाड़ियों का भव्य स्वागत।

इसके अलावा शिमला की रित्वि गुप्ता ने पांच स्विमिंग इवेंट में भाग लेकर हिमाचल में इतिहास रचा है। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय धीमान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के वाटर स्पोर्ट्स संबंधित खेलों में सिर्फ स्विमिंग गेम्स के ही चार खिलाड़ी नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई हुए थे। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के अंतर्गत उत्तराखंड में आयोजित 38 वें गेम्स नेशनल में खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन हेतु कोच एवं खिलाड़ी बधाई के पात्र है।

# सुमित रोसारियो चैलेंजर के प्री-क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल अर्जेंटीना के रोसारियो में चल रहे 2025 रोसारियो चैलेंजर में स्थानीय खिलाड़ी रेनजो ओलिवो की कड़ी चुनौती से पार पाकर प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त नागल ने अपनी दृढ़ता और धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए सोमवार को ओलिवो पर 5-7, 6-1, 6-0 से जीत हासिल की। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के त्सेंग चुन-हसिन और बोलिविया के ह्यूगो डेलिएन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



# अनमोल ने राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता


**एजेंसी, देहरादून।** भारत की उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिला एकल फाइनल में शीर्ष वरीय अनुपमा उपाध्याय को सीधे गेम में हराकर स्वर्ण पदक जीता। एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रही हरियाणा की 18 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। अनमोल ने पिछले साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह दिसंबर में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। उन्होंने पिछले साल बेल्जियम और पोलिश इंटरनेशनल में खिताब जीते थे। राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन की अन्य स्पर्धाओं में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने मिश्रित युगल फाइनल में दीप रामभिया और अक्षय वारंग को 21-11, 20-22, 21-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष युगल में नितिन एचवी और प्रकाश राज एस ने एकतरफा फाइनल में वैभव और आशिथ सूर्या को 21-16, 21-14 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।



दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा को 21-16, 22-20 से हराया

# सूर्यकुमार भी उतरेंगे रणजी ट्रॉफी में

**एजेंसी, नई दिल्ली**



8 फरवरी को मुंबई का हरियाणा से क्वार्टर फाइनल

भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव रणजी ट्रॉफी 2024-25 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मुंबई के लिए खेलेंगे। उनके अलावा, शिवम दुबे भी खेलते नजर आएंगे। दोनों खिलाड़ियों को क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए मुंबई की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। दोनों ने टूर्नामेंट के इस सीजन में एक-एक मैच खेला है। 42 बार की चैंपियन मुंबई का सामना क्वार्टर फाइनल में हरियाणा से होगा। यह मुकाबला लाहली के चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में 8 फरवरी से खेला जाएगा। वहीं, रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी इस सीजन रणजी ट्रॉफी खेले थे।

सूर्या रणजी के पहले लेग में अक्तूबर में महाराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले के लिए टीम का हिस्सा थे। महाराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले में सूर्या पहली पारी में 7 रन ही बना सके थे, दूसरी पारी में बैटिंग नहीं आई थी। वहीं, दुबे जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेले गए मैच का हिस्सा थे। इस मैच में भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा और ओपनर यशस्वी जायसवाल भी शामिल थे। मुंबई की टीम यह मैच हार गई थी।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं सूर्या

**सूर्यकुमार** खराब फार्म से जुझ रहे है। उन्होंने हाल ही में खत्म हुई इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पांच मैचों में 5.60 के औसत से 28 रन बनाए। सूर्यकुमार इस दौरान दो मैचों में खाता भी नहीं खोल सके थे। हालांकि इनकी कप्तानी में टीम टी-20 सीरीज 4-1 से जीती।

# सोलन ने बिलासपुर को 121 रन से हराया

**संजीव पुरी, ऊना**

- विपिन ने दोनों पारियों में झटके आठ विकेट
- सोलन के दीपेंद्र राणा ने लगाया शतक

जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना पेखुवेला में तीन दिवसीय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर और सोलन के बीच में मुकाबला शुरू हुआ था। सोलन की टीम ने बिलासपुर को पराजित कर दिया। जिसमें सोलन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 135 रन बनाए, नमन वर्मा 61, पवन कुमार 34, रोहित ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 खिलाड़ियों को आउट किया, पीयूष ठाकुर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया

बिलासपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। संचित शर्मा 37 रन बनाए, पारस परिहार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 62 रन बनाए, दिग्विजय ने 24 उधर सोलन के विपिन ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, पारस ने चार खिलाड़ियों आउट किया, राहुल कुमार ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। सोलन ने अपनी दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 307 रन बनाकर पारी को घोषित कर दिया। दीपेंद्र राणा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया, और टीम के लिए 126 रन का योगदान दिया, अनूप ठाकुर शतक से चुके, 99 रन बनाकर आउट हो गए, अनिरुद्ध ठाकुर ने 30 रन बनाए। बिलासपुर के रोहित ठाकुर, पीयूष ठाकुर, दिग्विजय और मन्नत भारद्वाज ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। बिलासपुर की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 10 विकेट पर 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसमें आदित्य कटारिया ने 26, पारस परिहार ने 40 रन बनाए, प्रशांत रघु ने 21 रन बनाए। दूसरी पारी में सोलन की ओर से विपिन ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया नोनिहाल ने भी 4 खिलाड़ियों को आउट किया। पारस ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस मुकाबले में सोलन ने बिलासपुर को 121 रन से हराया।

# टाटा स्टील शतरंज चैंपियन प्रज्ञानंदा का स्वदेश पहुंचने पर जोरदार स्वागत

**एजेंसी, चेन्नई**



नीदरलैंड में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले आर प्रज्ञानंदा का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। तमिलनाडु सरकार और राष्ट्रीय महासंघ के अधिकारियों के साथ-साथ सैकड़ों प्रशंसक हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। चेन्नई के 19 वर्षीय खिलाड़ी प्रज्ञानंदा ने रविवार को मौजूदा विश्व चैंपियन और हमवतन डी गुकेश को हराकर पहली बार टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट का ताज अपने नाम किया, जो उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

प्रज्ञानंदा ने कहा, ''मैं बहुत खुश हूं कि यह टूर्नामेंट जीतने में सफल रहा। यह देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा कि टाईब्रेकर भारत, तमिलनाडु के दो खिलाड़ियों के बीच खेला गया। हम दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें (डी गुकेश) भी बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने वास्तव में अच्छा खेल दिखाया।'' प्रज्ञानंदा और गुकेश दोनों अपने 13वें दौर के मुकाबले में हारने के बाद 8.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। इसके बाद टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें प्रज्ञानंदा ने 2-1 से जीत हासिल की। विश्वनाथन आनंद के बाद प्रज्ञानंदा टाटा स्टील शतरंज खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। आनंद 2003, 2004 और 2006 में इस टूर्नामेंट में विजेता रहे थे। तब इसे कोरस शतरंज टूर्नामेंट के नाम से जाना जाता था।

**क्रिकेट** 14 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय करियर में 99 टेस्ट मैचों में 7,172 रन बनाए

# 100वां टेस्ट खेलकर संन्यास ले लेंगे करुणारत्ने

**एजेंसी, गॉल**

श्रीलंका के पूर्व कप्तान दिमुथ करुणारत्ने अपना 100वां टेस्ट खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वीरवार से यहां शुरू होने वाला दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच उनका 100वां टेस्ट मैच होगा। श्रीलंका के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक 36 वर्षीय करुणारत्ने ने अपने लगभग 14 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय करियर में अभी तक 99 टेस्ट मैचों में 40 से थोड़ा कम की औसत से 7,172 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 34 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 50 एकदिवसीय मैचों में भी एक शतक और 11 अर्द्धशतक के साथ 1,316 रन बनाए हैं।



फाइल फोटो

'डेली एफटी' के अनुसार 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले करुणारत्ने ने कहा, ''एक टेस्ट खिलाड़ी के लिए एक साल में केवल चार टेस्ट खेलने और अपनी फॉर्म बनाए रखने के लिए खुद को प्रेरित रखना बहुत मुश्किल होता है।'' उन्होंने कहा, ''डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) शुरू होने के बाद पिछले दो-तीन वर्षों में हमने बहुत कम द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेली हैं। मेरी वर्तमान फॉर्म, मेरे 100 टेस्ट मैच पूरे करना और डब्ल्यूटीसी के वर्तमान चक्र (2023-25) का पूरा होना भी अन्य कारण हैं। मुझे लगा कि संन्यास लेने का यह सही समय है।''

करुणारत्ने की योजना अब अपने परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया में बसने की है। उन्होंने 2008 में सिंहली स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, ''मेरी अपनी कुछ निजी योजनाएं हैं। मैंने एंजी (एंजेलो मैथ्यूज) और चांडी (दिनेश चांडीमल) जैसे अन्य सीनियर खिलाड़ियों से बात करने के बाद संन्यास लेने का फैसला किया है।'' करुणारत्ने ने कहा, ''हम तीनों के एक ही समय में संन्यास लेने के बजाय, हमारे लिए एक-एक करके संन्यास लेना बेहतर होगा। मैंने सोचा कि मैं पहले संन्यास ले लूंगा, क्योंकि मुझे पता है कि जितने कम टेस्ट मैच खेले जा रहे हैं उन्हें देखते हुए मैं टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन बनाने के अपने अगले लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाउंगा।'' उन्होंने कहा, ''मैंने अब तक जो हासिल किया है उससे मैं खुश हूं। मैं अपने 100वें टेस्ट में खेलने जैसे सुखद पल के साथ अपने संन्यास की घोषणा करना चाहता हूं।''